सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 10 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 333, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 436 अंकों की गिरावट

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर पर घोषणा से पहले बैंकिंग और तेल शेयरों में मुनाफा वसूली से सेंसेक्स करीब 436 अंक टूट गया। } 14

## वंदे मातरम के दो टुकड़े न होते तो नहीं बंटता देश

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के दो टुकड़े न किये जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। } 16

संक्षेप

### अनिल अंबानी के बेटे पर मामला दर्ज

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के खिलाफ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से कथित 228 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को लेकर मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जय अनमोल अनिल अंबानी के आवास पर सीबीआई ने तलाशी भी ली। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने बैंक की ओर से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड , जय अनमोल अनिल अंबानी और रवींद्र शरद सुधाकर के खिलाफ शिकायत पर कार्वाई की।

### लाल किला विस्फोट के आरोपी की हिरासत सात दिन बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला के पास विस्फोट मामले के आरोपी आमिर राशिद अली की एनआईए हिरासत मंगलवार को सात दिन के लिए बढ़ा दी। उसे दो दिसंबर को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेजा गया था। लाल किला के पास विस्फोट में मदद करने के आरोपी जम्मू-कश्मीर निवासी आमिर को 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को उसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया। एनआईए ने इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा हुआ है। दस नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। यह कार उमर उन नबी चला रहा था। घटना में दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। कार आमिर राशिद अली के नाम से पंजीकृत पाई गई थी। एनआईए ने पूर्व के एक बयान में कहा था, आमिर कार की खरीद में मदद करने के लिए दिल्ली आया था।

### पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

शामली। जिले के थानाभवन क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी कुख्यात अपराधी मारा गया। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि थानाभवन क्षेत्र के भेसानी गांव में एक ईंट भट्टे के पास स्थित झोपड़ी में छह बदमाश छिपे हुए हैं जिसके बाद पुलिस ने एक अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पूरे इलाके को घेर लिया, जिसके बाद बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में कुख्यात अपराधी समय दीन उर्फ समा (35) मारा गया, जबकि अन्य पांच बदमाश फरार हो गए। सिंह के अनुसार, समय दीन एक वांछित अपराधी था। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लाल किला विस्फोट में एनआईए की छापेमारी

एजेंसी



जम्मू। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट की जांच के तहत मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम जिलों में कई जगहों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से एनआईए के अधिकारी उन दो आरोपियों डॉ. अदील राठेर और जसीर बिलाल वानी को साथ लेकर आए, जिन्हें सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। यह छापेमारी उन दो आरोपियों की निशानदेही पर की गई जिन्होंने जांचकर्ताओं को अनंतनाग के मट्टन वन क्षेत्र और कुलगाम के काजीगुंड क्षेत्र के वनपोरा में अपने ठिकानों के बारे में बताया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस की मदद से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कानून लोगों की सुविधा के लिए होने चाहिए : मोदी

### प्रधानमंत्री ने संसदीय दल की बैठक में राजग के सांसदों को दी नसीहत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्राथमिकता लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि कानून या नियम आम लोगों की सुविधा के लिए होने चाहिए और उनकी वजह से किसी निर्दोष भारतीय को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश अब पूरी तरह रिफॉर्म एक्सप्रेस के दौर में है, जहां सुधार तेजी से और स्पष्ट मंशा के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार सिर्फ अर्थव्यवस्था या राजस्व पर केंद्रित नहीं है, ये पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ सकें। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने सांसदों से कहा कि वे आम लोगों की वास्तविक समस्याएं नियमित रूप से साझा करें, ताकि रिफॉर्म एक्सप्रेस हर घर तक पहुंच सके और लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर हो सकें। सूत्रों के अनुसार, मोदी ने यह भी कहा कि वह 30-40 पन्नों वाले फॉर्म और बेवजह की कागजी कार्वाई की संस्कृति खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नागरिकों को सेवाएं उनके घर के द्वार पर मिलनी चाहिए और बार-बार एक ही जानकारी जमा कराने की व्यवस्था को पूरी तरह खत्म करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि सरकार ने लोगों पर भरोसा दिखाते हुए स्व-प्रमाणन की सुविधा दी थी, और पिछले 10 वर्षों में इसका कोई दुरुपयोग नहीं हुआ है, यह व्यवस्था बिल्कुल सफल साबित हुई है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता दोनों ही उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। बैठक की शुरुआत में मोदी को हाल में संपन्न बिहार चुनावों में राजग की शानदार जीत के लिए बधाई दी गई। संसद भवन परिसर में आयोजित राजग संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा मौजूद रहे। बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को बहुत अच्छे दिशानिर्देश दिए और यह संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का सबसे बड़ा मुद्दा रिफॉर्म एक्सप्रेस है। इस बैठक में राजग के सभी सांसद शामिल हुए। रीजीजू ने कहा, मैं इस बात पर बल देना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार की रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है और अब यह रुकेगी नहीं। यह सुधार देश के हर नागरिक की जिंदगी बदलने के लिए है। जब हम सुधार की बात करते हैं तो कुछ लोग इसे आर्थिक सुधार समझते हैं, कुछ राजनीतिक, कुछ प्रशासनिक या सांस्कृतिक सुधार। लेकिन सुधार का असली मतलब है-हर नागरिक के जीवन में बेहतरी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने इस पर बल दिया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विदेशी आक्रांता हमारे आदर्श नहीं हो सकते

### मुख्यमंत्री ने किया पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने सभाकक्ष का उद्घाटन

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने वाले लोग गुलामी की सोच से ग्रस्त हैं और ऐसे हमलावर कभी भारत के आदर्श नहीं हो सकते।

मुख्यमंत्री ने यहां सैनिक स्कूल में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि पर उनके नाम पर बने सभाकक्ष का उद्घाटन किया, उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। तमिलनाडु के कुन्नूर में आठ दिसंबर 2021 को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पंच प्रण की याद दिलाते हुए कहा कि क्या कोई सच्चा भारतीय है जो एक कमजोर या गरीब भारत चाहेगा? हर सच्चा भारतीय एक सुरक्षित, विकसित और आत्मनिर्भर देश चाहता है। अगर हम ऐसा भारत बनाना चाहते हैं, तो ये पांच संकल्प हमारी जिंदगी का हिस्सा बनने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहला संकल्प अपनी विरासत पर गर्व करने का है। हमें भगवान राम, भगवान कृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह जी और रानी लक्ष्मीबाई की विरासत पर गर्व है। जो समाज अपने नायकों को भूलता है, वह आगे नहीं बढ़ सकता। सीएम योगी ने कहा कि दूसरा संकल्प गुलामी की मानसिकता को पूरी तरह त्यागने का है। कुछ लोगों को लगता है कि विदेशी चीजें बेहतर और भारतीय चीजें कमतर हैं। यही गुलामी की सोच है। हमें सिकंदर को महान क्यों कहना चाहिए? महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोबिंद सिंह जी, पृथ्वीराज चौहान या जनरल बिपिन रावत को क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि हमारे नायक, हमारे बहादुर सैनिक और परमवीर चक्र विजेता हैं। विदेशी हमलावर हमारे लिए कभी महान या आदर्श नहीं हो सकते।

भारतीय उपलब्धियों की कीमत पर विदेशी विचारों की प्रशंसा करना औपनिवेशिक सोच है और इसे खत्म करना होगा। योगी ने तीसरे संकल्प सुरक्षा बलों का सम्मान का जिक्र करते हुए कहा कि सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बल देश की सुरक्षा के लिए निरंतर काम करते हैं। किसी एक व्यक्ति की गलती से पूरा संस्थान गलत नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री ने चौथे संकल्प सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने की कोशिशें देश के लिए हानिकारक हैं। बिना किसी का नाम लिये विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए समाज को बांटते हैं और सत्ता में आने पर सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाले मीर जाफर और जयचंद जैसा पाप करते हैं। जाति, क्षेत्र या ऐसी ही अन्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

- हर सच्चा भारतीय चाहता है सुरक्षित, विकसित और आत्मनिर्भर देश
- अधिकारों की लड़ाई में उलझा देश तरक्की नहीं कर सकता

## नेतन्याहू ने किया पीएम मोदी से मजबूत संबंधों का उल्लेख

एजेंसी



यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को संसद में दिए एक तेज तर्रार भाषण में देश के प्रबंधन को लेकर अपनी नीति का बचाव करते हुए कहा कि इस यहूदी राष्ट्र के खिलाफ बढ़ती यहूदी-विरोधी भावनाओं के बावजूद इजराइल को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत दुनिया के कई देशों एवं नेताओं का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त है।

नेतन्याहू ने संसद में तथाकथित 40 हस्ताक्षर बहस के दौरान यह बात कही। यह बहस ऐसा संसदीय तंत्र है जिसके तहत विपक्ष प्रधानमंत्री को महीने में एक बार इजराइली संसद क्नेसेट के समक्ष उपस्थित होने के लिए बाध्य कर सकता है। इस दौरान नेतन्याहू ने अपनी सरकार की नीतियों, खासकर इजराइल के विदेश संबंधों का जोरदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने कहा, आज इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। विपक्ष द्वारा लगाए गए इस आरोप का जवाब देते हुए कि इजराइल की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल हो चुकी है , नेतन्याहू ने तर्क दिया कि हमास के साथ दो वर्षों से युद्ध जारी होने के बावजूद इजराइल कूटनीतिक, सैन्य और आर्थिक स्तर पर अब भी मजबूत है। उन्होंने वैश्विक नेताओं के साथ अपने संबंधों को रेखांकित किया। नेतन्याहू ने कहा, दुनिया भर के अनेक देश और बहुत से विश्व नेता हमसे जुड़ना चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि चुनौतियां भी हैं। उन्होंने पश्चिमी देशों में बढ़ती यहूदी-विरोधी भावनाओं के लिए दो कारण बताए लगभग हर देश में, खासकर यूरोप में पहुंचे कट्टरपंथी मुस्लिम अल्पसंख्यक और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही यहूदी-विरोधी उकसावे वाली सामग्री। उन्होंने कहा, हम दुनिया भर में इस यहूदी-विरोध का मुकाबला कर रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि इसके बावजूद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देहरादून शहरी मॉडल के रूप में हो रहा स्थापित : धामी

### सीएम ने देहरादून नगर निगम के स्थापना दिवस पर दी 46 करोड़ की 16 परियोजनाओं की सौगात

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। देहरादून को एक आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और पूर्णतः विकसित शहरी मॉडल के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार 1400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी मिशन जैसी पहलों से देहरादून के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून नगर निगम के 27वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नगर विकास से जुड़ी 46 करोड़ रुपये से अधिक की 16 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर है। पिछले 27 वर्षों में नगर निगम ने देहरादून को एक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं वाले शहर के रूप में विकसित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून में तेजी से शहरी ढांचा बदल रहा है। कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन और वाहनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। शहर में 35 नए पार्कों का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कश्मीर में कड़ाके की सर्दी, तापमान शून्य से 2.4 डिग्री नीचे

### रूपनगर रहा सबसे सर्द, दर्ज किया गया 3.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

एजेंसी



जम्मू। कश्मीर में तापमान हिमांक बिंदु से नीचे पहुंच गया है और घाटी में ज्यादातर स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और मंगलवार को दोनों पड़ोसी राज्यों में रूपनगर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में अमृतसर का न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि लुधियाना और पटियाला में यह क्रमशः 9.2 और 10.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पठानकोट, बठिंडा, फरीदकोट और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 5.6 डिग्री सेल्सियस, 5.8 डिग्री सेल्सियस, 3.8 डिग्री सेल्सियस और पांच डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में सोमवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 2.4 डिग्री तापमान नीचे से कम है। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर में घाटी के प्रवेशद्वार काजीगुंड और उत्तर में कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर के रूप में कार्य करने वाले पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि गुलमर्ग में तापमान शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे और पुलवामा शहर में शून्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो जम्मू कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विभाग ने कहा कि 12 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। विभाग ने कहा कि 13 दिसंबर से कुछ दिनों तक कश्मीर के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है।



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 09.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

- दलहन और तिलहन उत्पादन प्रोत्साहन के लिए 301 करोड़ का अनुदान (पृष्ठ-02)
- यूपी सीएसआर राउंडटेबल में 30 से अधिक कंपनियों ने की सहभागिता (पृष्ठ-02)
- तेलंगाना ने निवेश समझौतों पर किये हस्ताक्षर (पृष्ठ-14)
- चीन ने शुल्क से हुए नुकसान का जिक्र किया (पृष्ठ-14)
- रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 89.88 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — यात्रियों को हुई भारी असुविधा को देखते हुए लिया गया फैसला, इंडिगो एयरलाइन सीईओ बोले – हमें माफ कर दो

## सरकार का इंडिगो पर कड़ा एक्शन, उड़ानों में 10 फीसद की कटौती

एजेंसी



नई दिल्ली। सरकार ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया है। विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। इससे पहले डीजीसीए ने एयरलाइन को उड़ानों में 5% कटौती का आदेश दिया था।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10% कटौती करने का कड़ा निर्देश दिया है। पिछले हफ्ते क्रू रोस्टर, फ्लाइट शेड्यूल और संचार की कमी जैसे आंतरिक कुप्रबंधन के कारण यात्रियों को हुई भारी असुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मंत्रालय का मानना है कि एयरलाइन के संचालन को स्थिर करने और रद्दीकरण की घटनाओं को कम करने के लिए यह कटौती जरूरी है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद इंडिगो अपने सभी मौजूदा गंतव्यों पर उड़ानें जारी रखेगी। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को मंगलवार को विमानन मं मंत्रालय में तलब किया गया, जहां उन्होंने हालात को स्थिर करने के लिए किए जा रहे उपायों पर अपडेट दिया। सीईओ ने पुष्टि की है कि 6 दिसंबर तक प्रभावित उड़ानों के लिए 100% रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मंत्रालय ने शेष रिफंड और यात्रियों के फंसे हुए सामान को जल्द से जल्द सौंपने के सख्त निर्देश दिए हैं। इंडिगो को किराया सीमा और यात्री सुविधा उपायों सहित मंत्रालय के सभी निर्देशों का बिना किसी अपवाद के पालन करने को कहा गया है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### इंडिगो ने छह हवाई अड्डों पर 422 उड़ानें रद्द कीं

मुंबई। इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान आठवें दिन भी जारी रहा और विमानन कंपनी ने मंगलवार को छह हवाई अड्डों से 422 उड़ानें रद्द कर दीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कुल 422 उड़ानों में से दिल्ली हवाई अड्डे पर 152 और बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 121 उड़ानें रद्द हुईं। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद में इंडिगो की 58 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि मुंबई में 41 उड़ानें रद्द की गई। उन्होंने बताया कि इंडिगो ने चेन्नई हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच, सरकार ने शीतकालीन कार्यक्रम के दौरान इंडिगो की उड़ान सेवा की संख्या में पांच प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है तथा विमानन कंपनी द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम के अनुसार उड़ाने संचालित करने में विफल रहने के बाद उड़ानों को अन्य हवाई अड्डों को देने का निर्णय लिया है।

## कोडीनयुक्त कफ सीरप की जांच के लिए एसआईटी गठित

### सुपर स्टॉकिस्ट के ठिकानों से छानबीन शुरू करेगी टीम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। कोडीनयुक्त कफ सीरप की अवैध बिक्री व तस्करी की गिरोह बनाकर अवैध रूप से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एस.आई.टी.) गठित कर दी गई है। इस सम्बंध में मंगलवार को गृह विभाग के सचिव मोहित गुप्ता की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

गठित कमेटी में एलआर कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, अध्यक्ष, सुशील घुले चन्द्रभान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, अखिलेश कुमार जैन, सहायक आयुक्त मुख्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सदस्य नामित किए गए हैं। एसआईटी टीम के जरिए कोडीन सीरप की तस्करी में अवैध रूप से हुये वित्तीय लेन-देन, सीरप का डायवर्जन होने, अन्तर्राज्यीय लिंकेज एवं अवैध रूप से अर्जित धन की अग्रिम जांच तथा प्रकरण से सम्बन्धित विदेश भागे हुए अपराधियों के प्रत्यर्पण की कार्यवाही करायी जायेगी। प्रकरण से सम्बन्धित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए उक्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडी विश्वविद्यालय में प्रथम अंतरराष्ट्रीय जॉर्जियन थियेटर का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन एवं रुस्तपेली नेशनल थियेटर एनजीओ एंड मिनिस्ट्री ऑफ कल्चरल जॉर्जिया के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन ने अपने छात्र मंच सेमियोटिक्स फोरम के साथ मिलकर कैंपस स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में प्रसिद्ध जॉर्जियन थिएटर प्रस्तुति मारिया कैलस का आयोजन किया गया। यह गौरवपूर्ण अवसर और भी विशेष बन गया जब बीबीडी यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति श्रीमती अलका दास गुप्ता,

प्रो चांसलर विराज सागर दास तथा बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हुआ और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन को विशिष्ट महत्व प्रदान किया साथ ही विश्वविद्यालय के वैश्विक दृष्टिकोण को रेखांकित किया।इस भव्य थिएटर शो में जॉर्जिया के 24 प्रसिद्ध कलाकारों ने भाग लिया, जिन्होंने 1960 के दशक की विश्व-प्रसिद्ध ओपेरा गायिका मारिया कैलस के जीवन और विरासत पर आधारित अद्भुत प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट अभिनय, आकर्षक पटकथा और विश्वस्तरीय मंच-सज्जा से सजी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम बीबीडी विश्वविद्यालय के प्रथम अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक एक्सचेंज के रूप में दर्ज हुआ, जो भारत और जॉर्जिया के बीच सांस्कृतिक सेतु को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन की उस शैक्षणिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करती है, जिसका उद्देश्य मीडिया शिक्षा को वैश्विक अनुभव, कलात्मक अभिव्यक्ति और अंतर्विषयक सीख के माध्यम से समृद्ध करना है। मीडिया स्टडीज में थिएटर







का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यह प्रदर्शन संचार, अभिव्यक्ति, कथा-निर्माण और अंतर-सांस्कृतिक कहानी कहने की सूक्ष्मताओं को समझने का मौका प्रदान करता है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक समृद्धि देते हैं, बल्कि उन्हें व्यापक वैश्विक दृष्टिकोण भी प्रदान करते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय थिएटर प्रदर्शन आगामी सत्र में शुरू होने वाले थियेटर एवं ड्रामैटिक्स कोर्स में छात्रों के लिए एक मूल्यवान शैक्षणिक अनुभव उपयोगी होगा, जिसमें उन्हें विश्व-स्तरीय कलाकारों से संवाद, विविध थिएटर तकनीकों की जानकारी और वैश्विक प्रदर्शन परंपराओं से सीधा परिचय प्राप्त हुआ। यह आयोजन बीबीडीयू के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ने के निरंतर प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के सराहना की गूँज तालियों की गड़गड़ाहट के साथ संपन्न हुआ, और बीबीडी विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक उपलब्धि के रूप में स्थापित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन प्रो डिम्पी मिश्रा, डीन, स्कूल ऑफ मीडिया कम्युनिकेशन एवं डॉ जेसी विक्रम, हेड, स्कूल ऑफ मीडिया कम्युनिकेशन बीबीडी यूनिवर्सिटी ने किया।

# गोशालाओं में किसी भी गोवंश की सर्दी से मौत न हो : धर्मपाल

## बजट उपलब्ध कराया जा रही अ ावश्यक धनराशि, भरण पोषण के लिए हो पूरा सदुपयोग हो,दुरुपयोग न हो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोशालाओं के आर्थिक स्वालम्बन के लिए आवश्यक है कि गोवंश पूरी तरह स्वस्थ रहे। इसलिए गोवंश के भरण पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा

- गोशालाओं को और अधिक व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाया जाये
- लघु पशु योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये
- किसानों का दुग्ध मूल्य भुगतान समय से हो : धर्मपाल सिंह



है। प्रति गोवंश हेतु प्रतिदिन भरण पोषण के लिए 50 रुपए धनराशि की व्यवस्था की गयी है। इस धनराशि का पूरा सदुपयोग किया जाए और इसमें कोई भी अनियमितता या फजीर्वाड़ा न हो।

कोई भी गोवंश भूखा न रहे और उसके स्वास्थ्य की पूरी निगरानी पशुचिकित्साधिकारी द्वारा की जाए। गोशालाओं में ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम किये जाए और किसी भी गोवंश की ठंड से मृत्यु न हो।

धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को और अधिक व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने के प्रयास अधिकारियों द्वारा किये जाए। राज्य सरकार गोसंरक्षण एवं गोआधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु गौ-दुग्ध, गोबर, गोमूत्र के व्यवसायिक उपयोग के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाये जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, पशु स्वास्थ्य एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए संचालित योजनाओं की रीयल टाइम मॉनीटरिंग की जाए। लघु पशु योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। गोआश्रय स्थल के प्रभारी, पशुचिकित्साधिकारी, औषधियों, भूसा एवं अन्य चारा मात्रा तथा गुणवत्ता की निगरानी करते रहें।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशुपालकों एवं कृषकों की भागीदारी बढ़ाये जाने हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए। किसानों का दुग्ध मूल्य भुगतान समय से हो। दुग्ध उत्पादकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार करके दुग्ध उत्पादन की क्षमता में वृद्धि करने हेतु पीसीडीएफ की पशुआहार निर्माणशाला में निर्मित पशुआहार एवं मिनरल मिक्चर के साथ-साथ दवाओं (डिवार्मिंग, थनैला एवं टिक कन्ट्रोल) के वितरण की कार्यवाही निर्धारित समय में पूरी की जाए।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 7664 दुग्ध समितियां कार्यरत हैं। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत 2250 समिति गठन का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। पंजीकृत पोर्टल पर 2470 निबंधित समितियां हैं। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि किसानों और पशुपालकों के हित में जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं उनको निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाए। किसानों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान समय से किया जाए और दुग्ध समितियों के दुग्ध उपार्जन की विस्तृत रिपोर्ट दुग्ध संघों से प्राप्त की जाए।

बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पीसीडीएफ के एमडी वैभव श्रीवास्तव, विशेष सचिव दुग्ध राम सहाय यादव, पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डा. मेम पाल सिंह तथा संयुक्त निदेशक डा. पीके सिंह अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दलहन और तिलहन उत्पादन प्रोत्साहन के लिए 301 करोड़ का अनुदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि विभाग, राज्य के किसानों की आय और उत्पादन में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है। वर्तमान रबी मौसम 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसलों के आच्छादन द्वारा लगभग 500 लाख मी.टन रिकॉर्ड उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष के उत्पादन लक्ष्य से 21 लाख मी.टन अधिक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीजों के वितरण और अनुदान राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।

- अब तक का सर्वाधिक 11.12 लाख क्विंटल बीज का वितरण

कृषि विभाग द्वारा निर्धारित उत्पादन की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए, प्रमुख निवेश के रूप में बीज की उपलब्धता को विगत वर्ष 2024-25 के 7.86 लाख कुं. से बढ़ाकर वर्तमान रबी मौसम 2025-26 में 11.12 लाख कुं. का वितरण कराया गया है। विशेष रूप से, दलहन और तिलहन के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि से लगभग 6.30 लाख किसानों को 23,160 कुं. बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया गया। गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, तोरिया, राई/सरसों एवं अलसी फसलों के लिए 10.89 लाख कुं. अनुदानित बीज पीओएस मशीन के माध्यम से 50% की सीमा तक एट सोर्स अनुदान पर वितरित किया गया, जिस पर लगभग 277 करोड़ रुपये के अनुदान का लाभ किसानों तक पहुंचाया गया। यह वितरण और अनुदान राशि दोनों ही विगत वर्ष के सापेक्ष क्रमशः 3.26 लाख कुं. और 86 करोड़ रुपए अधिक है। कृषि विभाग द्वारा रबी मौसम में 11.12 लाख कुं. बीज का वितरण और 301 करोड़ रुपये का अनुदान अब तक का सर्वाधिक है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि रबी का रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त करने के लिए न केवल गेहूं के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो, बल्कि दलहन एवं तिलहन के उत्पादन में भी रिकॉर्ड वृद्धि की जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इसके अतिरिक्त, दलहन और तिलहन के रिकॉर्ड उत्पादन से जनमानस के भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि होगी, साथ ही दाल और तिलहन के आयात में व्यय होने वाली बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत भी की जा सकती है।

# आजमगढ़ के 6 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम किये डिलीट : सपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में जमा किये गये मतदाता पंजीकरण प्रपत्रों को भारत निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों के अनुरूप सम्बन्धित मतदान केन्द्रों में पंजीकरण किया जाये व आजमगढ़ की सभी विधान सभाओं में 6 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम डिलीट कर दिये जाने की साजिश की जांच कराई जाये और बस्ती, अमरोहा, कानपुर देहात व बाराबंकी की शिकायतों को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही किया जाये जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अधिकृत प्रत्याशी हैं। आशुतोष सिन्हा द्वारा स्वंय तथा अपने परिवार के सदस्यों के मतदाता पंजीकरण प्रपत्र एक साथ भरकर राजकीय क्विंस कालेज वाराणसी में जमा किये गये थे लेकिन निर्वाचन आयोग से जुड़े अधिकारियों ने आशुतोष सिन्हा व उनके परिवार के सदस्यों का नाम अलग-अलग मतदान केन्द्रों एवं बूथों पर दर्ज करा दिया गया है, इसी प्रकार बड़ा गांव विकास खण्ड के ग्रामीणों को पिंडरा ब्लाक में सम्मिलित किये जाने से मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

- सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच की उठायी मांग

आजमगढ़, में सभी विधान सभाओं में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा बीएलओ पर अनुचित दबाव बनाकर सपा समर्थक मतदाताओं को अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट व लापता की श्रेणी में डालकर 6 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से डिलीट करने की साजिश की जा रही है। सपा समर्थक बाहुल्य वाले बस्तियों, आबादी व कस्बों में आधे-अधूरे मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिया गया, जिन मतदाताओं ने गणना प्रपत्र में 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम या अपने माता-पिता, दादा-दादी आदि रिलेटिव का नाम सही ढंग से भरकर गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा कर दिया गया लेकिन बीएलओ ने ईआरओ के दबाव में जल्दीबाजी में टार्गेट पूरा करने के लिए सभी मतदाताओं को सी कैटेगरी में डाल दिया। बस्ती में, सभी विधान सभाओं में मतदेय स्थलों के अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट व लापता एवं मृतक मतदाताओं की अधूरी सूची बीएलओ द्वारा राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलओ) को दी जा रही है, सूची में मकान नम्बर नहीं दर्ज है और मतदाता के पिता या माता आदि का नाम नहीं प्रिंट है, जिससे सत्यापन में कठिनाई हो रही है। अमरोहा, धनौरा विधान सभा में 38786, अमरोहा विधान सभा में 22367 व नौगवां सादात में 26150 मतदाताओं के गणना प्रपत्र को कैटेगरी सी में डाल दिया गया है, जबकि सभी मतदाताओं ने 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपना नाम या अपने माता-पिता, दादा-दादी आदि रिलेटिव का नाम पूरी तरह से भर कर गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा कर दिया है। विधान सभा धनौरा में 63919, विधान सभा नौगवां सादात में 36685, विधान सभा अमरोहा में 47981 मतदाताओं को अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट व लापता एवं मृतक की श्रेणी में डालकर बडी संख्या में मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश हो रही है। कानपुर देहात, भगोनीपुर विधान सभा में मतदेय स्थल संख्या- 13, 14, 44, 86 में 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं है, जिससे बीएलओ द्वारा सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र को कटेगरी सी में सबमिट कर दिया जा रहा है।

# यूपी में 13 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने प्रदेश के सभी जनपदों में 13 दिसंबर, 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अभूतपूर्व सफल बनाने के लिए अधिकतम संख्या में प्री-लिटिगेशन मामलों की पहचान कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के आमजन को शीघ्र, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध हो सके। इसका अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित वादों का पूर्व चिन्हांकन कर समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए।



उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लोक अदालत से एक दिन पूर्व तहसील प्रशासन के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके तथा बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में अब तक प्रदेश में तीन राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन हो चुका है तथा इनमें उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य राज्यों की तुलना में काफी अधिक संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश के न्यायालयों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अधिवक्ता साथियों तथा सभी संबंधित विभागों के सामूहिक एवं सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अभूतपूर्व सफल बनाने के लिए समयबद्ध एवं सकारात्मक प्रयासों की अपेक्षा की। इस पहले विशेष सचिव न्याय बाल कृष्ण एन. रंजन ने बताया कि 08 मार्च, 2025 को आयोजित लोक अदालत में कुल 1,08,39,303 मामले, 10 मई, 2025 को कुल 1,04,80,957 मामले, 13 सितंबर, 2025 को कुल 1,22,01,543 मामले निस्तारित किए गए। इस प्रकार वर्ष 2025 में अब तक कुल 3,35,21,803 मामलों का सफल निस्तारण किया जा चुका है, जिसमें प्री-लिटिगेशन एवं पेंडिंग केसेज दोनों प्रकार के मामले शामिल हैं।

# कौशांबी के कड़ा धाम के कुबरी घाट आरती स्थल की परियोजना लगभग पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण करा दिया है। करीब 02.41 करोड़ रुपए की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं

- परिजना की लागत आयी 2.41 करोड़ रुपये



संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बड़ा केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुड़ा स्थल है। आगंतुकों को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कौशांबी का कड़ा धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में करीब 14.76 लाख से अधिक पर्यटक जनपद आए, जिनमें बड़ी संख्या मां शीतला के दर्शन करने वालों की थी। राज्य सरकार का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में कुबरी घाट पर आरती स्थल विकसित कर श्रद्धालुओं को वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

# यूपी सीएसआर राउंडटेबल में 30 से अधिक कंपनियों ने की सहभागिता

## कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को गति देने के लिए उद्योग-सरकार साझेदारी पर हुआ गहन विमर्श हुआ

विशेष संवाददाता (vol

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ में उत्तर प्रदेश सीएसआर राउंडटेबल 2025 ऑन स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी का आयोजन किया गया। इस परामर्श सत्र में देश की 30 से

- सीएसआर आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने पर प्रमुख कंपनियों के लिए गए सुझाव

अधिक प्रमुख कंपनियों, फाउंडेशनों एवं संस्थानों ने भाग लेकर प्रदेश के कौशल एवं रोजगार पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की। योगी सरकार के नेतृत्व में राज्य को एक भविष्य-उन्मुख, सक्षम एवं कौशल-प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयासों की श्रृंखला में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम ने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल-आधारित मानव संसाधन निर्माण के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रशिक्षण अवसंरचना को जिला एवं ब्लॉक स्तर तक सुदृढ़ करने, स्मार्ट लैब्स एवं आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रमों का विकास तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों तक ले जाने के लिए विभाग एक व्यापक कार्ययोजना पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के साथ बढ़ती साझेदारी से राज्य में रोजगारपरक कौशल विकास को नई गति मिल रही है और युवाओं के लिए उन्नत अवसरों का विस्तार हो रहा है। मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पुलकित खरे ने कहा कि सीएसआर आधारित सहयोग से उद्योग-आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार और अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि यूपीएसडीएम द्वारा डिजिटल कौशल, हरित कौशल, उन्नत विनिर्माण तकनीक, सेवा-क्षेत्र आधारित रोजगारों तथा महिला-प्रधान आजीविका कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी अपरेंटिसशिप को मजबूत करेगी और प्रदेश का युवा वर्ग सीधे उद्योग से जुड़कर अधिक रोजगार-सृजन में सक्षम होगा।

अग्रणी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों की सक्रिय भागीदारी यह प्रमाणित करती है कि उत्तर प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख राष्ट्रीय प्रतिभा केंद्र के रूप में उभर रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में सरकारी, औद्योगिक और सीएसआर साझेदारियों का यह सशक्त ढांचा आने वाले वर्षों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसरों का विस्तार करेगा और राज्य के आर्थिक परिवर्तन को नई गति प्रदान करेगा। राउंडटेबल में एचसीएल, एक्सिस बैंक, ह्युंडई, सीमेंस, टाटा ट्रस्ट्स, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन सहित अनेक अग्रणी संगठनों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जिला-स्तरीय कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप सीएसआर हस्तक्षेपों के संरेखण, पाठ्यचर्या में उद्योग की मांग के अनुरूप सुधार, तथा प्रशिक्षण के परिणामों को मजबूत करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए। सीएसआरबॉक्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भौमिक शाह ने कहा कि यह राउंडटेबल उत्तर प्रदेश में कौशल एवं रोजगार सृजन के लिए उद्देश्य-प्रधान साझेदारियों को नई दिशा देगा और राज्य की विजन 2047 की यात्रा में इसकी भूमिका और अधिक सुदृढ़ होगी। अंत में आईबीएम, लेनोवो, सीमेंस तथा बजाज (टाटा स्ट्राइव के माध्यम से) ने लक्षित कौशल विकास पहलों के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्रस्तुत किए।

## संक्षेप

### छात्राओं को किया गया जागरूक

प्रतापगढ़। महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को कोतवाली पुलिस की मिशन शक्ति टीम द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति टीम द्वारा कटरा बलीपुर स्थित कान्वेंट स्कूल में छात्र छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूल के बच्चों को गुड टच बैड टच के बार में विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं विमेन पॉवर हेल्प लाइन 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181 आदि महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। कोतवाल ने कहा कि इस प्रकार की जागरूकता से बच्चों में सतर्कता एवं आत्मविश्वास को मजबूती मिल सकेगी।

### पत्थर को क्षतिग्रस्त करने का आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। जमीन की पैमाइश के बाद लगाए गए पत्थर को क्षतिग्रस्त करने व जबरन जमीन पर खेती कार्य से मना करने के आरोप को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवल राजमतीपुर गांव निवासी लालता प्रसाद पाण्डेय पुत्र रामअवध ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि विवादित जमीन पर कोर्ट द्वारा उसके पक्ष में आदेश देने के बाद जमीन की पैमाइश करके राजस्वकर्मियों द्वारा पत्थर लगवा दिया गया। आरोप है कि विपक्षी द्वारा जबरन पत्थर उखाड़ दिया गया और उक्त जमीन पर खेती करने नहीं दे रहे हैं। आरोपीगण जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिश में मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे चौहान पूरे भगवत गांव निवासी विकास गौड़ पुत्र राकेश गौड़ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात दिसंबर की शाम करीब छः बजे वह अपने खेत की ओर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच रंजिश को लेकर गांव के अजय पुत्र फूलचंद्र ने गाली देते हुए उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस ने दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के उप निरीक्षक घनश्याम यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे सांई धाम रामपुर कसिहा में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही महेश वर्मा पुत्र लालजी वर्मा व अवधेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा विवाद करने लगे। आरोप है कि इसी बीच महेश वर्मा पक्ष के रोहित उर्फ कल्लू, रमेश तथा दूसरे पक्ष के दिलीप, संजय तथा कुछ अज्ञात लोग सड़क पर एकत्रित होकर एक दूसरे का रास्ता अवरूद्ध करने लगे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षो मे मारपीट भी हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि उप निरीक्षक की तहरीर पर दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सामूहिक सुंदरकांड व संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में मंगलवार को सामूहिक सुन्दरकाण्ड व संकीर्तन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ से लोक मंगल की कामना की। कस्बा लालगंज निवासी सुधीर कुमार मिश्र के संयोजन में आयोजित संगीतमयी सुन्दरकाण्ड सामूहिक पाठ में शामिल श्रद्धालु भगवान श्रीराम व हनुमान जी की भक्ति में रमे दिखे। सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के बाद आचार्य कैलाशनाथ मिश्र की अगुवाई में वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम व पवन पुत्र हनुमान जी की आरती उतारी। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राकेशचंद्र तिवारी, मृत्युंजय सिंह, सुशील पाण्डेय, आदर्श कुमार, दिनेश सिंह, रामप्रकाश मिश्र आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर में पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर से कथित तौर पर संचालित एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और दो प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी रविवार शाम गुलरिहा इलाके से की गईं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने एक किराए के कार्यालय में अवैध धंधा शुरू किया था और विज्ञापनों और साक्षात्कारों के माध्यम से युवा लड़कियों, जिनमें से कई नाबालिग थीं, को भर्ती किया था।

उसने बताया कि इन लोगों को फेयर प्ले 247 जैसे ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर दांव लगाने के लिए लोगों को लुभाने के लिए आकर्षक योजनाओं की पेशकश करते हुए भ्रामक प्रचार कॉल करने का निर्देश दिया गया था। शुरुआत में लोगों को छोटी रकम जिताई जाती थी, एक बार उनका विश्वास जीतने के बाद गिरोह उनके बैंक के विवरण मांगता था और उनके खातों से पैसे निकाल लेता था। कथित तौर पर इस समूह ने गरीब व्यक्तियों को छोटे नकद प्रोत्साहन का लालच देकर कई म्यूल खाते खोले।

यह रैकेट हाल ही में पीलीभीत पुलिस द्वारा एक ऐसे ही फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करने के बाद सामने आया, जिसके संचालकों ने गोरखपुर के एक समूह को प्रशिक्षित किया था। इस सूचना पर कार्वाई करते हुए, गुलरिहा पुलिस ने नारायणपुर निवासी राकेश प्रजापति और भटहट निवासी जनेय आलम को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने परिसर से छह लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार हेडसेट और अन्य उपकरण जब्त किए।

जांचकर्ताओं ने बताया कि रैकेट से जुड़े म्यूल खातों में प्रतिदिन 10-15 लाख रुपये का लेनदेन होता था। गुलरिहा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय प्रताप सिंह ने कहा कि इस मामले में सख्त कार्वाई की जाएगी और रैकेट से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ सबूतों के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा।

## कौशांबी मेडिकल कॉलेज: रैगिंग करने के आरोपी 97 छात्र एक माह के लिए निलंबित

कौशांबी। स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) प्रशासन ने प्रथम वर्ष के छात्रों से रैगिंग करने के आरोप में द्वितीय वर्ष के 97 छात्रों को एक माह के लिए निलंबित करते हुए प्रत्येक छात्र पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कौशांबी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हरिओम कुमार सिंह ने एक बयान जारी करके कहा कि यह कार्वाई केवल दंड नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देने के लिए है कि रैगिंग किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। किसी छात्र की शिक्षा, सम्मान या सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से छात्रों के बीच चर्चा तेज हो गई है और इसे कॉलेज के इतिहास की सबसे कठोर कार्रवाई माना जा रहा है। यह कार्रवाई रैगिंग रोधी प्रकोष्ठ, नयी दिल्ली से 30 नवंबर 2025 को मिली शिकायत के बाद की गई। मेडिकल कॉलेज की रैगिंग रोधी कमेटी ने मामले की व्यापक जांच की। जांच में पुष्टि हुई कि द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ रैगिंग की थी, जिसे नियमों का खुला उल्लंघन माना गया। जांच रिपोर्ट और मामले की गंभीरता देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने बिना किसी देरी के यह कदम उठाया।

## युवक की गोवा में मौत का मामला

# शव पैतृक गांव पहुंचा, परिवार में मातम, पूर्व मंत्री ने दी सांत्वना



सिद्धार्थनगर। गोवा में हुए अग्निकांड में सिद्धार्थनगर जिले के मिश्रौलिया क्षेत्र के होरिलापुर गांव निवासी सुनील कुमार निषाद (29) की मृत्यु हो गई। सुनील अगस्त 2025 में रोजगार के लिए गोवा गए थे और वहां बर्च बाय रोमियोलेन नाइट क्लब में कार्यरत थे। यह घटना 06 दिसंबर 2025, शनिवार रात को हुई। नाइट क्लब में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई थी। इस हादसे में सुनील कुमार गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के दो दिन बाद, 09 दिसंबर 2025 की दोपहर को सुनील का पार्थिव शरीर गोवा-लखनऊ फ्लाइट से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। वहां से एंबुलेंस द्वारा मंगलवार देर शाम उनके पैतृक गांव होरिलापुर लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों और पूरे गांव में शोक छा गया। मृतक सुनील कुमार निषाद विवाहित थे। उनकी पत्नी नीलम (28 वर्ष) हैं। सुनील की तीन संतानें हैं—सात वर्षीय अंजली, पांच वर्षीय शिल्पा और दस माह का बेटा शिवांश। उनके माता-पिता शोहरती और बुधिराम हैं। सुनील अपने दो भाइयों में छोटे थे, बड़े भाई का नाम अनिल कुमार निषाद है। मंगलवार शाम को पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने मृतक के घर पहुंचकर परिवारजनों को सांत्वना दी। उन्होंने इस घटना पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान चेयरमैन अजय गुप्ता, चेयरमैन विकास जायसवाल, जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रामसूरत चौरसिया, प्रधान संघ अध्यक्ष विजय पांडे, धर्मेंद्र मौर्य, विनय तिवारी और रंगीलाल सोनी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन ने बांटे कंबल



श्रावस्ती। जनपद में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा निराश्रित, असहाय एवं जरूरतमंद नागरिकों को राहत पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद के नेतृत्व में सोमवार की रात्रि नगर क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में रह रहे लोगों को कंबल वितरित किए गए। रात्रि भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमरेन्द्र कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रोडवेज परिसर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें कंबल प्रदान किए तथा उनकी समस्याओं को जाना। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार जनपद में रैन-बसेरों की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर न हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है और जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी भी नागरिक को ठंड से संबंधित सहायता की आवश्यकता होने पर कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के टोल फ्री नम्बर 1077 पर सूचना दी जा सकती है। इस दौरान निराश्रित महिलाओं कोयला, रमपति, जानकी देवी, तारावती, चमेला, कोयली, शांति देवी तथा कृपाराम, बालकराम सहित अन्य जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित किए गए।

## भारत-नेपाल सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त बैठक



सिद्धार्थनगर- जनपद के मोहाना थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडो-नेपाल बॉर्डर ककरहवा स्थित एसएसबी कैंप में मंगलवार को भारत और नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सीमा सुरक्षा, तस्करी की रोकथाम और नेपाल में होने वाले आगामी चुनाव के मद्देनजर आपसी समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में मोहाना पुलिस, एसएसबी ककरहवा, सीमा शुल्क इकाई ककरहवा, नेपाल पुलिस और एपीएफ नेपाल के अधिकारी शामिल हुए। एसएसबी की ओर से 43वीं वाहिनी के कमांडेंट उज्जवल दत्ता और एसी एसएसबी ककरहवा आशीष राघव मौजूद रहे। पुलिस की ओर से थानाध्यक्ष मोहाना जितेंद्र सिंह और चौकी इंचार्ज ककरहवा वीरेंद्र यादव ने भाग लिया। सीमा शुल्क विभाग से निरीक्षक संजीव भी उपस्थित थे। नेपाल की ओर से कालिदह प्रहरी चौकी के वरिष्ठ नायब निरीक्षक रत्न बहादुर थापा और एपीएफ नेपाल के राज बहादुर छेत्री बैठक में शामिल हुए। गोष्ठी के दौरान भारत-नेपाल की खुली सीमा पर होने वाली तस्करी, अवैध आवाजाही, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों की रोकथाम और संदिग्ध गतिविधियों पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखना दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी है। इसके लिए नियमित संवाद, सूचना का आदान-प्रदान और संयुक्त गश्त को और प्रभावी बनाने पर सहमति बनी। नेपाल में प्रस्तावित चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतने पर भी विचार किया गया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधि, अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। दोनों देशों की एजेंसियों ने भरोसा जताया कि आपसी सहयोग से सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की बैठकों और समन्वय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि किसी भी चुनौती से समय रहते निपटा जा सके। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सीमा की सुरक्षा को लेकर साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# जनशिकायत निस्तारण में श्रावस्ती प्रदेश में छठवें स्थान पर



श्रावस्ती। शासन द्वारा आईजीआरएस माह नवंबर 2025 की रैंकिंग सूची जारी की गई, जिसमें जनपद श्रावस्ती ने प्रदेश स्तर पर छठवां स्थान प्राप्त कर लगातार टॉप-10 जिलों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रशासन द्वारा प्रभावी व्यवस्था लागू की गई है। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे जनसुनवाई आयोजित की जा रही है, जिसमें प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाती है। साथ ही आगामी तीन दिनों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा सायं 5 बजे तथा असंतुष्ट फीडबैक वाली शिकायतों की गुणवत्ता जांच हेतु रात्रि 9 बजे विशेष समीक्षा की जाती है। शासन के निर्देशों के अनुरूप जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनके माध्यम से निस्तारण आख्या का परीक्षण कराया जाता है। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा स्वयं शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं से सीधे फीडबैक लेकर वास्तविक स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह उपलब्धि जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के सहयोग और सतत प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए निर्देश दिए कि आगे भी जनसमस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाए। प्रशासन का लक्ष्य है कि आगामी रैंकिंग में जनपद श्रावस्ती को प्रथम स्थान दिलाया जाए। इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

# एस्टीमेट के विरुद्ध कराया गया विकास कार्य

जिला संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी ब्लाक क्षेत्र के चर्चित ग्राम पं0 पिपरहिया में लाखों रूपए सरकारी धन से कराये गये विकास कार्यों में घोर अनियमितता स्टीमेट विरूद्ध विकास कार्य कराये जाने को लेकर तरह-तरह चचाओं सहित सम्बंधित ग्राम पंचायत सचिव मुनिराम वर्मा साहेब सुर्खियों में बने हैं, सूत्रों ने साक्ष्य प्रमाण प्रस्तुत करते हुए आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत सचिव मुनिराम वर्मा के चार्ज वाले कई अन्य ग्राम पंचायतों व उक्त ग्राम पंचायत पिपरहिया में बिना टेंडर निविदा प्रक्रिया ग्राम पंचायत में टेंडर निविदा डाले व खोले बिना ही पिपरहिया ग्राम पं 0 के धरातल पर सचिव साहब लगभग 15 प्रतिशत कमीशन लेने के उपरांत ही कराए गए विकास कार्यों व लाखों रूपए सरकारी धन को खारिज कर किए गए बंदरबांट वित्तीय घोटाले को लेकर तरह-तरह चर्चाओं सहित सुर्खियों में बने हैं, उक्त ग्राम पंचायत पिपरहिया का टेंडर निविदा अखबार में प्रकाशित कराने तक ही सिमट कर रह गया, जब कि नियम प्राविधान यह है कि अखबार में




प्रकाशित टेंडर निविदा होने के बाद ग्राम पंचायत में टेंडर निविदा डाले व खोले जाने का प्राविधान है बावजूद इसके ग्राम सचिव द्वारा धरातल पर ग्राम पंचायत में बिना टेंडर निविदा डाले व खोले बिना ही टेंडर निविदा प्रक्रिया कागजी खाना पूर्ति कर सरकारी धन वित्तीय घोटाले की नियत से सम्बंधित कार्य प्रभारी ग्राम पं 0 सचिव साहब व जेई तथा कतिपय विकास विभाग के नुमाइंदों ने विकास कार्य के नाम पर लाखों सरकारी धन का भुगतान करा कर बन्दर बांट न सिर्फ किया गया अपितु तरह-तरह चर्चाओं सहित सुर्खियों में भी बने हैं, ग्राम सचिव साहेब ने अबतक के नौकरी के कार्य काल में करोड़ों रुपए अर्जित कर अनुकूत सम्पत्ति भी हासिल कर चुके हैं जो कि विशेष ऐजसिंयों से जांच का विषय है, हलाकि उक्त कमीशन खोरी के आरोप व ग्राम पंचायत में हुए स्टीमेट विरूद्ध विकास कार्य को सचिव मुनिराम वर्मा ने निराधार बताया है सचिव साहेब ने कहा कि कोई भी जांच करा सकता है, उक्त के सम्बन्ध में खुलासा विशेष ऐजसिंयों के निष्पक्ष जांच होने के बाद ही चौंकाने वाले राज सामने आ सकते हैं ऐसे में निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है खानापूर्ति नहीं।- ग्राम पं0 सचिव मुनि राम वर्मा ने बताया कि विकास कार्यों के नाम पर कमीशन लेने का आरोप व स्टीमेट विरूद्ध विकास कार्य होने की बात निराधार है कोई भी जांच करा सकता है।

# शीतलहर के खतरे पर स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

जिला संवाददाता

**इकौना श्रावस्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना के अधीक्षक डॉ. ए.के. त्रिपाठी द्वारा शीतलहर को देखते हुए जनहित में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में फ्लू, सर्दी, खांसी, जुकाम जैसे आम रोगों के साथ-साथ कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है, इसलिए लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अत्यधिक ठंड के कारण शरीर का तापमान गिरना एक गंभीर संकेत हो सकता है। इस स्थिति में कंपकंपी, बेहोशी, मूर्छा, याददाश्त कमजोर होना, जुबान का लड़खड़ाना, अत्यधिक सुस्ती, श्वास कष्ट और हृदय गति धीमी होने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। ऐसी स्थिति को हल्के में न लेते हुए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाना अत्यंत आवश्यक है। एडवाइजरी में आमजन को पर्याप्त मात्रा में गर्म



कपड़े, दस्ताने, टोपी, मफलर, स्वेटर, जैकेट, मोजे और जूते पहनने की सलाह दी गई है। चेतावनी दी गई है कि शीतलहर के दौरान चुस्त कपड़े न पहनें, क्योंकि इससे रक्त संचार प्रभावित होता है। इसके स्थान पर ढीले-ढाले वस्त्र, बाहर की ओर सूती कपड़े और अंदर की ओर ऊनी कपड़े पहनने की सलाह दी गई है ताकि शरीर का तापमान संतुलित रहे।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल यादव ने लोगों को पोषण युक्त आहार लेने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल, सब्जियां, गर्म पानी, काढ़ा, सूप, दूध और चाय का सेवन लाभकारी है। साथ ही आवश्यकतानुसार रूम हीटर का उपयोग करने की सलाह दी गई, लेकिन उसके साथ उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था अनिवार्य बताई गई।

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि शीतलहर के दौरान लंबे समय तक अत्यधिक ठंड के संपर्क में रहने से त्वचा कठोरता, त्वचा सुन्नता, फ्रॉस्टबाइट, दर्द, सूजन, फटना और जलन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में बिना आवश्यकता के बाहर निकलने से बचें और केवल अत्यावश्यक यात्रा ही करें। अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं के साथ-साथ बुजुर्गों, बच्चों, बीमार व्यक्तियों और निराश्रितों का विशेष ध्यान रखें, समय-समय पर उनका हालचाल लें और जरूरत पड़ने पर तत्काल उपचार दिलाएं। यह एडवाइजरी जनपदवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है ताकि शीतलहर के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

# अध्यापक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का प्रमोद ने संसद में उठाया मुद्दा



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को संसद में अध्यापक पात्रता परीक्षा के अहम मुददे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने शून्यकाल के दौरान राज्यसभा में प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रश्न को उठाते हुए कहा कि सक्षम न्यायालय द्वारा एक सितम्बर 2025 से अध्यापक पात्रता परीक्षा के तहत कक्षा एक से आठ तक के सभी शिक्षकों के लिये अनिवार्य किया गया है। उन्होने कहा कि इनमें वह सभी शिक्षक शामिल हैं जिनकी नियुक्ति पहले चाहे जिस भी वर्ष में हुई हो। उन्होने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि इस निर्णय के बाद प्रतापगढ़ जिले समेत उत्तर प्रदेश में लगभग दो लाख प्राथमिक शिक्षक एवं पूरे देश में लगभग पचीस लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। अध्यापक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से जुड़े अहम प्रश्न को संसद में उठाए जाने को लेकर यहां प्राथमिक शिक्षकों में प्रसन्नता भी देखी गयी। उन्होने कहा कि इससे शिक्षकों में असमंजस, तनाव तथा अपनी सेवा को लेकर असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गयी है। उन्होने यह भी कहा कि ऐसे में इस निर्णय से प्रभावित शिक्षकों का मानसिक तनाव बढ़ गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार के समक्ष इस मुददे को गंभीरता से रखते हुए कहा कि पहले से नियुक्त शिक्षकों पर यह व्यवस्था लागू करना पूरी तरह से अनुचित और अन्याय पूर्ण है। उन्होनें कहा कि इससे शिक्षकों में जहॉं अपनी सेवा को लेकर चिन्ता व्याप्त हो गयी है तथा वहीं उनका मनोबल भी टूट रहा है।

## एसपी ने जनता दर्शन में सुनी फरियाद



सिद्धार्थनगर। एसपी डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये फरियादियों की समस्याओं शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश दिये गये । गत मंगलवार जनता दर्शन में प्राप्त हुए कुल 7 शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु पुलिस कप्तान डॉ 0 अभिषेक महाजन ने अधिनस्थों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिया और कहा कि सम्बंधित फरियादियों के समस्याओ / शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित न्याय सुलभ कराया जाए, जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने अधिनस्थों को उक्त से सम्बंधित निर्देश दिया गया, जनसुनवाई के दौरान कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे । जिसमे 01 मारपीट शेष0 6 अन्य से संबंधित रहे । एसपी डॉ 0 अभिषेक महाजन ने प्राप्त उक्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किए जाने हेतु अधिनस्थों को आदेश दिया गया ।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक




जोगिया बांसी सिद्धार्थनगर। सीओ बांसी रोहिणी यादव के निर्देशन में क्रियाशील थाना जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष मीरां चौहान के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन बहू बेटी सम्मेलन के तहत थानाक्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिसवा बुजुर्ग स्कूल जोगिया में जाकर बालक/बालिकाओं को महिला के प्रति होने वाले अपराध, आत्मनिर्भर, हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे मे पम्पलेट वितरित कर जानकारी देकर जागरुक किया गया । पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानर के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में 09/12/2025 थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मीरा चौहान मय मिशन शक्ति टीम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिसवा बुजुर्ग स्कूल जोगिया में जाकर बालक/बालिकाओं को जागरूक किया गया

### शादी का झांसा देकर युवती से यौन संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** जिले के दोकटी थाना पुलिस ने कथित तौर पर शादी का झांसा देकर एक युवती से लगातार दो वर्ष तक यौन संबंध बनाने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोकटी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीया युवती को शादी का झांसा देकर उसके गांव के ही दिनेश पासवान (23) ने पिछले दो साल से उसके साथ कथित तौर पर बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने कहा कि जब युवती ने शादी करने के लिए कहा तो दिनेश ने शादी करने से मना कर दिया। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि इस मामले में पीड़ति युवती की तहरीर पर दिनेश पासवान के विरुद्ध सोमवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 (धोखे और कपट से महिला से यौन संबंध बनाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अवैध नशीली दवा गिरोह का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना नवीन मॉडर्न पुलिस ने 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बरामदगी की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर की गई। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह एवं औषधि निरीक्षक श्रीकांत गुप्ता की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर वीरपुर चौराहा स्थित चौधरी मेडिकल हाल के पीछे एक संदिग्ध दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान आधा शटर बंद दुकान के भीतर से दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मो0



अतीकुर्रहमान पुत्र हफीजुर्रहमान निवासी विशुनापुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती एवं मो0 नदीम पुत्र अब्दुल वहीद निवासी नरपतपुर थाना नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती बताया। तलाशी के दौरान दुकान से 864 ट्राइस्पैस कैप्सूल एवं 10 एम्पुल ट्रामास्यौर-100 इंजेक्शन बरामद हुए।

औषधि निरीक्षक द्वारा इन दवाओं को नशीली प्रकृति का बताया गया तथा बिना लाइसेंस इनके भंडारण व बिक्री को एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर अपराध बताया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नवीन मॉडर्न में मुकदमा अपराध संख्या 0132/2025 धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। मौके से अन्य एलोपैथिक दवाएं भी बिना लाइसेंस पाए जाने पर सील कर कब्जे में ली गईं। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लगभग दो वर्षों से बिना लाइसेंस दुकान चलाकर गुप्त रूप से नशीली दवाओं की बिक्री कर रहे थे। वे आधा शटर बंद रखकर ग्राहकों को भीतर बुलाते थे ताकि किसी को भनक न लगे।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह, औषधि निरीक्षक श्रीकांत गुप्ता, उपनिरीक्षक रमेश सिंह, मनोज निषाद, राम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# देश-दुनिया के लिए कुशल मानव संसाधन का हब बनेगा यूपी : योगी

- गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र में राजकीय आईटीआई का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण
- 18 करोड़ रुपये की लागत से पावरग्रिड ने सीएसआर फंड से कराया है आईटीआई भवन का निर्माण

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे युवा राज्य है। यहां के युवा अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। इनकी प्रतिभा की मांग देश और दुनिया के कई देशों में है। युवाओं को प्रशिक्षण से जोड़कर प्रदेश को देश और दुनिया के लिए कुशल मानव संसाधन का हब बनाया जाएगा। सीएम योगी मंगलवार दोपहर बाद गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के नरकटहा में नवनिर्मित राजकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस आईटीआई का निर्माण पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से 18 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है। इसका संचालन प्रदेश सरकार की तरफ से कराया जाएगा। आईटीआई के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां 55 से 60 फीसदी आबादी कामकाजी यानी युवा है। इस हिसाब से यह सौभाग्य भी है कि यूपी देश का सबसे युवा राज्य है। यहां युवाओं की स्केल है और इस स्केल को स्किल से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को उद्योगों की डिमांड के अनुरूप ट्रेड में ट्रेंड कर रही है। इसके लिए गीडा में नाइलिट की शाखा के माध्यम से ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे कैम्पस सलेक्शन के जरिये यहां के उद्योगों में ही युवाओं का समायोजन होगा। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड की तरफ से बने आईटीआई में भी उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेडों में युवाओं को स्किल्ड बनाया जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर डेढ़ सौ से अधिक आईटीआई को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। नौजवानों को आईटीआई में दीर्घकालिक और अल्पकालिक, दो प्रकार की प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़कर आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। दीर्घकालिक योजना में



इलेक्ट्रिक व्हीकल, एडवांस्ड सीएनसी मशीन, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, थ्री डी प्रिंटिंग का प्रशिक्षण युवाओं को दिया जा रहा है। इसी प्रकार अल्पकालिक योजना के अंतर्गत भी इलेक्ट्रिक व्हीकल, मेंटिनेस, वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन, ऑटोमेटिक बेल्डिंग मशीन, ऑटोमेटिक मैन्युफैक्चरिंग में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनस्किल्ड युवा कम मानदेय पाता है लेकिन जब वह स्किल्ड हो जाएगा तो अधिक मानदेय पाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के जिन युवाओं को इजराइल भेजा गया, वे प्रति माह सवा लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपये प्राप्त कर रहे हैं, उनका वहां रहना और खाना मुफ्त है। जर्मनी, जापानी सहित दुनिया के तमाम देशों में यूपी के युवाओं की मांग हो रही है। अगर हम यूपी के नौजवानों को ट्रेनिंग और लैंग्वेज के साथ जोड़ देंगे तो देश और दुनिया के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। यह न केवल इन नौजवानों के हित में बल्कि होगा बल्कि आने वाले समय में हम देश के अंदर सबसे अच्छा मैनपावर उपलब्ध कराने के हब के रूप में स्थापित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीआई गीडा क्षेत्र की आवश्यकता है। इससे युवा प्रशिक्षित होगा तो उसे यहां लग रहे उद्योगों में ही नौकरी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि हर नौजवान को रोजगार की गारंटी डबल इंजन सरकार का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने में आईटीआई बनवाकर पावरग्रिड ने भी सहयोग किया है।

अंतिम पायदान तक पहुंच रहा विकास का लाभ सीएम योगी ने कहा कि अब सिर्फ गीडा ही नहीं, धुरियापार तक उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने हालिया अपने दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि गोरखपुर शहर जैसे मैरिज हाल अब दक्षिणांचल के गांव-गांव में बने हुए हैं। गांव-गांव में रौनक है यानी विकास अब गांव तक भी पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि आर्थिक विकास का मापक बड़ी हवेली नहीं होती है, बल्कि उसका मानक अंतिम पायदान पर पहुंची विकास की योजनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण गांव में पहुंच रहा विकास इस बात को प्रदर्शित करता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्ष में अकेले गीडा में 12 से 15 हजार करोड रुपये का निवेश हुआ है।

इसके माध्यम से लगभग पचास हजार नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिली है। गीडा में वरुण ब्रेवरेज बेवरेज के बगल में ही गीता प्रेस भी आ रहा है, अन्य नए उद्योग लग रहे हैं। गैलेंट व अंकुर उद्योग के साथ अन्य उद्योग भी आ रहे हैं। गैलेंट की सीमेंट फैक्ट्री के अलावा धुरियापार में भी सीमेंट फैक्ट्री लगने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पावरग्रिड के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों की सराहना की। कहा कि पावरग्रिड की तरफ से कि एम्स गोरखपुर में 500 लोगों की क्षमता का विश्रामालय बनाया जा रहा है। बीएचयू के कैंसर हॉस्पिटल और लखनऊ के केजीएमयू में भी विश्रामालय बनवाया गया है। पावरग्रिड ने पीजीआई से टेली कंसल्टेंसी सुविधा के लिए भी पैसा दिया है। पावरग्रिड द्वारा सीएसआर फंड का बेहतर उपयोग किया जा रहा है।

## सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर अस्पतालों में फल बांटे



इटावा। यूपीए चेयरपर्सन, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी को एक नई दिशा और दशा प्रदान करने वाली, कांग्रेस जनों की प्रेरणा स्रोत सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर समस्त कांग्रेस जनों ने जनपद के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित कर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। इस क्रम में विकासखंड भरथना के सरकारी अस्पताल में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने मरीजों को फल वितरण कर सोनिया गांधी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी के अंतर्गत नगर के भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मरीजों को फल वितरित किए। इसी तरह पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी की अगुवाई में सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर सरोज वृद्धा आश्रम में फल एवं मिष्ठान वितरण कर जन्म दिन मनाया गया। फल वितरण के इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, कोमल सिंह कुशवाहा, संजय दोहरे, प्रेरणा जुबैरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, सचिन शंखवार, आसिफ जादरान, डॉ. झब्बू लाल कुशवाहा, एवं मोहसिन अली सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## चोरों ने लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवरात नकदी चुराई



भरथना, इटावा। सोमवार की सुबह कस्बा के मुहल्ला राजागंज में अज्ञात बदमाशों ने दो घर व एक ब्यूटी पार्लर दुकान समेत तीन स्थानों पर ताले तोड़कर लाखों रुपए कीमती सोने-चांदी के आभूषण, नगदी आदि पार करके चोरी की घटना को अंजाम दिया है। राजगंज में एक रात में आसपास तीन चोरियों की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। अज्ञात बदमाशों ने बीती रात्रि पहली चोरी विनोद शुक्ला पुत्र जयकृष्ण शुक्ला सुबह 3:50 बजे रोज की तरह अपनी पत्नी गीता शुक्ला के साथ टहलने निकले थे। इसी बीच बदमाशों ने घर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। घर के अन्दर अकेली सो रही पुत्रवधु नेहा शुक्ला को कुछ आवाजें सुनाई दी। जिस पर जैसे ही नेहा ने आवाज लगाई, इसी बीच घर में घुसे अज्ञात बदमाश घर की अलमारी के लॉकर में थैले में रहे करीब 40 लाख रूपए कीमती सोने-चांदी के आभूषण समेटकर घर से भाग निकले, चीख पुकार पर पड़ोसी जागे तब तक बदमाश फुर्र हो गए। इससे पहले बदमाशों ने चोरी के लिए पास में पड़े डाकघर अभिकर्ता रामवेद शर्मा के सूने घर को निशाना बना डाला। रामवेद शर्मा की बेटी की 11 दिसम्बर को कानपुर में शादी होनी थी, जिसके कारण वे परिवार समेत घर सूना छोड़कर बेटी की शादी करने कानपुर गए हुए हैं। बदमाशों ने उनके घर के ताले तोड़कर जमकर लूटपाट की। घर के अन्दर सामान बुरी तरह बिखरा पड़ा देखा गया। लेकिन गृहस्वामी के लौटने पर ही नुकसान का आंकलन हो सकेगा। इसी क्रम में बदमाशों ने यहां पास में ही अभी कुछ दिन पहले खुले नए ब्यूटी पार्लर की दुकान को भी निशाना बनाया और बदमाशों ने बाजपेई नगर निवासिनी पार्लर संचालिका राधा शुक्ला पत्नी आकाश शुक्ला की दुकान में लगे शटर के ताले तोड़कर गोलक में रखे 4 हजार की नगदी समेत कई अन्य सामान चोरी कर ले गए। पार्लर संचालिका राधा शुक्ला को पार्लर में चोरी होने की जानकारी सुबह 9 बजे तब हुई, जब वे रोज की तरह अपना पार्लर खोलने पहुंची। उन्होंने पार्लर के ताले टूटे देखकर पुलिस को सूचित किया। जिस पर पुलिस ने सभी तीन स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# एसआईआर में पात्र मतदाता छूटें न, अपात्र हों बाहर : सीएम

- मुख्यमंत्री ने की गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे मनोयोग से लगकर यह सुनिश्चित करें कि एसआईआर प्रक्रिया में एक भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। साथ ही अपात्र और फर्जी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से बाहर कराए जाएं। भाजपा की बूथ टोली हर बूथ और घर-घर जाए और मतदाताओं की एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण कराए। सीएम योगी मंगलवार शाम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, एसआईआर के जिला प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में एसआईआर पर हर जिले से विधानसभावार फीडबैक लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को एसआईआर अभियान में सौ फीसदी योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर में किसी भी पात्र मतदाता का नाम लिस्ट से बाहर न पाए और किसी भी फर्जी मतदाता का नाम शामिल न होने पाए। उन्होंने पूर्णतः शुद्ध मतदाता सूची बनवाने के निर्देश देते हुए कहा कि हर मतदाता का एसआईआर फॉर्म, गणना प्रपत्र जमा कराने के लिए भाजपा की दस सदस्यीय बूथ टोली को सजग रहना होगा। सबका गणना प्रपत्र जमा हो जाए, इसके लिए सभी जिलों में भाजपा महानगर की तर्ज पर गांवों में बूथ स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बीएलओ ने जितने फॉर्म बांट दिए हैं, उन्हें जमा कराने में टीम भावना से काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम ने कहा कि एसआईआर, सांगठनिक जिम्मेदारी भी है। इसलिए जिन लोगों ने एसआईआर फॉर्म भर दिया है।



## स्वावलंबन कैम्प का आयोजन

इटावा। मिशन शक्ति के अन्तर्गत विकास खंडस्तर पर स्वावलंबन कैम्प आयोजित किये जा रहे है। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपने-अपने स्टाल लगाये जाने है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को विकासखंड बसरेहर इटावा में स्वावलंबन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा उपस्थित आम जनमानस को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये अपील की गई की लाभार्थी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर लाभान्वित हो।

# एडीएम ने एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक



चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल धूसर स्थित पंचायत भवन परिसर में तहसील सदर गोरखपुर के अपर उप जिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 321 विधानसभा पिपराइच सुधीर तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं, बी एलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरित किया गया है जिसे सावधानी से भरकर निर्धारित तिथि आगमी 11 दिसम्बर तक बीएलओ के पास जमा कर दें।

नवीन प्रकाशित लोक सभा व विधानसभा की निर्वाचन सूची में अशुद्धियों को लेकर लिखत पत्रक सौंपते हुए चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम प्रधान जंगल धूसर राजेन्द्र निषाद द्वारा बताया गया कि, ग्राम पंचायत जंगल धूसर की मतदाता सूची क्रमबद्ध नहीं हैं, एक गांव से शुरू होकर, एक परिवार से होकर दूसरे गांव का नाम आना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हैं एक ही ग्राम पंचायत के मतदाताओं का पांच पांच बूथ पर नाम है, जिससे लोगों को अपना नाम तथा अपने परिवार का नाम खोजने में परेशानी होती हैं।

अपर उप जिलाधिकारी तहसील सदर पिपराइच सुधीर तिवारी ने मतदाता सूची में विसंगतियों को ठीक कराने का आश्वासन दिया।

## एसआईआर का काम बीएलओ द्वारा कार्य धीमी गति से हो रहा

इटावा। एसआईआर के माध्यम से गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर घर देने और उन्हें जमा करने की अंतिम तारीख 11, दिसम्बर 2025 है। बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र घर घर पहुँचाने कार्य बहुत ही धीमी गति से किया गया है। समाजवादी पार्टी के एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव ने कहा कि इस कारण जनपद के कुल मतदाता 1229631 के गणना प्रपत्र मे से 8, दिसंबर तक 973719 गणना प्रपत्र ही जमा होकर उनकी फीडिंग हो पाई है जो 80 प्रतिशत है। जनपद की विधानसभा 199, जसवंत नगर मे लगभग 84 प्रतिशत, 201, भर्थना मे लगभग 83, प्रतिशत के सापेक्ष 200, इटावा विधानसभा मे 72, प्रतिशत ही फीडिंग हो सकी है जबकि मात्र दो दिन शेष है। अगर गणना प्रपत्र समय सीमा मे मतदाता तक नही पहुंचे तब मतदाता सूची मे नाम आने से हजारों लोग वंचित रह जायेंगे। एसआईआर अभियान का समय और बढ़ाया जाये जिससे एसआईआर अभियान की धीमी गति मे तेजी आ सके। ताकि एसआईआर अभियान की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे जिससे एसआईआर का जो उद्देश्य है उसका अनुपालन हो सके।

# धर्म नीति और पारिवारिक महत्व का संदेश देती है श्रीराम कथा

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा क्षेत्र के बनकट गांव के मेला मैदान पर चल रहे सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कथा वाचक संत प्रेम जी महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा धर्म, नीति और पारिवारिक महत्व का संदेश देती है। हम सभी लोगों को इस कथा का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि



महाराजा मनु ने घोर तपस्या कर भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि वह उनके पुत्र के रूप में पृथ्वी पर अवतरित हों। जिसके पश्चात त्रेता युग में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। और शतरूपा ने माता कौशल्या के रूप में जन्म लिया। सच्ची भक्ति, तपस्या और निष्ठा से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अमित दास जी महाराज, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, कौशल तिवारी, केपी मिश्र, सूरज तिवारी, सुशील मिश्र, गुड्डू तिवारी, प्रेम तिवारी, हरि तिवारी सहित सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## बीच सड़क पर बस छोड़कर चालक-परिचालक फरार

इटावा। शहर के सबसे व्यस्त मार्ग पर रविवार देर रात एक खराब रोडवेज बस के घंटों तक खड़ी रहने से सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कानपुर के फजलगंज डिपो की यह बस पक्का बाग ओवरब्रिज के पास रात में खराब हो गई और सुबह होते-होते जाम का कारण बन गई। हैरानी की बात यह रही कि बस चालक और परिचालक बस को मौके पर ही छोड़कर चले गए, जिसके कारण वाहन लगभग 15 घंटे तक सड़क के बीच खड़ा रहा। घटनास्थल पर सोमवार सुबह से दोपहर तक यातायात व्यवस्था ठप रही। राहगीर, व्यापारी, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी और स्कूल के बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यस्त मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध होने की वजह से कई वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेते देखे गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात भर और पूरे सुबह प्रशासन की तरफ से बस हटवाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। लगातार सूचना देने के बावजूद न तो रोडवेज विभाग से कोई कर्मचारी मौके पर पहुंचा और न ही ट्रैफिक पुलिस ने बस को साइड कराने की व्यवस्था की। इससे लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिली। कुछ लोगों ने मौके का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। दोपहर तक हालात बिगड़ने के बाद बस को हटवाया गया। लेकिन तब तक करीब 15 घंटे तक शहर को जाम और अव्यवस्था झेलनी पड़ी। इस मामले पर जब परिवहन निगम इटावा के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने मामले पर अभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि जानकारी मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी। घटना से यह सवाल भी उठ खड़ा हुआ है कि शहर में आपात यातायात व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी किन विभागों के पास है और इतनी बड़ी चूक के बावजूद कोई त्वरित कदम क्यों नहीं उठाया गया।

## सूचना

मेरा नाम चेतराम है। त्रुटिवश इंडियन बैंक खाते में मेरा नाम चिंताराम दर्ज है। अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम चेतराम पुत्र जवाहिर लाल निवासी लालपुर महरी, चहलवा जनपद श्रावस्ती है जोकि सही है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। अब से मुझे चेतराम नाम से ही जाना-पहचाना जायें।

## कवि सम्मेलन कल

उरुवा, गोरखपुर। कला सरोकार एवं फिराक गोरखपुरी साहित्य सरोकार के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारती कवि सम्मेलन -3 एवं सम्मान समारोह कल यानी गुरुवार को दिनांक 11 दिसंबर को उरुवा बाजार में आयोजित किया गया है। जिसमें विकास बौखल बाराबंकी, आदि कवियों का आगमन होना है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में हास्य कवि, व्यंग्यकार, सहित अन्य कवि आयेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अदलीशपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 09.12.2025

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अदलीशपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 16.12.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टर लाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | जोगराम के घर से हरी प्रसाद पुरी के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 13.27 घन मी. | 5713 नग | 26.55 घन मी. | 9426 नग | 82 बैग | 3.82 घन मी. |

नियम शर्ते :-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत अदलीशपुर के कार्यालय में 10.12.2025 से 16.12.2025 तक रुपये मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत अदलीशपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 10.12.2025 से दिनांक 16.12.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत अदलीशपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.12.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

ह.
उद्देश्य-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अदलीशपुर
विकास खण्ड धौरहरा

ह.
धीरज-ग्रा.वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत अदलीशपुर
विकास खण्ड धौरहरा

## देवर पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप, केस दर्ज न होने पर पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र में न्याय के लिए भटक रही एक महिला ने अपने देवर पर गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसके देवर ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की और विरोध करने पर मारपीट की, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण के बावजूद उसकी मुकदमा दर्ज नहीं की गई है। भड़सार टोला चिरैयाडाड़ निवासी महिला ने मंगलवार को एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में घटना का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि 30 नवंबर को सुबह लगभग 9:00 बजे वह घर में अकेली खाना बना रही थी। तभी पीड़िता को अकेला जानकर उसके देवर ने गलत नियत से घर के अंदर घुस आए और उसे पीछे से पकड़ लिया। पीड़िता का आरोप है कि देवर ने उसके साथ गलत हरकतें व छेड़खानी शुरू कर दी तथा उसके कपड़े खींचकर खोलने और फाड़ने की कोशिश की। शोर मचाने पर मारपीट करने लगा। पीड़िता ने विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू किया, तो आरोपी ने उसे बेरहमी से मारा-पीटा, जिससे उसे काफी चोटें आईं। शोर सुनकर घर के अन्य सदस्य मौके पर दौड़े और उसे आरोपी से बचाया। इसके बाद आरोपी देवर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पीड़िता अनीता देवी ने बताया कि उसने तुरंत इस गंभीर घटना की सूचना स्थानीय गीडा थाना पुलिस को दी। थाना गीडा के द्वारा उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पुलिस ने अभी तक उसका मुकदमा (ऋळ्फ्र) पंजीकृत नहीं किया है।

## संदिग्ध हालात में भर्ती किशोरी की मौत

जसवंतनगर, इटावा। मोहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी 16 वर्षीय तान्या पुत्री त्रिलोकी नाथ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने 7 दिसंबर को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। मंगलवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी स्थिति गंभीर हो गई और चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडीकल कॉलेज की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि मृत्यु का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। उपनिरीक्षक यशवीर तोमर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि किशोरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

भरथना, इटावा। स्व. शिवनाथ सिंह चैधरी की पुण्य स्मृति में भारत विकास परिषद पांचाल प्रान्त स्वामी विवेकानन्द शाखा भरथना के तत्वाधान में 14 दिसम्बर दिन रविवार को आर्य श्यामा बालिका इंटर कालेज भरथना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी शिविर संयोजक भारत विकास परिषद भरथना के पूर्व अध्यक्ष अवधेश चैधरी ने देते हुए बताया कि स्व. शिवनाथ सिंह चैधरी की पुण्य स्मृति में कस्बा के आजाद रोड स्थित आर्य श्यामा बालिका इण्टर कालेज में उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के चिकित्सकों की देखरेख में 14 दिसम्बर दिन रविवार को सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कुलपति सैंफई डा. अजय सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सैंफई डा. एसपी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आरवी मौर्य शिरकत करेगें।

# दबंग कर रहे जमीन पर अवैध कब्जा, पुलिस खामोश पीड़ित परिवार न्याय को मोहताज

- दबंगई के साये में जी रहा पीड़ित परिवार, अधिकारियों से लगाई गुहार

जिला संवाददाता

**गोला, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में भूमिधरी जमीन पर कथित अवैध कब्जे को लेकर एक परिवार दहशत में जीने को मजबूर है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग उनकी आराजी नंबर 198 ख पर जबरन कब्जा करने और अवैध निर्माण करने में जुटे हैं। मना करने पर उन्हीं पर लाठीडंडे और धारदार हथियारों से दौड़ाने तक की बात सामने आई है। पीड़ित समसुद्दीन मोहम्मद पुत्र शेख मोहम्मद का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन की कथित अनदेखी और ढुलमुल रवैये के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर उन्होंने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। परिवार का आरोप है कि दबंग समूह गोलबंद होकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है और विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इससे पूरे परिवार में भय और तनाव व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला गंभीर होने के बावजूद पुलिस की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। अब पीड़ित परिवार को उम्मीद है कि उच्च अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर उन्हें न्याय दिलाएंगे। इस संदर्भ में एसएचओ गोला राहुल शुक्ल ने प्रकरण को लेकर बातचीत किया तो वे उखड़ गए। उन्होने कहा कि प्रकरण की जानकारी नही है। भूमि से संबंधित रिकार्ड पुलिस कपास नही रहता है। तो इससे संबंधित शिकायत का निस्तारण वह नही कर सकते।

## कंप्यूटर कोचिंग के लिए निकली किशोरी लापता, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अल्पब्यस्क किशोरी अपने घर से कंप्यूटर कोचिंग के लिये घर से निकली मगर घर वापस नही परिजनो ने काफी ढूंढने का प्रयास किया मगर सफल न होने पर थक हार कर लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस सुसंगत धारा में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वर पुर टोला दरघाट निवासी कुसहर पुत्र रामबेलास ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को दिन के लगभग दो बजे मेरी सत्रह वर्षिय बेटी कंप्यूटर कोचिंग के लिये घर से गयी थी। मगर समय से घर वापस न आने पर परिवार के लोग काफी टूटने का प्रयास किये मगर सफलता नही मिली, मुझे शक है कि गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डुमरी टोला प्यारेपुर का रहने वाला बिवेक पुत्र प्रकाश बहला फुसला कर कही भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है।

## संविदा कर्मी घायल

बकेवर, इटावा। लखना विधुत सब स्टेशन पर तैनात संविदा कर्मी के खराब प्रिन्टर को बकेवर सही कराने के लिए ले जाते समय ट्रैक्टर चालक ने सहकारी समिति के सामने इटावा रोड पर टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने बकेवर 50 शैय्या अस्पताल भिजवाया जहां से चिकित्सक ने हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। लखना नगर के मुहाल कहारान निवासी गौरव दोहरे पुत्र राजेश कुमार लखना विधुत सब स्टेशन में संविदाकर्मी हैं।

**प्रेस विज्ञाप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना निगोहां कमिश्नरेट लखनऊ में नीलामी की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है जिस क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन, माल मुकदमाती, सीज, लावारिस सुरक्षार्थ वाहन चार पहिया, दो पहिया व अन्य बडे वाहन थाना परिसर में खड़े है जिनके सम्बन्ध में उपरोक्त वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रूचि नही ली जा रही है, ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर में खुले आसमान के नीचे खडे होने के कारण उनके इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर स्पष्ट नही है एंव जिनके वाहन स्वामियों का पता तस्दीक हुआ है उनकों नोटिस जारी की गयी है तथा पम्पलेट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के अन्दर अपना नियमानुसार अवमुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनों की नीलामी कराकर पैसा राजकीय कोष में जमा कर दिया जायेगा। जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

**थानाध्यक्ष थाना निगोहां कमिश्नरेट लखनऊ।**

संक्षेप

## जर्मन होम्योपैथी रिसर्च फाउंडेशन की बैठक आयोजित

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर में जर्मन होम्योपैथी रिसर्च फाउंडेशन की बैठक आज संस्थान की इकाई में आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक ने देशहित में शिक्षा, चिकित्सा के प्रचार-प्रसार तथा संयुक्त अंतरराष्ट्रीय शोध एवं जर्मन स्पाजिरिक काउंसिल फॉर रिसर्च की बात कही। संस्थान के उद्देश्य राष्ट्रहित एवं मानवहित में विकसित होंगे। यह जानकारी लखीमपुर खीरी के जर्मन होम्योपैथी रिसर्च के डॉ वी. बी. धुरिया ने दी।

## हमला प्रकरण में दो अभियुक्त गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में बजरंग दल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकाश जायसवाल पर 4 दिसंबर की शाम हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से हमला करने में प्रयुक्त एक डंडा और एक लोहे का बड़ा करछुल भी बरामद किया गया है ।गिरफ्तार आरोपी सतीश गुप्ता पुत्र श्रीराम और उसका बेटा अनिकेत गुप्ता उर्फ सक्षम पुत्र सतीश गुप्ता, दोनों निवासी कांशीराम कॉलोनी हैं। पीड़ित के भाई मंजीत जायसवाल की तहरीर पर सक्षम, सतीश सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के संबंध में बताया गया कि मुन्नूगंज निवासी आकाश जायसवाल सोमवार रात लगभग आठ बजे लखीमपुर से अपने घर लौट रहे थे। रतनद्वार गेट के पास सक्षम और सतीश चाट का ठेला लेकर अचानक बाइक के सामने आ गए और ठेला रोक दिया। आकाश द्वारा रास्ता खाली करने को कहने पर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी ।आरोप है कि आकाश ने जब पुलिस को कॉल करने की कोशिश की तो दोनों ने उन पर हमला कर दिया। करछुल से वाहन के शीशे पर वार कर शीशा तोड़ दिया गया और बाद में अन्य लोगों के साथ मिलकर डंडों व करछुलों से आकाश के सिर पर लगातार हमले किए गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर लखीमपुर रेफर कर दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है, जबकि अन्य अज्ञात हमलावरों की तलाश जारी है। घटना में प्रयुक्त हथियार पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

## बाइक सवार युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गोला शाहजहांपुर स्टेट हाइवे पर ग्राम बगचन के निकट देर शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राहुल पाण्डेय (30) पुत्र राजीव, निवासी ग्राम चोखड़ा, थाना भीरा, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल राहुल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वाहन चालकों का एडीटीसी सेंटर में बनेगा लाइसेंस



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र एडीटीसी की शुरुआत के साथ ही ड्राइविंग टेस्ट और प्रशिक्षण पूरी तरह तकनीक आधारित पर प्रवेश कर गया। जिले की ड्राइविंग दुनिया में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक हो गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र एडीटीसी का लोकार्पण किया। यह केंद्र किसी आम ट्रेनिंग सेंटर जैसा नहीं, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक से सजा ड्राइविंग का स्मार्ट गुरुकुल है।

मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, एआरटीओ शांति भूषण पांडे और केंद्र के एमडी डॉ. कौशल कुमार वर्मा मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद डीएम ने अधिकारियों संग पूरे सेंटर का भ्रमण किया। सेंसर बेस्ड ट्रैक, सिमुलेटर मशीनें, ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम सब देखकर डीएम ने केंद्र के संचालन की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि इससे ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता दोनों को नया आयाम मिलेगा।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि इस केंद्र में सड़क सुरक्षा नियम,ट्रैफिक अनुशासन, इमरजेंसी हैंडलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल ड्राइविंग सेंटर नहीं, बल्कि सुरक्षित नागरिक गढ़ने की कार्यशाला है। एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने कहा कि ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट पूरी तरह निष्पक्ष है। न कोई पक्षपात, न कोई मानवीय भूल वाहन की हर हरकत सेंसर खुद रिकॉर्ड करता है। उन्होंने बताया कि एडिटीसी खुलने से लोगों को अब दूर-दराज ड्राइविंग टेस्ट देने नहीं जाना पड़ेगा।हाँ, लाइसेंस जारी करने का अधिकार आरटीओ/एआरटीओ के पास ही रहेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का शेड्यूल जारी

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि शासन द्वारा माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये है। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन अर्थात प्रथम व तृतीय शनिवार को यदि सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उक्त तिथि का सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा, जिससे जन समस्याओं के निस्तारण में कोई बाधा न उत्पन्न हो सके।

उक्त के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने हेतु चक्रानुक्रम कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 03 जनवरी 2026 को तहसील फूलपुर, 17 जनवरी को निजामाबाद, 07 फरवरी को सदर, 21 फरवरी को मार्टिनगंज, 07 मार्च को बूढ़नपुर, 21 मार्च को मेंहनगर, 04 अप्रैल को सगड़ी, 18 अप्रैल को लालगंज, 02 मई को फूलपुर, 16 मई को निजामाबाद, 06 जून को सदर एवं 20 जून 2026 को तहसील मार्टिनगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 03 जनवरी 2026 को तहसील कलेक्ट्रेट, मेंहनगर एवं सदर में क्रमशः, 17 जनवरी को बूढ़नपुर, सगड़ी एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 07 फरवरी को फूलपुर, कलेक्ट्रेट एवं मार्टिनगंज में क्रमशः, 21 फरवरी को कलेक्ट्रेट, सदर एवं निजामाबाद में क्रमशः, 07 मार्च को सदर, मार्टिनगंज एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 21 मार्च को मार्टिनगंज, कलेक्ट्रेट एवं फूलपुर में क्रमशः, 04 अप्रैल को कलेक्ट्रेट, निजामाबाद एवं बूढ़नपुर में क्रमशः, 18 अप्रैल को लालगंज, बूढ़नपुर एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 02 मई को सगड़ी, कलेक्ट्रेट एवं लालगंज में क्रमशः, 16 मई को कलेक्ट्रेट, लालगंज एवं सगड़ी में क्रमशः, 06 जून को मेंहनगर, फूलपुर एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 20 जून 2026 को निजामाबाद, कलेक्ट्रेट एवं मेंहनगर में क्रमशः आयोजित किया जायेगा।

## कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्म दिन



लखीमपुर खीरी। कांग्रेस कार्यालय लखीमपुर में सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सभी कांग्रेस जनों ने केक काट कर सोनिया के स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की । सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की। इस मौके पर कोमल सिंह, 'चंद्रप्रभा अवस्थी ,मोहन चंद उत्प्रेती, 'रामपाल शाक्य प्रभारी जिला कार्यालय सचिव ,हरगोविंद वर्मा 'नंदकिशोर , 'लतीफ आजम अंसारी 'प्रेम कुमार वर्मा काकू ,शक्ति शरण गौतम ,राजेंद्र गुप्ता 'फकीर मोहम्मद 'इकबाल अहमद 'सरोजिनी अवस्थी, रवि तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

## आधुनिक कृषि तकनीक है पाली हाउस खेती

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा ने बताया है कि 50 प्रतिशत अनुदान पर लगाये पाली हाउस होगी बम्पर कमाई पाली हाउस खेती एक आधुनिक कृषि तकनीक है यह एक नियत्रित वातावरण प्रदान करता है। जो किसानो को प्रतिकूल मौसम की बीमारियों से बचाता है इस तकनीक से खुले खेत की तुलना मे उत्पादन तीन से चार गुना या इससे अधिक हो सकता है बे-मौसम सब्जियों और फूलो के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। कम क्षेत्रफल में अधिक उत्पादन कर अधिक आय अर्जित करने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत संरक्षित खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को पाली हाउस ६ शेडनेट हाउस लगाने पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उद्यान विभाग द्वारा प्रदान किया जा रहा है। पाली हाउस मे बे-मौसम हाई वैल्यू सब्जिया, रंगीन शिमला मिर्च (लाल. पीला) खीरा तथा पुष्प जरवेरा व गुलाब की खेती कर किसान प्रति एकड 10 से 12 लाख रू0 वार्षिक शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकते है, योजना के तहत प्रत्येक कृषक 500 वर्गमीटर से 4000 वर्गमीटर तक आवेदन कर सकता है निर्माण पर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान की सुविधा उपलब्ध है, निर्माण हेतु कृषक के पास 25 प्रतिशत स्वंय की धनराशि होनी चाहिए शेष धनराशि बैक से ऋण के माध्यम से लिया जा सकता है। आवेदन हेतु कृषक खसरा, खतौनी, आधारकार्ड, बैंक पासबुक, की फोटो कापी एवं दो फोटो आवश्यक है, निदेशालय द्वारा अधिकृत कम्पनियों से निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर जिला उद्यान अधिकारी, कार्यालय में जमा किया जा सकता है ।

## असिस्टेंट प्रोफेसर बने अमित मिश्रा

जौनपुर। टेक्निकल यूनिवर्सिटी जर्मनी से मैरीक्यूरी फैलोशिप कर रहे डॉ.अमित कुमार मिश्रा का चयन आई आईटी भिलाई में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। उनके इस चयन से शुभेच्छुओं में हर्ष व्याप्त है। अमित ने स्नातक व परास्नातक की शिक्षा बीएचयू वाराणसी से हुई है। आईआईटी होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट से, पीएचडी उपाधि व पोस्टडॉक आईआईटी कानपुर से की है। वर्तमान में मैरीक्युरी रिसर्च फैलोशिप जर्मनी से कर रहे हैं। बरगांव निवासी अमित मिश्रा के पिता डॉ. रवि चंद्र मिश्रा सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, चार भाइयों में सबसे छोटे अमित मिश्रा हैं। उनके आवास पर आयोजित समारोह डॉ. अमित मिश्रा के चयन पर लोगो ने खुशी जाहिर की है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मुकाबलों में कुशीनगर और बड़वानी की जीत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्व0 श्री राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में स्व. अरविन्द गिरि की स्मृति में आयोजित आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में कंक्रीट एफसी कुशीनगर पडरौना ने न्यू स्टार एफसी दिल्ली को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

मैच के मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. अभिषेक मेहरोत्रा, डॉ. ध्रुव नारायण पुरवार, डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. जे.पी. जायसवाल, डॉ. बैभव जायसवाल, डॉ. मधुकर गिरि, डॉ. योगराज वर्मा, डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. सूर्यप्रकाश वर्मा, डॉ. रवि वर्मा और डॉ. अनुपम कुमार बाला मौजूद रहे। टूर्नामेंट कमेटी के संरक्षक एवं विधायक अमन गिरि की उपस्थिति में सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। दूसरे मुकाबले में बड़वानी एफसी मध्यप्रदेश और रेडिकल एफसी अमृतसर (पंजाब) आमने-सामने हुए, जिसमें मध्यप्रदेश की टीम ने 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच के अतिथि के रूप में रोटरी क्लब सेंट्रल से प्रमोद वर्मा, सचिव दिनेश गुप्ता दिन्नु, पूर्व अध्यक्ष राजीव राजपूत, उमेश जायसवाल, खालिद रियाज और कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया।

टूर्नामेंट में उपाध्यक्ष मदुसूदन गिरि, विमल वर्मा, राजन साहनी, नियामत अली, पंकज गुप्ता, जैनुद्दीन अंसारी (शब्बू), कफील अहमद, भोली गिरी, राजू रावत, राम रछपाल, पंकज तिवारी, आशुतोष गिरि, कन्हैया, कमर अंसारी, ईश्वर चंद तिवारी, सुरमुख सिंह, कमाल अफसर, मनोज, अय्यूब खान, पूर्व सभासद रामू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर चखरा प्रधानव उनकी पत्नी पर मुकदमा दर्ज

लखीमपुर खीरी। निघासन तहसील के एक पीड़ित ने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई जिस पर कोर्ट ने गंभीर धराओ में विपक्षीगणो पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोबरे पुत्र रामगुलाम निवासी ग्रांम चखरा थाना कोतवाली निघासन खीरी ने गजराज पुत्र द्वारिका प्रसाद, ममता देवी पत्नी गजराज निवासी ग्राम चखरा परगना तहसील निघासन थाना कोतावाली निघासन, परमेश्वर पुत्र केदारी निवासी जगनपुरवा विपक्षीगण पर कोर्ट ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने के आदेश जारी किए। बताया जाता है कि गोबरे के पिता रामगुलाम पुत्र छेदी अनपढ व बहुत ही सीधे व्यक्ति है जिनको विपक्षी गजराज जो कि काफी जाल साज किस्म के व्यक्ति द्वारा पीड़ित के पिता को बताया कि तुम्हारे नाम भूमि विकास बैंक निघासन का कर्जा 3 लाख रुपए बकाया है जिससे तुम्हारी भूमि नीलाम हो सकती है। पीड़ित के पिता डर कर जमीन नीलाम होने से बचाने हेतु उन्होने विपक्षी गजराज पुत्र द्वारिका प्रसाद ने जमीन नीलाम होने से बचाने हेतु सलाह मशविरा किया जिस पर विपक्षी गजराज ने कहा कि अपनी चार बीघा जमीन मुझे चार लाख रुपए में बैच दो, जिससे तुम्हारा बैंक का कर्जा भी निपटा दूँगा और शेष पैसा तुमको दे दूँगा। पीड़ित के पिता रामगुलाम बातो पर सहज विश्वास कर उसकी बात से राजी हो गये और 16 मार्च 2022 को अपनी गाटा संख्या 430/0.5880 हे0 में से 0.3240 हे0 का बैनामा विपक्षी की पत्नी ममता देवी के पक्ष में तहसील जाकर करा दिया। बैनामा कराते समय पीड़ित के पिता को गजराज द्वारा कोई पैसा नही दिया गया बल्कि यह कहा गया कि ऋण का पैसा तुम्हारे खाता सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखा निघासन जिला खीरी में 09 मार्च 2022 को जमा कर दिया गया है व शेष पैसा इण्डियन बैंक निघासन में ट्रांसफर कर दिया गया है। गजराज पुत्र द्वारिका प्रसाद से कई बार उक्त विक्रीत जमीन का शेष रु० 2 लाख 60 हजार मांगा तो उक्त गजराज कुछ दिनों तक उक्त धनराशि देने का आश्वासन देते रहे और अन्ततः में सहयोगी परमेश्वर पुत्र केदारी निवासी जगनपुरवा आग बबूला हो गये और भद्दी भद्दी गालिया देते हुये दरवाजे से मारपीट कर भगा दिया। थाना कोतवाली निघासन पर प्रार्थनापत्र दिया किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुयी जिससे आहत होकर कोर्ट में न्याय कि गुहार लगाई जिस पर कोर्ट ने मुकदमा पंजीकृत कर विधि अनुसार विवेचना सुनिश्चित कर कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए। जिसका संज्ञान लेटे हुए थानाध्यक्ष निघासन द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया।

## गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर कीर्तन दरबार का आयोजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के अलीगंज हंडेला गुरुद्वारा साहिब में गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहीदी समागम पर विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में पहुंची संगत ने गुरु साहिब के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने गुरुद्वारे में माथा टेका, बाबा मोहन सिंह जी अमरिया सुंदर बाड़ी एवं बाबा गुरनाम सिंह जी से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। विधायक ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी ने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ है। आज का दिन हमें त्याग, साहस और मानव सेवा के उन आदर्शों को जीवन में उतारने की सीख देता है। हमें गुरु साहिब की बताई राह पर चलकर समाज में सद्भाव, एकता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और मूल्यों को सहेजने का माध्यम हैं। गुरुद्वारा परिसर दिव्य कीर्तन, अरदास और सेवा से दिनभर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के उपदेशों को जीवन में अपनाने की प्रतिज्ञा दोहराई।

कार्यक्रम में कश्मीर सिंह, सतनाम सिंह, निसान सिंह, बिन्दर सिंह, कुलदीप सिंह, पलविंदर सिंह, इकबाल सिंह, देवेंद्र सिंह सहित सिख समुदाय के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। समापन पर संगत को गुरुप्रसाद वितरित कर शांति एवं सद्भाव की कामना की गई।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथ की दी जानकारी



लखीमपुर खीरी। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ देवेश त्रिवेदी ने बताया कि शिवन्या इलेक्ट्रो होम्योपैथिक क्लीनिक से इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति पर हुई है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी की दवाएं एंटी-एनाल्जेसिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती हैं, जो शरीर के ऊर्जा संतुलन को सुधारने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा हम प्राकृतिक तरीके से मरीजों को उपचार प्रदान कर रहे है बिना किसी दुष्प्रभाव के एक सवाल पर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ वे बीमारियाँ हैं जो खराब आदतों, जैसे गलत खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव, धूम्रपान और शराब के कारण होती हैं, जिनमें हृदय रोग, मधुमेह (टाइप-2), मोटापा, उच्च रक्तचाप, और कुछ कैंसर शामिल हैं, और ये भारत सहित दुनिया भर में बढ़ रही हैं,ऐसी गंभीर समस्याओं स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, इन्फर्टीलिटी, गर्भाशय, ओवरी की गाँठ, पथरी,सिर दर्द, माइग्रेन,जोड़ों का दर्द, गठिया रुयूमेटॉइड, अर्थराइटिस, अस्थमा, एलर्जी, लीवर की समस्या सोरायसिस,जलन,एसिडिटी, कब्ज,बवासीर, थायराइड,शुगर, मुँहासे, मस्सा,बालों का झड़ना, दाँतों की समस्या आदि का निदान इलेक्ट्रो होमियोपैथी से बिना किसी दुष्प्रभाव के किया जाता है। डॉ देवेश त्रिवेदी ने बताया मानव शरीर में 3 प्रकृतियों का असंतुलन ही रोगों को जन्म देता है।

## युवक की पिटाई में चार के विरुद्ध मुकदमा

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के बसौली गांव में युवक की पिटाई के मामले में पुलिस ने चार आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है ।घटना बीते गुरुवार रात की है ,जब पुरानी रंजिश को लेकर उक्त गांव निवासी रवि शंकर यादव पुत्र राम बचन यादव को सुलतानपुर जनपद के करौंदीकला थाना क्षेत्र स्थित हाजीपुर निवासी शिवांग यादव एवं शिवांश यादव पुत्र शिवकुमार यादव, धीरू यादव पुत्र पूजन यादव तथा स्थानीय क्षेत्र स्थित पट्टीनरेन्द्रपुर निवासी आयुष सिंह पुत्र चुसनी सिंह ने मिलकर लाठी,डंडे से उसकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दिए ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभी चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है ।थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बाउंड्री वॉल की भूमि पर कब्जा हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

पलियाकलां खीरी। झंडेवालान नई दिल्ली में आदि गुरु गोरखनाथ जी के परम शिष्य श्री श्री 1008 बाबा पीर रतन नाथ जी महाराज जी का सनातन धर्म का पौराणिक स्थान हिन्दू रीति रिवाज के साथ स्थापित है। लगभग 1365 वर्ष पहले



नेपाल में दांग देश जो वर्तमान में रतनपुर मठ के नाम से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जो कि राजा परक्षित जी के पुत्र भगवान शंकर के अंश आदि गुरू गोरखनाथ जी के परम शिष्य बाबा श्री पीर रतन नाथ ने खुरासान में नाथ सम्प्रदाय के केन्द्र के रूप में प्रथम गुरु के रूप में काबुल अफगानिस्तान में सनातन धर्म की ध्वजा के साथ स्थापित किया। 29 नवम्बर 2025 को अचानक डी डी ए व एम सी डी के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ स्थानीय एस डी एम को साथ लेकर मंदिर दरगाह के आगे के कुछ मकान तोड़ने की बात कहने वाले परंतु उन मकानों को तोड़ने के साथ ही मंदिर दरगाह की बाउंड्रीवाल पुष्पवाटिका, पानी की टंकिया, सीवर लाइन, अस्थाई लंगर, प्रसाद हाल बिजली का पैनल का रूम, दो लोहे के गेट आदि भी तोड़ दिया। कारण और आदेश के बारे में पूछने पर उनका कहना था कि हमको ऊपर से आदेश है. हमारी कोई बात नहीं सुनी गई। मंदिर दरगाह का कलेम उस भूमि पर है जहाँ 1948 से कब्जा है और 1973 से लीज है बाकी हमारा कोई विरोध विवाद नहीं है। 29 नवम्बर 2025 को जो मंदिर दरगाह की भूमि पर गैर कानूनी तरीके से अतिक्रमण हटाने के नाम पर ध्वस्तीकरण कर स्टील की बेरीकेटिंग लगाई गई उसे हटाया जाए और मंदिर को अपनी जमीन बॉउंड्री वाल बनाने दिया जाये। इस प्रकरण से पूरे विश्व मंदिर दरगाह के अनुयायियों और सनातन धर्म के मानने वाले सभी नागरिकों एवं साधु संतों में भारी रोष है। आप से सादर अनुरोध है कि श्री मंदिर दरगाह की जमीन मंदिर को ही आवंटित की जाए। ज्ञापन देने वालों मे मानिकचन्द्र अरोडा मंदिर दरगाह श्रीबाबा पीर रतन नाथ पेशावर बाले, पलिया कलां खीरी व अन्य सेवक भक्तगण मौजूद रहे।

## आकाश को मिला राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य का दायित्व



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के समालखा (पानीपत) में आयोजित तेरहवें त्रिदिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में गोला गोकर्णनाथ के अर्जुन नगर निवासी आकाश नारायण अवस्थी को मेरठ बृजप्रांत के विस्तारक एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन का यह अधिवेशन 5 से 7 दिसम्बर तक चला, जिसमें देशभर से शिक्षाविद, शोधकर्ता और कार्यकर्ता शामिल हुए। आकाश अवस्थी छात्र जीवन से ही सामाजिक व संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहे हैं ।सेव एनवायरनमेंट ब्रिगेड में सात वर्ष की उम्र से जुड़े आकाश वर्तमान में इसके अध्यक्ष हैं ।वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और इतिहास संकलन योजना में विभिन्न दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं तथा आचार्य शंकर भारत उद्भासक मंडल के केंद्रीय सचिव भी हैं। नवनियुक्त दायित्व पर आकाश ने कहा कि वे इतिहास लेखन के राष्ट्रीय अभियान को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेंगे।

## आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग

दुद्धी, सोनभद्र। उत्तर प्रदेश मे अजादी के बाद जन जातियों को 2 प्रतिशत आरक्षण मिला जिसमें की थारू, भोक्सा, भाटिया, सहरिया, बजारा, नायक, ओझा, आदि कई जाति आते है और पूर्वाचल में कई जाति के जनजाति छुट गये थे। जैसे गोड़, खरवार, चेरो, बैगा, पनिका, अगरीया, भुईया, पठारी, आदि कई जनजातियों को 2003 में शामिल किया गया और रैपिट सर्वे कर 2014 से शासनादेश और 2015 में पंचायत चुनाव में सम्मलित किया गया। लेकिन पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया। जबकि सरकार के शासनादेश में अकेले सोनभद्र जिला आबादी के आधार पर 20.67 प्रतिशत आदिवासी है। शासनादेश में जिलावार आरक्षण सीट निर्धारित किया गया है। लेकिन ग्राम प्रधान पद हेतु औसत से कम सीट दिया गया। 2025 में रोजगार हेतु कई विभागो में भर्ती प्रकिया चल रहा है। सोनभद्र के आदिवासियों को 20.67 हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। नये शसनादेश में जन जातियों को अबादी के अधार पर अरक्षण मिलना चाहिए ।सोनभद्र के आदिवासी अन्य कई प्रकार के समस्याओ से ग्रसित है। और चाहते है कि अबादी के अधार पर सरकारी नौकरी में अरक्षण मिले जो सोनभद्र आदिवासी के साथ न्यायसंगत होगा ।अंत में उप जिलाधिकारी दुद्धी को ज्ञापन सौपकर न्याय दिलाने व आरक्षण को अबादी के अधार पर बढ़वाने की मांग की।

## कबड्डी और बालीवाल प्रतियोगिता के साथ विधायक खेल स्पर्धा संपन्न

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय खेल मैदान पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय बालक६बालिका की सब जूनियर एवं सीनियर वर्ग की दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा के अंतिम दिन विभिन्न खेलो के विजेताओं को प्रशस्तिपत्र, मेडल, शील्ड और अन्य पुरस्कार देखकर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह गौड, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि अवध नारायण यादव, चेयरमैन कमलेश मोहन ने संयुक्त रूप से देकर सम्मानित किया ।दूसरे दिन कब्बड्डी और बॉलीबॉल खेल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिसमें रासपहरी म्योरपुर विजेता रही वही विंढमगंज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मंच का संचालन अविनाश वाह वाह ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, शिवशंकर गुप्ता, अमर सिंह खरवार, सुधीर कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## संसद ने राज्यसभा में उठाया टीईटी की अनिवार्यता का मुद्दा

जौनपुर। मंगलवार को देश की उच्च सदन राज्यसभा में भाजपा राज्यसभा सांसद ने शून्यकाल के दौरान टीईटी अनिवार्यता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि.आज देश में सरकार द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बहुत ही सराहनीय प्रयास किया जा रहा है ।20 से 30 वर्ष से कार्यरत शिक्षक सरकार द्वारा दिये जा रहे लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप बच्चों को कंप्यूटर एआई और कोडिंग सीखा रहे है जिससे ग्रामीणांचल के करोडो बच्चों का भविष्य उनके ज्ञान और अनुभवों से संवर रहा है वहीं दूसरी तरफ ये सब कार्यों को अंजाम देने वाले शिक्षक सुप्रीमकोर्ट के हालिया आदेश से अत्यंत ही अवसाद से गुजर रहें हैं, बच्चों को शिक्षा देने वाले गुरुजन आज खुद तनाव से गुजर रहे हैं। मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि इन शिक्षकों के लंबे कुशल शिक्षण अनुभ व समय समय पर विभागीय प्रशिक्षण से अपडेट शिक्षकों को जो आरटीई एक्ट के लागू होने के पूर्व के नियुक्त हैं उन्हें टीईटी अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए ।सदन में शिक्षकों की बात रखने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अमित सिंह व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने धन्यवाद जताते हुए कहा कि विगत दिनों हम लोगों ने मा0 सांसद जी से मिलकर संगठन की तरफ से ज्ञापन देकर देश की लाखों शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट की मांग की थी जिस पर सांसद महोदया ने आश्वस्त किया था कि हम इस मुद्दे को सदन में उठाएंगे और सरकार से शिक्षकों के पक्ष में कानून में संसोधन की मांग करेंगे। उन्होंने देश के लाखों शिक्षकों एवं अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की तरफ से सांसद सीमा द्विवेदी का आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## कुएं में मिला शव मची सनसनी

आजमगढ़। जनपद के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के नीबी गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक कुएं में गिरा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रस्सी की मदद से शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान मन्नू यादव, निवासी मुबारकपुर थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। जिस कुएं में वह गिरा था, वह काफी गहरा होने के कारण फायर ब्रिगेड टीम को शव निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आखिरकार शव को बाहर निकाला जा सका। शव बाहर निकलते ही पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## बाइक सवार दो मजदूरों की सड़क हादसे में मौत

आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के सिकंदर पट्टी गांव के समीप वाराणसी-अयोध्या मार्ग पर देर रात सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार दो मजदूरों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रंजन कुमार 23 वर्ष पुत्र मुद्रिका राम निवासी ग्राम मगुराहा असली, थाना राजपुर, जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) और कामेश्वर भगत 49 वर्ष पुत्र जय लाल भगत निवासी ग्राम रामपुर सितुआही, थाना साहिबगंज, जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) के रूप में हुई है। दोनों मजदूर सुल्तानपुर जनपद के ढेमा स्थित एक विद्यालय में मजदूरी करते थे। सोमवार शाम दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर जौनपुर जनपद के शाहगंज में रहने वाले अपने एक दोस्त से मिलने गए थे। देर रात दोस्त से मिलकर वे ढेमा, सुल्तानपुर वापस लौट रहे थे। जब उनकी बाइक आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र के सिकंदर पट्टी गांव के पास पहुंची, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। यह घटना वाराणसी रोड पर दिलावरपुर रेलवे फाटक के पास हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया मृतक की पहचान मड़ियाहूं नगर पंचायत के काजीकोट मोहल्ला निवासी मनोज प्रजापति पुत्र रमाशंकर प्रजापति के रूप में हुई है। मनोज प्रजापति दिलावरपुर स्थित रेलवे फाटक के पास पैदल जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस भिजवा दिया। मृतक के भाई विनोद प्रजापति ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मड़ियाहूं कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।विनोद प्रजापति ने अपनी तहरीर में बताया कि उनके भाई मनोज प्रजापति मानसिक रूप से कमजोर थे। मंगलवार सुबह परिजन पंचनामा भरने के लिए मड़ियाहूं कोतवाली पहुंचे।

# पौधरोपण के लिए स्थल चिन्हित कर लें: डीएम



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु जिन विभागों को जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, उसके अनुरूप पौधरोपण हेतु स्थल चिन्हित कर लें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण हेतु फलदार पौधों की डिमाण्ड की जाती है, उन्हे पौध रोपण हेतु फलदार पौधे उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि जिन विभागों को फलदार पौधों की आवश्यकता हो, वह वन विभाग को पौधों की संख्या उपलब्ध करा दें, इस दौरान उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी संज्ञान में आता है कि कम्पनियों से निकलने वाले फ्लाई ऐश सड़क के किनारे ट्रक, डम्फर द्वारा फेंक कर चले जाते हैं, फ्लाईऐश सड़क के किनारे गिरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस तरह के कार्य करने वाले ट्रान्सपोर्टरों, ट्रक मालिकों व कम्पनियों के विरूद्ध पेनाल्टी की कार्यवाही प्रदूषण विभाग, एआरटीओ व वन विभाग आपसी समन्वय कर साथ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सड़कों पर ओवर लोड कुड़ायुक्त वाहन जो कचरा सड़कों पर गिरा देते हैं, ऐसे वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कहा कि प्रत्येक महीने ग्राम पंचायतों में ग्रीन चैपाल का आयोजन शासन के निर्देश के क्रम में किया जायेगा। इस बार ग्रीन चैपाल का आयोजन जुगैल ग्राम में 12 दिसम्बर,2025(शुक्रवार) को किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सोन नदी के किनारे बसे गांवों में आर्गेनिक खेती करने हेतु जागरूक किया जाये, जिससे कम पानी की लागत में अधिक उत्पादन हो सकें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डीएफओ राबर्ट्सगंज आशुतोष जायसवाल, डीएफओ ओबरा दिलीप कुमार तिवारी, डीएफओ रेनुकूट कमल कुमार, एसडीओ शत्रुधन तित्रपाठी, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जब किसी ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने बना डाली जुगाड़ से पुलिया



दुद्धी, सोनभद्र। भारत गांवों का देश हैं और भारत की आधे से अधिक आबादी गांवों में रहती हैं। गाँव के लोग जहाँ कोई साधन नहीं होती वहाँ अपने तरीके से जुगाड़ बना लेते हैं। ऐसा ही एक मामला दुद्धी तहसील एवं ब्लॉक क्षेत्र के डुमरा गाँव के जोरकहू गाँव के ग्रामीणों की हैं जहाँ कई वर्षों पहले पुलिया टूट गई थी।

पुलिया बनवाने के लिए ग्रामीणों ने कई जन प्रतिनिधियों से गुहार लगाई और जन प्रतिनिधि हर चुनाव में टूटी पुलिया बनवाने का वायदा करते रहे लेकिन पुलिया नहीं बन सकी। बस्ती को जोड़ने वाली पीसीसी सड़क की पुलिया टूटने से बस्ती के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बस्ती जाने का अन्य कोई मार्ग नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने स्वयं मिलकर लकड़ी और खम्भे के सहारे पुलिया का निर्माण कर लिया जिससे होकर ग्रामीण अपनी बस्ती में आने-जाने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि आज से करीब 10 साल पहले पुलिया टूट गई, बनवाने के लिए करीब 5-6 साल इंतजार किया गया जब किसी ने नहीं सुना तो आज से 3-4 साल पहले बस्ती में एक आदिवासी ने एक गाड़ी खरीदी लेकिन पुलिया टूटने के कारण उसकी गाड़ी घर तक नहीं जा पा रहीं थी फिर क्या था आदिवासी जनजातियों ने अपनी देशी जुगाड़ से देशी पुलिया का निर्माण कर दिया। हालांकि देशी जुगाड़ से बनी पुलिया 3-4 साल चलने के बाद अब धीरे -धीरे जर्जर स्थिति में पहुंच गया हैं फिर ग्रामीण जान हथेली पर लेकिन लकड़ी की जर्जर पुलिया से आने -जाने को मजबूर हैं।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई गंभीर रूप से घायल

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के गोपालपुर में दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष को गंभीर चोट आने पर उसे जिला अस्पताल मिजार्पुर रेफर कर दिया गया है। बताते चलें कि मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोपालपुर के पसिया में हरिराम पुत्र पतरू का कई सालों से जमीनी विवाद चला आ रहा था। इस संबंध में राजस्व विभाग को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था, परंतु कई माह बीत गया परंतु राजस्व निरीक्षक व लेखपाल द्वारा मामले को सुलझाने के बजाए डेट पर डेट देकर टाल मटोल किया जा रहा था। परिणामस्वरूप मंगलवार 9 दिसंबर 2025 को विपक्षी कैलाश, सुरेश, रामविलास, संतलाल, नंदलाल सभी पुत्रगण फागू व 8 अज्ञात लोगों ने मिलकर हरीराम पुत्र पतरु व राकेश कुमार पुत्र हरिराम, कृष्ण कुमार पुत्र सती राम, संगीता पत्नी हरिराम रमेश पुत्र हरिराम को लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारने-पीटने लगे। शोर गुल होने पर बीच-बचाव के बाद पुलिस सहायता 112 नंबर पर फोन करके अवगत करा कर एंबुलेंस 108 को बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान ले जाया गया जहां सभी घायलों को गंभीर चोट होने के कारण मिजार्पुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में दहशत देखा जा रहा है तो वहीं पीड़ित परिवार के अन्य लोगों को जान-माल का खतरा बना हुआ है। दूसरी ओर थाना प्रभारी मड़िहान ने बताया है कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है आरोपियों पर कार्रवाई के लिए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## टोल प्लाजा के आसपास फैले अस्थायी अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई शुरू

मीरजापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से मिले प्रतिवेदन पर प्रशासन ने मंगलवार को अतरैला स्थित शिवगुलाम टोल प्लाजा के आसपास फैले अस्थायी अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई शुरू की। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद तहसील प्रशासन व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पटरी पर बने अस्थायी ढांचों को हटाकर मार्ग को सुचारू कराया। टोल प्लाजा के आसपास दिनों से अवैध रूप से दुकानें, ठेले और अस्थायी निर्माण खड़े होने की शिकायत मिल रही थी। बताया गया था कि इनसे वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न होती है और टोल पर अनावश्यक भीड़ लग जाती है। शिकायत के आधार पर क्षेत्र का निरीक्षण कराने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया।निर्देश मिलने पर नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा पुलिस बल के साथ सुबह ही टोल क्षेत्र पहुंचे। अधिकारियों ने पहले संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए समझाया फिर निर्धारित समय के भीतर न हटाने पर प्रशासनिक बल की मदद से पटरी पर खड़े अस्थायी ढांचे, ठेले और अवरोधों को हटवाया गया। इस दौरान मार्ग पर खड़े वाहन भी एक-एक कर हटाए गए।अभियान के दौरान अधिकारी पूरे समय मौजूद रहे और सुनिश्चित किया कि टोल प्लाजा के दोनों ओर यातायात बिना रोक-टोक चलता रहे। प्रशासन का कहना है कि हाईवे की पटरियों पर अतिक्रमण यातायात के लिए खतरा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।अतिक्रमण हटने के बाद टोल के आसपास वाहनों की आमद-रफ्त पहले की तुलना में सहज दिखी।

## 75 जनपदों में आजमगढ़ को मिला प्रथम स्थान

आजमगढ़। जन शिकायत निवारण के सबसे बड़े सरकारी पोर्टल आईजीआरएस पर आजमगढ़ पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में प्रथम स्थान हासिल किया है। सबसे खास बात यह है कि जनपद के सभी 25 थाने भी व्यक्तिगत रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर नंबर-1 रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के मार्गदर्शन और लगातार मॉनिटरिंग के चलते नवंबर 2025 माह में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। फरियादियों से लिया गया फीडबैक भी पूर्णतः संतुष्टि वाला रहा, जिसके आधार पर शासन ने यह रैंकिंग जारी की है। उच्चाधिकारियों ने भी इस उपलब्धि पर आजमगढ़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। जनपद के महानगर थाना, देहात कोतवाली, रानी की सराय, कंधरापुर, गंभीरपुर, निजामाबाद, मुबारकपुर, जहानागंज सहित सभी 25 थानों ने प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है कि एक ही जनपद के सभी थाने एक साथ टॉप पर रहे। इस उपलब्धि से आमजन में आजमगढ़ पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस कप्तान ने सभी थानाध्यक्षों, चौकी इंचार्जों व कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता की सेवा और शिकायतों का त्वरित निस्तारण ही हमारी प्राथमिकता है। यह सफलता पूरे जनपद पुलिस परिवार की मेहनत का परिणाम है।

# युवती पर ब्लेड से हमला करने वाले मुख्य आरोपी का गंगा नदी में मिला शव

मीरजापुर। जिले में लोगों को बुरी तरह से झकझोर कर रख देने वाले बहुचर्चित ब्लेडवार मामले में नया मोड़ आ गया है। युवती पर ब्लेड से हमला करने वाले मुख्य आरोपी का मंगलवार को घटना के पांचवें दिन गंगा नदी में उतराया हुआ शव मिला है।

पूरा मामला अब हत्या-आत्महत्या के बीच उलझ कर रह गया है। युवती के घर में घुसकर ब्लेड से गला रेत आरोपी फरार हो गया था। चार दिन बाद गंगा नदी में उतराया हुआ अब्दुल सैफ का शव मिला। सैफ का शव शहर कोतवाली क्षेत्र के महर्षि दयानंद स्कूल के पास उतराया हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। दूसरी ओर घायल लड़की का वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। घटना के बाद भारी जनाक्रोश और विभिन्न संगठनों के सड़क पर लगातार उतरकर विरोध प्रदर्शन करने से पुलिस की मुश्किलें जहां बढ़ती जा रही थी वहीं मामले में चार दिन से पुलिस आरोपी का तस्वीर दिखाकर कर उसकी तलाश करती रही है। घटना के विरोध में लगातार हिंदू संगठन सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे थे। लड़की के भाई ने आरोप लगाया था धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 9 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार सभी आरोपी मृतक के है रिश्तेदार और परिवार के हैं। सोमवार को प्रदर्शन कर हिंदू संगठनों ने आरोपी सैफ के 72 घंटे का गिरफ्तारी का अल्टीमेटम दिया था। पुलिस ने तनाव को देखते हुए संवेदनशील इलाके में जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर दिया था। ब्लेड कांड के मुख्य आरोपी का गंगा नदी में उतराया हुआ शव बरामद होने के बाद सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## मारा गया या किसी साथियों की साज़िश का शिकार हुआ

मिर्जापुर नगर के बहुचर्चित ब्लेड गांड के मुख्य आरोपी अब्दुल सैफ का घटना के पांचवें दिन गंगा नदी में उतराया हुआ शव बरामद होने के बाद भले ही इस घटनाक्रम का पटाक्षेप हो गया हो सबसे बड़ा सवाल यह है कि सैफ मरा, मारा गया या अपने ही किसी साथियों की साज़िश का शिकार हुआ ? लाश मिलने के बाद सैफ के चेहरे पर मसलन मुंख पर जख्म के निशान अनायास ही कई सवालों को जन्म दे रहे हैं। बताते चलें कि घटना में अब्दुल सैफ के साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आशंका जताई जा रही इस मामले में उसके कुछ और भी उसके साथी उसके राजदार रहें हों, जिन्हें पुलिस की सख़्त कार्रवाई से सैफ के पकड़े जाने के बाद अपनी भी गर्दन फंसने की आशंका बढ़ गई हो सो खुद को बचाने की गरज से सैफ को ही ठिकाने लगाने की गरज से आनन-फानन में गंगा नदी में मार कर बहा दिया। सैफ की गंगा नदी में जहां लाश मिली है वहां से उसके घर की दूरी तकरीबन एक किमी से भी कम है ऐसे में घर के करीब लाश का मिलना तरह-तरह की आशंकाओं को भी बल प्रदान कर रहा है। बहरहाल मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा।

## अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में आजमगढ़ पुलिस और साइबर सेल ने एक बड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक यूपीकॉप ऐप से एफआईआर डाउनलोड कर पीड़ितों का नाम-पता निकालता था और फिर फर्जी पुलिस बनकर क्यूआर कोड के जरिए पैसे ठगता था।पुलिस ने मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के दो अभियुक्तों अंकित यादव (24 वर्ष), पुत्र स्व. धर्मजीत यादव, निवासी भदरई, थाना लेधौरा, जिला टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश), दीनदयाल यादव (45 वर्ष), पुत्र भईयालाल यादव, निवासी कनेरा बरियन, थाना बम्हौरी कला, जिला टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) को आजमगढ़ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 2 रियलमी मोबाइल फोन, 1 फर्जी पुलिस परिचय पत्र, 4 फर्जी आधार कार्ड, कई टूटे हुए जियो और एयरटेल सिम कार्ड बरामद किया।

थाना जहानागंज पर मुकदमा दर्ज है। अभियुक्तों के खिलाफ भदोही साइबर थाने में भी पहले से एक मुकदमा दर्ज है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि यूपीकॉप ऐप से एफआईआर डाउनलोड कर पीड़ित का नाम, पता और केस की पूरी डिटेल निकालते थे। ग्राम प्रधानों के नंबर गूगल और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से लेकर पीड़ित का मोबाइल नंबर पता करते थे। खुद को उसी थाने का सिपाही बताकर कॉल करते और कहते आपका लड़का/लड़की मिल गया है, गिरफ्तारी होने वाली है, केस रफा-दफा कर देंगे या मदद चाहिए तो पैसे भेजो। फिर अलग-अलग क्यूआर कोड भेजकर तुरंत पैसे मंगवा लेते थे। एक मामले में मेहनगर क्षेत्र की महिला सविता से ठगों ने अपनी लड़की मिलने का झांसा देकर क्यूआर कोड पर 22,000 रुपये ठग लिए थे। अभियुक्त अंकित यादव के फोन से अलीगढ़, गोंडा, गाजीपुर, अमरोहा, गोरखपुर, औरैया, अमेठी, हमीरपुर आदि जिलों की 12 एफआईआर मिलीं, जिनके पीड़ितों को ये लोग निशाना बनाने वाले थे। एनसीआरपी पोर्टल पर इनके खिलाफ तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी अज्ञात व्यक्ति खुद को पुलिसकर्मी बताकर पैसे या क्यू कोड मांगे तो तुरंत नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। यूपीकॉप ऐप से एफआईआर डाउनलोड करने की सुविधा सिर्फ पीड़ित या अधिकृत व्यक्ति के लिए है, इसका दुरुपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## ज्वैलरी और इलेक्ट्रॉनिक दुकान से 10 लाख रुपये से अधिक का माल और नकदी चोरी

आजमगढ़। जिले के सिधारी क्षेत्र में बीती रात चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए दो दुकानों को निशाना बनाया। ज्वेलरी और इलेक्ट्रॉनिक दुकान से लगभग 10 लाख रुपये से अधिक का माल और नकदी चोरी कर चोर फरार हो गए। सिधारी हाइडिल निवासी सुनील वर्मा की पुराने पुल के पास स्थित ज्वेलरी की दुकान में चोर दुकान के पिछवाड़े बनी करीब 25 फीट गहरी खाई से चढ़कर अंदर दाखिल हुए। दुकानदार के अनुसार चोरों ने रिपेयरिंग के लिए रखे लगभग ढाई किलो चांदी के आभूषण और 30 ग्राम सोने के जेवर चोरी कर लिए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। वहीं बगल की इलेक्ट्रॉनिक दुकान (जमालपुर निवासी ओमप्रकाश यादव की) से चोर 60 हजार रुपये नकद ले उड़े। सुबह मकान मालिक ने दुकानदारों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद दोनों व्यापारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना पर सीओ नगर शुभम तोदी पुलिस बल के साथ तुरंत पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। सीओ ने बताया कि ज्वेलरी दुकान की मुख्य अलमारी में रखा सामान सुरक्षित है, सिर्फ रिपेयरिंग के लिए बाहर रखा माल चोरी हुआ है। दोनों दुकानों में चोरी के अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस जल्द चोरों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

## फल वितरित कर मना सोनिया का जन्मदिन



जौनपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला महिला चिकित्सालय में मरीजो में फल वितरित कर मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांधी परिवार की बहू श्रीमती सोनिया गांधी जी आदर्श भारतीय संस्कृति की सबसे मजबूत मिशाल है, वे कुशल राजनीतिज्ञ के साथ ही एक आदर्श मां और सनातन परम्पराओ के अनुरूप उत्कृष्ट विदुषी महिला के रुप में सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हुई है। उनका सम्पूर्ण जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित है।शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी जी विश्व की तीसरी सबसे शक्तिशाली महिला के रुप में स्थापित है, पूरी दुनिया उन्हें भारत की आदर्श बहू एवं कुशल वैश्विक राजनीतिक की धुरी के रूप में जानती है। प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सन्तोष गिरि, महासचिव अरुण शुक्ला, जिला सचिव इरशाद खान, शहनवाज मंजूर, फैयाज हाशमी, शैलेंद्र यादव, प्रेम चंद मौर्य, मुहम्मद ताहिर, इकबाल हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं के लिए चरक शपथ समारोह आयोजित



मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मीरजापुर में नव प्रवेशित एमबीबीएस सत्र-2025-26 के छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशानुसार चरक शपथ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को चरक शपथ समारोह में लिए गये शपथ के सम्बन्ध में चिकित्सक के नैतिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक अपना सुझाव दिया गया। डाक्टर धरती पर भगवान का दूसरा रूप होता है के सन्दर्भ में जिलाधिकारी द्वारा छात्रों को भविष्य में डाक्टर की भूमिका में मरीजों के प्रति सहानुभूति, उदारता एवं आपसी समन्वय से उपचार की सलाह दी। इस दौरान मां विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मीरजापुर के प्रधानाचार्य प्रो. डा. संजीव कुमार सिंह के द्वारा जिलाधिकारी का चरक शपथ समारोह में उपस्थित होने के लिए स्वागत किया गया, तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व नृत्य का प्रदर्शन किया गया एवं प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को रियल लाईफ व रील लाईफ के गुण-दोष के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा उपस्थित नव प्रवेशित एमबीबीएस सत्र 2025-26 के छात्र-छात्राओं को चरक शपथ दिलाया गया। इस दौरान इस चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत प्रो डा विपिन कुमार, डा सचिन किशोर, डा क्षितिजराज, डा पंकज पाण्डेय, डा राकेश कुमार सिंह, डा जयपाल सिंह, डा दुर्गेश सिंह, डा सोनाली चतुर्वेदी, डा शशिप्रभा सिंह, डा क्वैशन अख्तर, डा वन्दना द्विवेदी, डा आरती राय, डा आकांक्षा दुबे, डा ईश्वर प्रसाद इत्यादि चिकित्सा शिक्षक एवं डाक्टर उपस्थित रहे।

## युवती को भगाने में पांच के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सरैया गांव के अनुसूचित बस्ती का निवासी एक युवक अपने घर के पड़ोस की एक 18 वर्षीय युवती को चार दिन पूर्व भगा ले गया था।युवती के परिजन के तहरीर पर युवक सहित उसके परिवार के पांच के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।उक्त गांव के अनुसूचित बस्ती की एक महिला ने नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पांच दिसंबर को गांव का एक युवक उसकी 18 वर्षीया पुत्री को भगा ले गया है।तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि युवती को भगाने में युवक के पिता और भाई सहित दो अन्य लोगो ने भी सहयोग किया। थानाध्यक्ष जफराबाद श्री प्रकाश शुक्ल ने बताया कि महिला की तहरीर पर सरैयां गांव के अनुसूचित बस्ती के विवेक कुमार उसके भाई और पिता सहित पांच के खिलाफ अपहरण की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पांच महीने पहले भी युवक द्वारा लड़की के साथ छेड़खानी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज हुआ था। मोबाइल फोन ट्रेस कर जांच पड़ताल की जा रही है। मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

# एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत




सोनभद्र। आरएलआई विंध्याचल में 8 दिसंबर 2025 को दो सप्ताह के एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम (म्क्क्) का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से नॉर्दर्न रीजन के विभिन्न एनटीपीसी स्टेशनों कृ विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद, मेजा, दादरी, उंचाहार एवं टांडा से आए 23 नव-नियुक्त एग्जिक्यूटिव्स को नेतृत्व विकास की संरचित यात्रा से जोड़ा गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पेशेवरों में रणनीतिक दृष्टिकोण, अंतर-विभागीय समझ एवं नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना है, ताकि वे भविष्य में अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण भूमिकाओं को सफलतापूर्वक निभा सकें।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने सभी प्रतिभागियों को एग्जिक्यूटिव कैडर में प्रवेश हेतु बधाई दी और बदलते ऊर्जा परिदृश्य में दूरदर्शी एवं चुस्त नेतृत्व विकसित करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम, प्रतिभागियों को आवश्यक प्रबंधकीय कौशल, पेशेवर आत्मविश्वास तथा नेतृत्वकारी सोच से सशक्त करेगा, जो एनटीपीसी की निरंतर सीखने और उत्कृष्टता की संस्कृति के अनुरूप है। मुख्य अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डॉ. देबसमिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) ने बताया कि यह कार्यक्रम कर्मचारियों को एग्जिक्यूटिव भूमिका में संक्रमण के दौरान आवश्यक कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जो व्यापक जागरूकता, अनुकूलनशीलता और प्रभावी पारस्परिक संचार की अपेक्षा रखती है। उन्होंने बताया कि इसमें आउटबाउंड लर्निंग मॉड्यूल भी शामिल है, जो टीम सामंजस्य एवं अनुभव आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देगा। प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे पूरे उत्साह के साथ इस सीखने की यात्रा में शामिल हों और अपने संबंधित प्रोजेक्ट्स में लौटकर बेहतर प्रदर्शन के साथ योगदान दें।

## 80 लाख के हेरोईन पाउडर के साथ तीन गिरफ्तार



जौनपुर। जफराबाद पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने अवैध नशीली हेरोईन की तस्करी करने के मामले में तीन शातिर अन्तर्जनपदीय तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 400 ग्राम हेरोईन को बरामद किया है। इसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 80 लाख रुपया बताई गई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया है कि मीडिया को बताया कि मंगलवार को बेलाव घाट पुल पर वाहन चेकिंग के दौरान तीन व्यक्ति जो अवैध हिरोईन की तस्करी के लिए जनपद गाजीपुर से जनपद जौनपुर के लिए एक बिना नंबर प्लेट मोटर साइकिल से आ रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर थाना जफराबाद पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने हेरोईन तस्कर राकेश यादव पुत्र कन्हैया यादव निवासी बड़हरा थाना नन्दगंज जिला गाजीपुर , सिकन्दर यादव उर्फ गुडडू पुत्र रामजनम यादव निवासी बड़हरा थाना नन्दगंज जिला गाजीपुर व आकाश चैहान पुत्र तिलकधारी चैहान निवासी नन्दगाँव हुसैनाबाद थाना लाइन बाजार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गयें तस्करों के पास से करीब 80 लाख रुपएं अन्तर्राष्ट्रीय किमत के 400 ग्राम नशीली हेरोईन पाउडर, एक डिजीटल तराजू, सात मोबाइल फोन और एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद किया। पूछताछ की तो उन तीनों ने बताया कि हम लोग जनपद गाजीपुर से हेरोईन खरीदकर लाते हैं और अधिक कीमत पर बेचते हैं। तीनों तस्कर नशीले पाउडर हेरोईन को लेकर गाजीपुर से जौनपुर जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जौनपुर में भी कुछ खास व्यक्तियों को हेरोईन सप्लाई करते हैं।

## फर्जी डाक्टरों का विरोध करने वाले जंग बहादुर को धुना

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोरीडिहा लपरी शाहगंज मार्ग पर सोमवार शाम फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आवाज बुलन्द करने वाले समाज विकास क्रांति पार्टी के महासचिव जंग बहादुर उर्फ जेबी राठौर को बुरी तरह पिटाई कर दी गयी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होते ही पुलिस चिकित्सकीय परीक्षण के साथ आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने में जुटी हुई है।बताते है कि जंग बहादुर शहर से अर्जनपुर स्थित अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान आरोप है कि लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग वाहनों से पहुंचे और उनकी गाड़ी रोककर उन्हें बाहर घसीट कर मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए और उन्हें सड़क किनारे छोड़ फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल नेता को अस्पताल पहुंचाया।जंग बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में दावा किया है कि वे लंबे समय से फर्जी डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान चला रहे थे। उनकी शिकायत पर कई अस्पतालों की जांच हुई और कुछ को बंद भी कराया गया।इसी वजह से डॉक्टरों और उनके समर्थकों ने गोलबंदी कर उन पर हमला किया, ऐसा आरोप पीड़ित ने लगाया है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र पांडेयने बताया कि जानकारी होने पर तुरंत पीआरबी जवानों को घटनास्थल पर भेज कर पीड़ित को अस्पताल भेजा गया और तहरीर लेकर रात ही में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई को किया जा रहा है।

**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., जौनपुर**

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 2026-27 हैण्डलिंग टेण्डर/1422-1423 दिनॉकः-08.12.2025

**निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा जौनपुर में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 15.12.2025 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(कृष्ण शिव देव सिंह)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-जौनपुर

मो.नं.- 8765984600 - jaunpurpcf@gmail.com

संक्षेप

## पेंशनर दिवस का आयोजन 17 को

**कुशीनगर**। राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु पेंशनर दिवस कार्यक्रम के तहत आगामी 17 दिसंबर 2025, को पूर्वाह्न 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, कुशीनगर में पेंशनर दिवस आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में होने वाले इस बैठक में पेंशनरों की पेंशन, भुगतान, कटौती, चिकित्सा प्रतिपूर्ति सहित अन्य समस्याओं की सुनवाई की जाएगी तथा मौके पर निस्तारण किया जाएगा। शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में सभी कार्यालयाध्यक्ष, वित्त, लेखा, कोषागार, कार्मिक आदि को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पेंशनरों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए यह मंच अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने सभी पात्र पेंशनरों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ प्रस्तुत करें, ताकि उनका निस्तारण शीघ्रता से किया जा सके।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पुत्र का निधन, शोक की लहर

**तिलोई-अमेठी**। विकास क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं व्यवसायी सुरेश त्रिवेदी के ज्येष्ठ पुत्र आशीष त्रिवेदी का मंगलवार को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे और पीजीआई में उनका उपचार जारी था। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कुटमरा स्थित उनके तिलोई आवास पर बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे तथा शोक संवेदनाएं व्यक्त की। कुटमरा गांव स्थित बाग में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, कमलेश अग्निहोत्री भवानी दत्त दीक्षित, ऋषि दीक्षित परमानंद मिश्रा, सेठ सुन्दर लाल, सुनीता सिंह, इंदु कुमार पाठक, सुरेंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार तिवारी, हीरा सिंह, कर्ण बाजपेयी, चंद्र मोहन तिवारी, महबूब खां बुग्गी, मोङ्क लतीफ, अभिषेक अग्निहोत्री दीपू शुक्ला अवनीश तिवारी आदि क्षेत्र के हजारों गणमान्य उपस्थित रहे।

## आगरा में 14 को निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

**आगरा**। सरबंसदानी साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व से पूर्व निकाले जाने वाले पारंपरिक नगर कीर्तन की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले इस भव्य नगर कीर्तन की व्यवस्थाओं को लेकर सिख समाज का एक प्रतिनिधिमंडल आगरा के डीएम अरविंद बंगारी मलप्पा और डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार से उनके कार्यालय में मिला। बैठक में श्री गुरु सिंह सभा माईथान के प्रधान कंवलदीप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों में गुरुद्वारा माईथान साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी कुलविंदर सिंह, गुरुद्वारा गुरु का ताल के महंत हरपाल सिंह, सिंह सभा के चेयरमैन परमात्मा सिंह अरोड़ा, समन्वयक बंटी ग्रोवर, पाली सेठी, वीरेंद्र सिंह और प्रवीण अरोड़ा शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर कीर्तन से पूर्व मार्ग का निरीक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाए। जिलाधिकारी ने इस पर शीघ्र बैठक कराने का आश्वासन दिया। डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने भी पूर्व वर्षों की तरह यातायात व्यवस्थाएँ सुचारू रखने का भरोसा दिलाया।

# डीएम ने एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा की

## खराब प्रगति वाले सुपरवाइजरों व बीएलओ को चार्जशीट देने के निर्देश



**फिरोजाबाद**। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने विधानसभा 97 फिरोजाबाद के अंतर्गत चल रहे एसआईआर प्रकिया के तहत किए गए कार्यों के मूल्यांकन हेतु समस्त इस विधानसभा से सम्बन्धित ईआरओ, एईआरओ और सुपरवाइजरों के साथ बूथवार कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि एईआरओ ओम प्रकाश अकेला का बीएलओ मैपिंग का कार्य अत्यंत खराब है, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीएम नमामि गंगे और नगर मजिस्ट्रेट को लगाकर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिन बूथों पर बीएलओ मैपिंग का डाटा अत्यंत खराब स्थिति में है, वहां उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि वह अपनी टीम के साथ बीएलओ मैपिंग का कार्य ठीक कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिन बूथों पर नो मैपिंग का डाटा अधिक है, उसको मैप कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया और जिन सुपरवाइजर व बीएलओ की प्रगति इसमें खराब है, उनको भी चार्जशीट देने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सहित पाण्डेय सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम

**कुशीनगर**। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशानिदेर्शों के अनुपालन में जनपद कुशीनगर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा बाल विवाह मुक्त के सम्बंध में जानकारी दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया गया है कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान ने 27 नवम्बर 2025 को एक वर्ष पूर्ण किया है। इस अवसर को स्मरणीय और प्रभावी बनाने के लिए पूरे देश में 100 दिनों का विषयगत अभियान चलाया जा रहा है।

बाल विवाह की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम। समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता की भावना विकसित करना। कानूनों एवं सरकारी योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं एवं बालकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। इसी क्रम में जनपद स्तर पर गतिविधियों को संचालित एवं मॉनिटर करने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया है। समिति में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल किए गए हैं, जो अपने-अपने स्तर से अभियान को गति देंगे।

जिलाधिकारी-अध्यक्ष, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण- सदस्य, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति-नोडल अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (चाइल्ड हेल्पलाइन), डीएमसी, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी-सदस्य, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट -सदस्य, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी- सदस्य, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी- सदस्य, नगर पालिका परिषद के समस्त अधिशासी अधिकारी- सदस्य, मदद फाउंडेशन सहित अन्य स्वैच्छिक संगठन सदस्य, समिति जनपद में बाल विवाह पर रोकथाम, जागरूकता कार्यक्रमों, विभागीय सहयोग और अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निभाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित को ननिर्देशित किया जाए कि बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम 27 नवम्बर से 08 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाकर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित करना सुनिश्चित करें।

## कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास से मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**देवरिया**। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज पार्टी कार्यालय में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि सोनिया गांधी अपने त्याग व तपस्या के बल पर भारतीय राजनीति में शीर्ष पर हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति को न केवल आगे बढ़ाया बल्कि कांग्रेस और देश को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जैसे पद को नकारकर एक मिसाल कायम की। उनके नेतृत्व में 2004 में पार्टी को लोस चुनाव में जीत मिली। भारत के दो तिहाई राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम पारित कराकर देश की दो तिहाई आबादी को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराकर गरीबों का उद्धार किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, वरुण राय, भरत मणि, जयप्रकाश धनगर, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, शहनाज जफर, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, रविन्द्र मल्ल, उत्तेज मिश्रा, चंदू वर्मा, रत्नेश मल्ल पिंटू, अब्दुल जब्बार, विजय शंकर मिश्रा, रजनीश उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## लेखपाल आशीष कुमार के परिजनों से मिले कांग्रेस प्रमुख अजय राय, बधाया ढांढस



**देवरिया**। एसअईआर कार्य में लगे लेखपाल आशीष कुमार की मौत के बाद मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय देवरिया जिले के सलेमपुर तहसील के पलानी टोला बरवा पहुंचे और मृतक लेखपाल के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके साथ खड़ी है और उनको न्याय जरूर दिलाया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस सुबाई अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि जिनके परिवार का व्यक्ति चला गया है, रक्फ़में ड्यूटी लगाई और उसके बाद के परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया रहा है, पूरे प्रदेश के अंदर। मैं हर जगह गया यह मेरा लगभग 20 वा जगह है जहां मैं आया हूं। जो लोग घायल है हॉस्पिटल में है। उनके वहां भी जा रहा हूं। एक परिवार बरेली में है सर्वेश गंगवार उसकी पत्नी भी 3 महीना पहले मर गई बाप भी मर गया बीएलओ में। दो बच्चे हैं दोनों अनाथ हो गए, कौन देखेगा समझ सकते हैं। यह आशीष के परिवार में देखिए इनकी दो बच्चिया हैं। सरकार पूरी तरह से लोगों को दिगभ्रमित कर रही है और लोगों को जो मुद्दे हैं जो इश्यूज है कि बीएलओ की बात, महंगाई की बात, बेरोजगारी की बात और डॉलर की बात ना आवे। इंडिगो जहाज में इतने लोग परेशान हुए आज पूरा का पूरा देश परेशान है। लोग अपना अस्ति कलश नहीं ले जा पा रहे हैं। बच्चे अपने घर में शादी में ऑनलाइन जुड़ रहे हैं। लोग अपनी मां मर गई वहां नहीं जा पा रहे हैं। मैं समझता हूं कि सब चीजे से सरकार लोगो का ध्यान केवल और केवल डाइवर्ट करने का काम कर रही है। इसके पूर्व देवरिया सीमा में पहुंचने पर कांग्रेसियों ने अजय राय का जगह जगह जोरदार स्वागत किया और उनका गला मालाओ से झुका दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, वरुण राय, भरत मणि त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, चंदू वर्मा, शिव शंकर सिंह, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, दीनदयाल यादव, मार्कण्डेय मिश्रा, आलोक त्रिपाठी राजन, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, पन्नालाल पाठक, रमेश कुशवाहा, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, कृष्ण कुमार तिवारी, भोला तिवारी, रजनीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क राशन वितरण 10 से 28 दिसम्बर के मध्य

**कुशीनगर**। जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह दिनांक 10 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 के मध्य कराया जायेगा।

वितरण से पूर्व उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन डीएम द्वारा नामित नोडल अधिकारियों से संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा कराया जायेगा। इसी प्रकार नोडल /पर्यवेक्षणीय अधिकारियों द्वारा अपनी देख-रेख में वितरण कार्य पारदर्शी तरीके से समय से सम्पादित कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि अन्त्योदय राशनकार्डों पर 14 किग्रा० गेहूँ तथा 21 किग्रा० फोर्टिफाइड चावल (35 किग्रा० खाद्यान्न) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्यो से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा० गेहूँ व 03 किग्रा० फोर्टिफाइड चावल (05 किग्रा० खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारको में 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रू० 54/-प्रति किग्रा० की दर से किया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु वितरण की अन्तिम तिथि 28.12.2025 को मोबाइल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। जिलापूर्ति अधिकारी ने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि उपरोक्त तिथियों में अपनी-अपनी दुकानें निर्धारित समय प्रातः 8:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा दोपहर 2:00 बजे सायं 6:00 बजे तक खोलकर वितरण करना सुनिश्चित करें।

## गन्ने की अधिक उपज के किसान प्रजातियों की जानकारी अवश्य रखें : एसपी सिंह



**कुशीनगर**। अवध सुगर मिल ढाढा - परिक्षेत्र में शरद कालीन गन्ना बुवाई का संचालित बढाने तथा चीनी मिल द्वारा गन्ना विकास के लिए संचालित योजनाओ की जानकारी देने के लिए अधिशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता के मार्ग दर्शन में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सकरौली डुमरी एखलास में शरद कालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एस पी सिंह ने बताया कि गन्ने की औसत उपज बढाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान गन्ने की उन्नत प्रजातियों व समय से वुवाई का है। गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रमुख प्रजातियॉ को.118, को0 लख. 14201, को.शा. 13235 व जलभराव वाले खेतो मे को0पी0 9301 की वुवाई भुमि व बीज गन्ना उपचार करके ट्रेन्च विधि से वुबाई करें। अनुरोध किया किसान के खेत पर जाकर को.शा. 13235 प्रजाति को देखा। अधिशाषी अध्यक्ष आर.के. गुप्ता के अनुसार 28 नवम्बर तक कुल 10202 कृषकों का भुगतान उनके बैंक खातों में भेज दिया गया है। समय से गन्ना मूल्य भुगतान करना गेट क्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढाना हमारी पहली प्राथमिकता है। गन्ना प्रशिक्षण संस्थान पिपराईच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ श्री ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बीज गन्ना का दो आंख की गेड़ी काटें, उसको हेक्जास्टाप से उपचारित करें, भुमि उपचार के लिए 5 किग्रा ट्राईकोडर्मा को 50 कि0ग्रा0 गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर पांच दिन छाया में नमी वनाकर रखे एवं अंतिम जुताई के समय प्रयोग करें। कृषकों को सहफसली खेती के सम्बंध में विस्तार से वताया गया। संचालन करते हुए गन्ना प्रबंधक संजय सिंह ने वताया कि इस गांव में 40 एकड गन्ने की वुबाई हो गयी है। किसान वृजनारायन का गन्ना को.शा.13235 को देखा गया प्रमुख किसान गन्ना पर्यवेक्षक शिवसागर सिंह ने मिल की योजना के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रदीप मल्ल, अम्बिका प्रकाश चन्द, रामआश्रय निषाद आदि कृषक उपस्थित थे।

## पुरखों की स्मृति में गरीबों की मदद ही वास्तविक श्राद्ध है : चंद्रभूषण

**देवरिया**। सन 2000 से अपनी स्मृतिशेष माता कौलेश्वरी यादव के स्मृति दिवस पर एवं पिता रामपति सिंह यादव जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डुमरी के पूर्व ग्राम प्रधान व समाजवादी नेता रहे हैं की याद में प्रत्येक वर्ष 13 दिसंबर को डुमरी चौराहे पर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव गरीबों में कम्बल वितरण, सम्मान समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया जा रहा है जो एक अनुकरणीय कार्य है।

ऐसे समय में जब सामाजिक रिश्ते तार -तार हो रहे हैं। अखबारों की सुर्खियों में ये खबरें आम हो रही हैं कि बेटों ने मां की अंत्येष्टि से किया इंकार तो भाई ने भाई की लाश जलाने से किया मना। सपा नेता अपने स्मृतिशेष माता -पिता की याद में प्रत्येक वर्ष कम्बल वितरण व श्रद्धांजलि सभा कर वास्तविक श्राद्ध कर रहे हैं। निःसंदेह सराहनीय और अनुकरणीय कार्य है। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव से अपने माता -पिता की याद में अपने क्षमतानुसार कम्बल बांटने व श्रद्धांजलि सभा करने पर जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि वैसे तो मैं नास्तिक हूं। लेकिन यदि कहीं कोई ईश्वर नाम की संस्था है तो वह मेरी समझ से हमारे माता - पिता हैं। जिन्होंने हमें इस दुनिया में लाने से लेकर जवान करने और समाज में जीने लायक बनाने का कार्य किया है। इसलिए यदि कुछ करना है तो उनकी याद में किया जाना चाहिए। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने बताया कि उनके पिता रामपति सिंह यादव 1942 में मिडल में पढ़ते वक्त बाबू राम नयन सिंह (तत्कालीन कांग्रेस नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी) के संपर्क में आकर पढ़ाई छोड़ कांग्रेस के आजादी के आंदोलन में कूद गए। जिस कारण हमारे घर में आग लगाई गई और पिताजी को गिरफ्तार कर कुशीनगर के निमार्णाधीन हवाई अड्डा के अस्थाई जेल में बंद कर कोड़े की सजा दी गई। आजादी के बाद डा. लोहिया के सानिध्य में रहते हुए मेरे पिता कलकत्ता के ट्राम कंपनी में ट्राम मजदूर पंचायत का गठन कर उसके सेक्रेटरी बन मजदूरों की लड़ाई लड़े।1970 में ट्राम की नौकरी छोड़ उन्होंने गांव में प्रधान बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, क्षेत्र समिति कार्यालय, पशु अस्पताल, सहकारी समिति कार्यालय आदि का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि मेरे पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। लेकिन यूपी के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित संपूणानंद को यह पत्र लिख कर कि हमने किसी पेंशन या पारितोषिक के लिए आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी है। सेनानी पेंशन और लखीमपुर में कृषि फार्म लेने से इनकार कर दिया था। वे मुफलिसी में जिए लेकिन वसूलों से समझौता न करते हुए मुझे खेत बेचकर उच्च शिक्षा दिलाए। जिसके चलते मैं सरकारी मास्टर बन सका। मेरी माता ने भी पिता के कदम में कदम मिलाकर उनका भरपूर साथ दिया। इसलिए मैं ऐसा मानता हूं कि मेरे ईश्वर मेरे माता पिता हैं। जिनको मैं प्रत्येक वर्ष कम्बल वितरण के बहाने याद करते हुए उपस्थित रहने वाले लोगों से यह अनुरोध करता हूं कि वे माता- पिता का अनादर नहीं बल्कि आदर करें। क्योंकि हम सबका वजूद किसी अदृश्य शक्ति के कारण नहीं अपने माता - पिता की बदौलत है। इस वर्ष भी 13 दिसंबर को डुमरी में आयोजित इस कार्यक्रम में सलेमपुर के पूर्व विधायक एवं लोकतंत्र सेनानी सुरेश यादव मुख्य अतिथि, पूर्व राज्य मंत्री एवं भदंत ज्ञानेश्वर बुद्ध विहार- कुशीनगर के विहाराधिपति भंते महेंद्र विशिष्ट अतिथि रहेंगे एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य कनकलता सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

## आगरा में बस ने ऑटो को रौंदा, 2 की मौत 5 घायल, लंबा जाम लगा

**आगरा**। तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़े गए। सवार यात्री ऑटो के साथ ही पिचक गए। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हुई। 5 लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। आसपास के लोग मौके पर बचाव कार्य के लिए दौड़े। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद करीब 2 किलोमीटर लंबी वाहनों की लाइन लग गई। हादसा मंगलवार सुबह 10 बजे बमरौली कटारा के नौहमील के पास हुआ। टक्कर से ऑटो पूरी तरह से पिचक गया। उसमें बैठी सवारी भी फंस गई। एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उसके सिर के ऊपर से बस निकल गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन ऑटो के बीच में फंसे हुए थे। सूचना पर पुलिस भी आ गई। बड़ी मुश्किल से घायलों को बाहर निकाला गया। इस दौरान राजू पुत्र महावीर उम्र 55 वर्ष निवासी पुरनपुरा थाना पिनाहट आगरा, मोनी बाबा उर्फ जगदीश चंद्र पुत्र ब्रह्मानंद उम्र 75 वर्ष निवासी मड़ैया आश्रम थाना पिढौरा आगरा मौत हो गई। हादशे में मिथुन पुत्र विजय सिंह 22 निवासी सकुरी बड़ा कझियरा थाना फतेहाबाद। शिवम शर्मा पुत्र सुदीश शर्मा निवासी फतेहाबाद। रोहित पुत्र देवेंद्र उम्र 27 निवासी फतेहाबाद। रश्मि देवी पत्नी मान सिंह डौकी। ऋषिकेश पुत्र राजेश निवासी टिकतपुरा थाना डौकी घायल हो गये हैं।

## परिषदीय विद्यालयों के 151 दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक पर्यटन कराया गया



**देवरिया**। आज परिषदीय विद्यालयों में अध्ययन कर रहे बच्चों एवं दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे हरी झंडी दिखाकर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों को पुलिस लाइन से रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को स्नेक्स चॉकलेट आदि देकर बसों को रवाना किया। इसमें समस्त विकास खण्डों से 151 दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के द्वारा प्रतिभाग किया गया ' इन बच्चों में 14 बच्चे पी एम श्री विद्यालय के शामिल रहे। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को बस के माध्यम से कुशीनगर के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराया गया जिसमें रामा भार स्तूप माथा कुंवर मंदिर मुख्य मंदिर थाईलैंड मंदिर और चीनी मंदिर का भ्रमण बच्चों के द्वारा किया गया। शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि बौद्ध धर्म से जुड़े होने के कारण कुशीनगर का महत्व ऐतिहासिक एवं धार्मिक है। सभी बच्चे भ्रमण में अपने शिक्षकों के साथ ज्ञान अर्जित किए। इस भ्रमण में शामिल बच्चे आलोक कुमार, कविता, रानी, नीतीश, माझी श्रवण कुमार, मंगिया, शामिल हुए। बच्चों के साथ इनके विशेष शिक्षक विजय कुमार पांडेय, संतोष पांडेय, ओमकार पांडेय, राजाराम दुबे के साथ बच्चों ने भ्रमण किया।

## शहरुन खान की घर वापसी और विवाह का मामला बना चर्चा के विषय

**अमेठी**। जिले में शहरुन खान की घर वापसी और विवाह का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। शहरुन खान ने सोनू पासी से विवाह कर अपना नया जीवन प्रारंभ किया है। विवाह के बाद उन्होंने अपनी पहचान बदलते हुए अब श्रीमती मोनी पासी नाम से जीवनयात्रा आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। परिजनों और परिचितों के मुताबिक, यह निर्णय आपसी सहमति और सामाजिक स्वीकार्यता के बीच लिया गया है। विवाह सम्पन्न होने के बाद नवदंपति ने सगरा बाबूगंज स्थित स्वामी परमहंस आश्रम पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम पहुंचते ही दोनों ने मंदिरों में माथा टेककर अपनी नई शुरूआत को शुभ बनाने की कामना की। इसके बाद आश्रम के पीठाधीश्वर मौनी जी महाराज ने दोनों के दांपत्य जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। आश्रम में मौजूद भक्तों और आगंतुकों ने भी नवविवाहित दंपति का स्वागत किया। इस दौरान आश्रम परिसर में सादगीपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां बिना किसी औपचारिकता के नवदंपति ने परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की। स्थानीय लोगों ने इसे सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। वहीं, नई पहचान के साथ जीवन की नई शुरूआत करने वाली मोनी पासी ने इस अवसर पर कहा कि वह अपने वैवाहिक जीवन में शांति, सम्मान और प्रेम की कामना करती हैं। अमेठी में सामाजिक और धार्मिक परिवेश से जुड़े लोग इस पूरे घटनाक्रम को एक संदेश के रूप में देख रहे हैं कि व्यक्तिगत निर्णय और आस्था के मामलों में पारस्परिक सम्मान महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर, शहरुन खान उर्फ मोनी पासी और सोनू पासी का विवाह और आश्रम में उनकी उपस्थिति स्थानीय चचाओं का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# पत्नी की विदाई को लेकर पति टावर पर चढ़ा

- घंटो रहा अफरा-तफरी का माहौल
- एसडीएम ने युवक से बातचीत कर दिलाया कार्रवाई का भरोसा, तब युवक नीचे उतरा

**कुशीनगर**। पत्नी की बिदाई कराने को लेकर मंगलवार को कृष्णा पुत्र मनोज बैठा तमकुहीराज मजार के पीछे स्थित टावर पर चढ गया। लगभग 120 फीट ऊंचे टावर पर चढे युवक को देख वहाभारी संख्या मे लोगो की भीड इकट्ठा हो गयी और अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया।

मामला सेवरही थाना क्षेत्र के अहिरौली मिश्र का है। टावर पर चढे कृष्णा का आरोप है कि वह धोबी जाति का है जबकि उसकी पत्नी गोंड समुदाय से है। ससुराल वाले जाति का हवाला देकर बिदाई करने से इंकार कर रहे है। कृष्णा का कहना है कि उसकी सांस उसकी पत्नी बसंती देवी को कही दुसरे जगह पहुचा दी है जिसकी शिकायत उसने थाने से लगायत एसडीएम से की लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नही किया, थक हारकर वह पत्नी की बिदाई कराने के लिए वह टावर पर चढा है। इधर युवक के टावर पर चढने की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने कृष्णा को समझा-बुझाकर टावर से नीचे



उतारने का बहुत प्रयास किया किन्तु सफलता नही मिली। पुलिस का कहना है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। इसी दरम्यान सूचना मिलने पर तमकुहीराज उप जिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा भी मौके पर पहुच गयी। उन्होंने भी युवक को समझना का प्रयास किया किन्तु जब युवक बिदाई कराने के जिद पर अडिग रहा तो एसडीएम ने मोबाइल के जरिए कृष्णा से बीचचीत की और कार्रवाई करने का भरोसा दिलाते हुए कृष्णा को नीचे उतरने के लिए आग्रह किया तब जाकर कृष्णा टावर से नीचे उतरा।

## कैदियों को बांटे वस्त्र

**मथुरा**। नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा अपने 63 वें स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में मंगलवार को मथुरा स्थित जिला कारागार में निरुद्ध वृद्ध महिला पुरुष और बच्चों के लिए कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गरम ऊनी टोपी चप्पल एवं खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया। नागरिक सुरक्षा संगठन के सीनियर स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन दीपक कुमार बैंकर के निर्देशन तथा डिवीजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी के नेतृत्व में पिछले दिनों बाल सुधार गृह में जहां भोजन सामग्री वितरित की गई थी। वहीं मंगलवार को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को यह सामग्री प्रदान की।

## हाईस्कूल व इंटर परीक्षा केंद्रों आपत्तियों के निस्तारण हेतु बैठक 11 दिसंबर को

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रस्तावित जनपदीय समिति की बैठक, जो पूर्व में 9 दिसंबर को निर्धारित थी, अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 11 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, जिला मुख्यालय कुशीनगर में आयोजित की जाएगी। वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं हेतु परीक्षा केंद्र निर्धारण से संबंधित प्रधानाचार्यों, प्रबन्धकों द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन/शिकायतों/आपत्तियों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि संबंधित सभी प्रधानाचार्य व प्रबंधक 11 दिसंबर को समय से उपस्थित होकर अपने-अपने ऑनलाइन प्रार्थनापत्रों व आपत्तियों का निस्तारण अवश्य कराएं, ताकि प्राप्त आपत्तियों का अंतिम निस्तारण जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति द्वारा किया जा सके और प्रस्तावित रिपोर्ट परिषद कार्यालय को प्रेषित की जा सके।

संक्षेप

## अवैध प्लॉटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

सीतापुर। बिसवां कोतवाली बिसवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जलालपुर में जिला अधिकारी के निर्देशन पर उपजिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला ने मंगलवार को करीब 20 बीघा जमीन जो बिना धारा 80 के प्लॉटिंग की जा रही थी। उस पर बुलडोजर चलवा कर कब्जा मुक्त करवा दिया। मिली जानकारी अनुसार तहसील बिसवां के लहरपुर मार्ग पर जलालपुर गांव में बिना धारा 80 की परमिशन लिए कुछ प्रापर्टी डीलरो द्वारा करीब बीस बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। जिसे मंगलवार दोपहर जिलाधिकारी के निर्देश पर बीसवां की उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने क्षेत्रीय लेखपाल तथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर बुलडोजर चलवा कर कब्जा मुक्त करवा दिया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कही भी अगर अवैध प्लॉटिंग होते पाई गई तो उस पर भी बुलडोजर कार्यवाही की जाएगी तथा जिन लोगों ने वहां मकान बना लिए हैं। वह अपने घर स्वयं हटा ले अन्यथा उन्हें भी प्रशासन तुड़वा देगा। कब्जा मुक्त हुई जमीन की कीमत करोड़ों रुपए की बताई जा रही है।

## मां आनंदेश्वरी मन्दिर से कलश यात्रा धूमधाम से निकली

पुरवा, उन्नाव। नगर की प्रसिद्ध मां आनंदेश्वरी मंदिर पश्चिम टोला पुरवा में मगंलवार को आयोजित विशाल कलश यात्रा नगर में धूमधाम से निकली गई जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर तक गई। जहां महिलाओं ने सरोवर से जल भर कर कार्यक्रम स्थल पहुंची। सात दिवसीय कथा के मुख्य व्यास हितेश महाराज ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान भक्ति और सनातन संस्कृति पर होने वाले प्रवचन श्रवण योग्य होंगे। पुरवा नगर में होने वाली संगीत मय श्रीमदभागवत कथा को लेकर भक्त जनों में उल्लास है। कलश यात्रा में नगर के सामाजिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रवत्ति के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में योगेंद्र द्विवेदी पत्रकार, जयशंकर पांडे पत्रकार विमल बाजपेई मयंक शर्मा अविरल शुक्ला डब्बू शुक्ला विशाल श्रीवास्तव सजंय गुप्ता सरला सिंह रेखा गुप्ता उपमा जायसवाल अनिता लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मातृशक्ति सेवा सम्मान समारोह आयोजित

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील बीघापुर क्षेत्र केमा राम दुलारी स्मृति न्यास का 28वां मातृशक्ति सेवा सम्मान समारोह आयेजित किया गया जिसमें दो सौ पचास निराश्रित, परित्यक्ता, विधवा महिलाओं को वस्त्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन एम.एम. पब्लिक स्कूल, गौरी में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीघापुर ब्लॉक प्रमुख पुष्पा पासवान ने कहा कि 28 वर्षों से बगैर किसी राजनीतिक सोच के ऐसी माताओं की सेवा की जा रही है जिन्हें वास्तव में मदद की जरूरत है। ऐसा अनूठा आयोजन बहुत कम देखने को मिलते है आज कल समाज सेवा में भी राजनीति शामिल हो चुकी है। यह सेवा संवेदना ही हमारी संस्कृति व हमारा संस्कार है ऐसे आयोजन हम सबको मानवीय मूल्यों से जोड़ते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने कहा आज यह आयोजन देख कर महसूस हुआ कि यही सच्ची सेवा है। संस्था के सरंक्षक गौरव अवस्थी ने न्यास की स्थापना व उद्देश्य के बारे में जानकारी दी और अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम में राजबक्श सिंह, रमेश सिंह डाक्टर कुसुमलता द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किए। आभार संस्था के प्रबंधक गंगा प्रसाद यादव ने व्यक्त किया। प्रमुख रूप से गोविंद नारायण पूर्णिमा अवस्थी, शिखर, क्षितिज अवस्थी प्रकाश सिंह नीशू शुक्ला, भोले सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पेंशन दिवस का आयोजन 17 दिसंबर को

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए अवगत कराया है कि 17 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशन दिवस का आयोजन किया गया है। पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु इस विशेष आयोजन में अधिकारीगण अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगें। जिलाधिकारी ने पेंशनर संघ के पदाधिकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी पेंशन से संबंधित समस्याओं अथवा शिकायत को दर्ज कराये, ताकि उनका समाधान ससमय सुनिश्चित किया जा सके।

# प्रमुख सचिव पर्यटन ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात ने आज नैमिषारण्य में कराये जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान हेलीपैड, मल्टीस्टोरी पार्किंग, पंचमुखी प्लाजा, मॉ ललिता देवी मंदिर, मुरारका बड़ी धर्मशाला, चक्रतीर्थ, राजघाट में कराये जा रहे कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों को देखा। उन्होंने हेलीपैड के पास अतिरिक्त भूमि अधिग्रहित करने के निर्देश संबंधित को दिये तथा हेलीपैड को जोड़ने वाली सड़क का चैड़ीकरण कराया जाये। मल्टीस्टोर पार्किंग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी कार्य चल रहे हैं, उस कार्य का सत्यापन अभी से शुरू करा दिया जाये तथा पार्किंग में आवागमन हेतु सड़कों का चैड़ीकरण कराया जाये। मॉ ललिता देवी पंचपराग कुण्ड की निरन्तर साफ-सफाई कराने के साथ ही साईजन बोर्ड भी प्रदर्शित किया जाये।

उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि मुरारका बड़ी धर्मशाला का सौन्दर्यीकरण कराया जाये तथा इसमें हेरिटेज के रूप में निर्मित किया जाये। जिसमें म्यूजियम, लाईटिंग एवं साउण्ड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हों। चक्रतीर्थ में निमार्णाधीन गेट के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये व जो भी कार्य कराये जायें, वह मानक के अनुरूप हों। राजघाट पर चेजिंग रूप महिलाओं व पुरूष हेतु बनाया जाये। सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण कराया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि पर्यटन विभाग द्वारा जिन गाइडों का प्रशिक्षण हो चुका है, उनकी नियुक्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाये। प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात द्वारा मॉ ललिता देवी मंदिर व चक्रतीर्थ पहुंचकर पूजन अर्चन किया। इसके उपरान्त प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात ने नैमिषारण्य में कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनको जल्द ही हैण्डओवर किया जाये तथा जो कार्य अभी चल रहे हैं, उनको ससमय पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि अब तक किये गये कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें अवगत करायें। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थलों पर पौधे लगाये जाने हैं। वहां पर पौधरोपण का कार्य शुरू किया जाये तथा सिंचाई विभाग जहां सहयोग की आवश्यकता हो, उनका सहयोग लेते हुये कार्यों में गतिशीलता लायें। इस दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सर्दी से बचाव के लिए समाज सेवी ने बांटे कंबल



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार ने सर्दियों के शुरूआती दिनों में ही 5 सैकड़ा कंबल वितरित करके ग्रामीणों को बड़ी राहत दी। कालूखेड़ा ग्राम निवासी समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार, शीतल प्रसाद द्वारा हर वर्ष दिसंबर माह के प्रारंभ में ही कंबलों का वितरण अपने ग्राम व आस पास के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया जाता है। इसी कड़ी में करीब 500 कंबलों का वितरण शीतल प्रसाद ने अपने आवास पर जरूरमंद लोगो को कराया। इधर, शीतल प्रसाद ने जरूरतमंद सैकड़ों महिलाओं को साड़ी का वितरण भी प्रत्येक वर्ष की भांति किया। कंबल वितरण से पूर्व अमृतसर की चर्चित मनसुख भजन मंडली बृन्दावन वाले के धर्मेश शर्मा, ब्रज राशिका, पुष्प लता, पूजा महाजन, दीपिका धीर, रेखा भारद्वाज, गीता शर्मा द्वारा मां दुर्गा व खाटू श्याम के शानदार भजन प्रस्तुत किये। भजनों के बाद 500 ग्रामीणों को शीतल प्रसाद, उनके पुत्र राम, श्याम, सुजीत, पप्पू ने कंबल वितरित किये। देर शाम प्रीत भोज व आर्केस्ट्रा का भी आयोजन रहा। कार्यक्रम में राजेश चौधरी, सह संपादक राजेन्द्र सिंह, पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक रामराज सिंह महामंत्री रामबाबू, गौरी सिंह, संतोष शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश रावत, भाजपा नेता रविंद्र यादव, सहित काफी गणमान्य नागरिक रहें।

# यूपी पुलिस महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए लगातार कार्यरतः बृजेश कुमार राय



तम्बौर/सीतापुर। कस्बे में स्थिति रेडियन्स इंटर कॉलेज में सोमवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तम्बौर थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय ने की।

उन्होंने महिलाओं को बाल सुरक्षा, महिलाओं के अधिकार, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इंस्पेक्टर बृजेश राय ने साइबर अपराध को लेकर महिलाओं को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अंजान लोगों से दोस्ती करने से कई बार ब्लैकमेलिंग की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें और आवश्यक होने पर साइबर थाने से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान में किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है। बेटियों की शिक्षा और अवसरों की समानता समाज की मजबूत नींव है। बृजेश राय ने कहा कि यूपी पुलिस महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए लगातार कार्यरत है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या गलत व्यवहार को नजरअंदाज न करने की अपील करते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने 1090, 1076, 1098, 181 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक हाजी अजीज अहमद गौरी, प्रिंसिपल मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा,।

## नाबालिग ने यौन शोषण करने के लगाये आरोप



सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम वैन निवासी राजकुमार पुत्र भोला, जिसने अपनी शादी के कुछ वर्षों बाद दूसरी साली को झांसा देकर पत्नी बना लिया था। अब तीसरी नाबालिग साली को अपने चंगुल में कर लिया था। जिससे यौन शोषण करने के गंभीर आरोप में पुलिस ने केश दर्ज किया है। आरोप है कि राजकुमार नाबालिग साली पर दबाव बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करने हेतु उससे जबरन कॉमेडी वीडियो बनवाता था और उसके साथ यौन शोषण भी करता था। पीड़िता के पिता द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने अपने साले व ससुर के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकियां भी दी थीं। बताया जा रहा है कि अपने कृत्यों को छुपाने और प्रभाव बनाए रखने के लिए आरोपी ने कुछ दिनों पूर्व अपने घर पर एक हिन्दू संगठन का कार्यक्रम भी करवाया था और तभी से स्वयं को उसका जिम्मेदार सदस्य भी बताने लगा था। नाबालिग के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के ठेकी बाजार से थानगांव पुलिस ने राजकुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने तहरीर में लगाए गए आरोपों को स्वीकार किया है। नाबालिग पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## शहीद केशरी सिंह के 54 वें शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के पटेहरा गांव में शहीद केशरी सिंह के 54 वें शहादत दिवस पर मंगलवार को थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय शहीद केशरी सिंह की पत्नी छोटी कुंवर सिंह पूर्व सैनिक परशुराम सिंह सहित क्षेत्रीय लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय व पुलिसकर्मियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सलामी दी। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने कहा कि वीर केशरी सिंह ने देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर मीरजापुर जिले का नाम रोशन किया था। पूर्व सैनिक परशुराम सिंह ने कहा कि देश के लिए प्राणों की कुबार्नी देने वाले वीर केशरी सिंह का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत का कार्य कर रहा है।

## सालों से बंद एक्स-रे मशीन फांक रही धूल



उन्नाव। ट्रामा सेंटर में लगी एक्स-रे मशीन सालों बीत जाने के बाद भी तक अब तक चालू नहीं हो सकी है। जिससे ट्रामा सेंटर में गंभीर भर्ती मरीजों को जांच का लाभ नहीं मिल पा रहा है गंभीर मरीजों को डिजिटल एक्स-रे या फिर मैनुअल एक्स-रे में लेकर जाना पड़ता है। जबकि शासन से ट्रामा सेंटर 24 घंटे चलने और एक्स-रे जांच किए जाने के आदेश हैं। ट्रामा सेंटर में 2016 में एक्स-रे मशीन लगाई गई थी। रात में आने वाले सड़क हादसों के गंभीर मरीजों को इमरजेंसी से रेफर कर दिया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो ट्रामा सेंटर में एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती होने के बाद भी कर्मचारियों का 24 घंटे का कोई ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया है। इसकी वजह से ट्रामा सेंटर में जांच का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही से लाखों की लागत से लगी एक्स-रे मशीन जिला अस्पताल में धूल खा रही है। वैसे तो ट्रामा सेंटर में एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती है फिर भी यहां आए मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

मामले में जब सीएमएस डॉ0 राजीव गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया की पूछ के बताएंगे कि क्यों नहीं चल रही है। चलो इसको सोच कर बताते है कि क्यों नहीं चल रही।

## अवैध कब्जेदारों के खिलाफ एसडीएम ने चलाया अभियान

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। उपजिलाधिकारी राखी वर्मा के निर्देश पर सिधौली क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। प्रशासन ने राज्य संपत्ति और तालाब की जमीन पर वर्षों से काबिज रसूखदारों के कब्जों को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

उल्लेखनीय है कि एसडीएम द्वारा पहले ही कब्जेदारों को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन जब किसी ने पालन नहीं किया, तो प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व टीम ने अलादातपुर में राज्य गामी संपत्ति गाटा संख्या 47 पर अवैध प्लाटिंग कर बना चुके अमीर चन्द्र पुत्र यदुनाथ द्वारा कब्जाई गई 0.177 हेक्टेयर भूमि को बुल्डोजर से ढहा दिया। वहीं बहादुरपुर में तालाब की जमीन गाटा संख्या 94 पर नींव डालकर दीवार खड़ी कर रहे कब्जेदार का अवैध निर्माण भी जमींदोज कर दिया गया। एसडीएम राखी वर्मा ने कहा कि धारा 80 तथा बिना नक्शा पास कराए की गई अवैध प्लाटिंग किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार शशिबाला, लेखपाल जितेन्द्र सहित राजस्व टीम मौजूद रही।

# डिप्टी सीएम ने मतदाता पुननिरीक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन पर सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में बाईपास स्थित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के निकट ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री को शाल, प्रतीक चिन्ह एवं पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। भव्य स्वागत से अभिभूत उपमुख्यमंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विवेक सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित मतदाता पुननिरीक्षण बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद मसवासी मंडल में टीकरगढ़ी प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित शक्ति केंद्र बैठक में भाग लिया। यहाँ उन्होंने ट्राईसाइकिल वितरण, पौधारोपण, नन्हे बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार में पहला अन्न खिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया, साथ ही गोदभराई कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों के कार्यों से जुड़े कैम्पों का निरीक्षण कर उनकी सराहना की। इसके उपरांत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए और भाजपा के बूथ अध्यक्षों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए सभी कार्यकताओं से आगामी मतदाता पुननिरीक्षण कार्यक्रम में समर्पण भाव से जुटने की अपील की। उन्होंने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष आशीष बाजपेई अटल, आनंद अवस्थी, मनीष जायसवाल, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, विमल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष सुशील रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, अमित त्रिपाठी, प्रधान दिनेश बलराम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुलिया की टूटी रेलिंग से किसी भी समय हो सकता बड़ा हादसा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। विकासखंड पहला अंतर्गत बिसवा महमूदाबाद मार्ग पर सरैंया कादीपुर में महमूदाबाद मोड पर बनी पुलिया की रेलिंग काफी समय से टूटी हुई है। मगर आज तक उसकी मरम्मत नहीं करवाई गई है। जिससे किसी समय बड़ी अनहोनी हो सकती है।

मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सरैंया कादीपुर में महमूदाबाद मोड़ पर एक मुख्य मार्ग की पुलिया की किसी बड़े वाहन से काफी समय पहले टूट कर एक तरफ झुकी हुई है। जिससे किसी समय बड़ी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। जबकि ताज्जुब की बात यह है कि प्रतिदिन इस मार्ग से क्षेत्रीय से लेकर जिला मुख्यालय तक के अधिकारियों का आना जाना रहता है और प्रतिदिन हजारों छोटे बड़े वाहनों का आना जाना रहता है। लेकिन किसी अधिकारी तथा जन प्रतिनिधि ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे उसकी मरम्मत की जा सके। अब देखना यह है कि इस पर कब मरम्मत कराई जाती है या अन्य कार्यों की तरह इसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यह आने वाला समय ही बताएगा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलए और पदाधिकारियों को सख्त निर्देश

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश माननीय बहन जी द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों को अनिवार्य और आवश्यक सूचना दी गई है। एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण संबंधी अंतिम फॉर्म भरकर बीएलए बूथ लेबल एजेंट को नियत समय में जमा करना बेहद जरूरी है। इस संदर्भ में जिले के सभी जिला प्रभारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, जिला संयोजक बामसेफ, जिला संयोजक वीबीएफ, सामाजिक भाईचारा पिछड़ा, मुस्लिम समाज भाईचारा समेत सेक्टर बूथ के सभी पदाधिकारी और बनाए गए बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) से अपील की गई है कि वे अपने-अपने बूथों पर जाकर बीएलओ से फॉर्म लेकर आधार कार्ड नंबर व 2003 की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ मतदाता फॉर्म भरकर समय पर जमा कराने का कार्य पूरी निष्ठा से करें। यह कार्य चुनाव प्रक्रिया को सशक्त करने और सही मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी पदाधिकारियों एवं एजेंट्स से अनुरोध है कि वे निदेर्शों का सख्ती से पालन करें और इस महत्त्वपूर्ण काम में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दिशा निर्देश से जिले में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य प्रभावी ढंग से पूरा होगा, जिससे लोकतंत्र सशक्त होगा और सभी जनहित के मुद्दे बेहतर तरीके से उठाए जा सकेंगे। आप सभी से पुनः आग्रह है कि समय पर फॉर्म भरकर जमा कराएं और लोकतंत्र के इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

## अधिशासी अभियंता के खिलाफ सिंचाई विभाग के कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना

फतेहपुर। मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट जनपद शाखा फतेहपुर के कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड फतेहपुर के खिलाफ कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना आयोजित किया। अधिशासी अभियंता के कथित हठधर्मिता एवं मनमाने रवैये से नाराज कर्मचारियों ने शत प्रतिशत सहभागिता दी। कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए अधिशासी अभियंता स्वयं अपने केबिन से बाहर आए और कर्मचारियों से संवाद किया। इस संवाद में अधिशासी अभियंता ने कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। धरना स्थल पर मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के कई कर्मचारी तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, नीलम कुमार सरोज, रविप्रकाश साहू, रामकिशोर यादव, विनय कुमार त्रिपाठी, विमल कुमार, संगीता देवी, सुधा पांडेय, अंजू मिश्रा, ज्ञान सिंह, मुकेश कुमार, सीमित वर्मा, अनित द्विवेदी आदि शामिल थे। धरने का सफल संचालन अजेन्द कुमार अग्रहरि द्वारा किया गया। कर्मचारी इस अवसर पर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर दृढ़ता से संगठित रहे, जिससे प्रशासन के समक्ष उनकी आवाज बुलंद हुई। आगामी दिनों में समस्याओं के निराकरण की दिशा में विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की संभावना बनी हुई है।

## तहसील लहरपुर के लिए जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता हैः एसडीएम लहरपुर

सीतापुर। उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने जानकारी देते हए बताया कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के उच्च गुणवत्ता वाले, पारदर्शी तथा समयबद्ध निस्तारण के आधार पर तहसील लहरपुर ने पूरे उत्तर प्रदेश में पुनः प्रथम रैंक प्राप्त की है। यह उपलब्धि नागरिकों को विश्वसनीय, सुलभ और प्रभावकारी समाधान उपलब्ध कराने के प्रति तहसील प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। तहसील लहरपुर के लिए जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक शिकायत को तथ्यपरक, न्यायसंगत और पूर्ण पारदर्शिता के साथ निस्तारित करना प्रशासन का मूल लक्ष्य रहा है। आवेदक की संतुष्टि ही प्राथमिकता है। आई0जी0आर0एस0 में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त होना इस बात की पुष्टि करता है कि नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवा-गुणवत्ता सुनिश्चित करने में हम निरंतर सफल रहे हैं। आगामी समय में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और अधिक दृढ़ता के साथ बनाए रखे जाएंगे। शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, सहभागितापूर्ण तथा परिणाम-मुखी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को त्वरित और संतोषजनक सेवाएं प्राप्त होती रहें।

## कल से शुरू होगा तकिया मेला

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर एवं बाबा मोहब्बत शाह तकिया मेंला का शुभारंभ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पौष माह के प्रथम बृहस्पतिवार अर्थात 11 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है, जिसका शुभारंभ परंपरागत तरीके से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। मेंला के शुभारंभ को



लेकर आज मंगलवार को व्यवस्थाओं को लेकर उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह/मेंला अधिकारी ने मेंले में पहुंचकर साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी/मेंला अधिकारी प्रमुख रूप से सरकारी मेंला कैंप, बाबा मोहम्मद शाह की मजार तथा सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर तथा मेंला में हो रही सफाई का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई को लेकर सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेंला की सफाई प्रतिदिन होनी चाहिए सफाई में लापरवाही व उदासीनता बरते जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ऐसी बात कही। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मेंला मार्ग दुकानों के लिए बनाए गए स्थलों, पेयजल की उपलब्धता एवं विद्युत प्रकाश व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बिजली विभाग के ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि मेंले में बिजली की आपूर्ति निर्वाध रूप से होनी चाहिए जहां लाइटों की कमी हो वहां उसे पूरा किया जाए। प्रशासन द्वारा मेंला में की जा रही व्यवस्था को लेकर दुकानदारों ने संतोष व्यक्त किया और कहा कि मेंला अधिकारी व्यवस्था को लेकर गंभीर हैं और इस पर नजर बनाए हुए हैं।

## बालिकाओं ने दीवार पर लिखी किस्मत की इबारत

उन्नाव (वीओएल)। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की प्रेरणा से जनपद के विद्यालयों में बनी ड्रीम वॉल अब ग्रामीण बालिकाओं के सपनों की पहचान बनती जा रही है। विकास खंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में बनी इस वाल पर बच्चियों ने अपने-अपने भविष्य के लक्ष्य उकेरे। दीवार के पास खड़ी छात्राएं अपने हाथों में सपनों के कागज लेकर फोटो खिंचवा रही हैं, जो उनके आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस वाल पर संदेश लिखकर बच्चियों को मेहनत और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ा रहा है। खुशी और उपासना ने एथलीट




बनने का लक्ष्य चुना, तो सानिया, कोमल दीपाली और समरीन ने शिक्षिका बनने का संकल्प लिया। ज्योतिका और मोहिनी ने फौज में जाकर देश सेवा की इच्छा जताई, दिव्यांशी ने क्रिकेटर तो मिलन ने डॉक्टर बनने का सपना देखा। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने बालिकाओं से कहा कि अपने सपनों को जिद बनाएं। विद्यालय परिवार, शिक्षक व अभिभावक पूरा सहयोग दे रहे हैं। बच्चियों को जिलाधिकारी, एसपी, पूर्व बीएसए संगीता सिंह और वर्तमान बीएसए से भी प्रेरणा मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को यह पहल जमीन पर साकार कर रही है। बालिका शिक्षा व सशक्तिकरण के लिए सरकार के प्रयासों की व्यापक सराहना की जा रही है। बेटियों के सपनों को सजाने में विद्यालय परिवार के प्रदीप, शाहे खुबा, इंद्रपाल और शशि देवी ने प्रेरणा दी।

संक्षेप

## हस्तशिल्पी मौनी बाबा महोत्सव में आमंत्रित

बांदा। सिमौनीधाम में पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव के नाम से 15 से 17 दिसंबर तक राज्य स्तरीय मेला आयोजित किया जा रहा है। ओडीओपी योजना के शजर हस्तशिल्पियों, जिला उद्योग प्रोत्साहन, उद्यमिता विकास केंद्र की विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित उद्यमियों को महोत्सव में शामिल होने को आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गुरूदेव ने बताया कि उद्यमी, हस्तशिल्पियों को तैयार उत्पाद की बिक्री की स्टाल, दुकान लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उद्यमियों को उत्पाद की बिक्री करने के लिए मौनी बाबा महोत्सव में बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। कहा कि किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## नयी रेल लाइन का विद्युतीकरण 10 व 11 को होगा ट्रॉयल

बांदा। झांसी मंडल के बांदा-खुरंड खंड के दोहरीकरण कार्य में डाउन न्यू लाइन का विद्युतीकरण किया जा रहा है। इसे लेकर 10 व 11 दिसम्बर को प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज एवं मुख्य रेल सुरक्षा आयुक्त निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल करेंगे। इसके बाद इस खंड की न्यू लाइन एवं 25 केवी विद्युतीकरण को चालू कर दिया जाएगा तथा गाड़ियों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। रेल प्रशासन ने आस-पास के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे के सभी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, विद्युत तारों एवं खंभों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। रेलवे लाइन के निकट न बैठें तथा न ही अनधिकृत रूप से रेलवे लाइन पार करें, क्योंकि ऐसा करना पूर्णतः दंडनीय एवं जीवन के लिए घातक हो सकता है। मवेशियों को भी रेलवे लाइन से दूर रखें ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। यह कृत्य अत्यंत गंभीर और जोखिमपूर्ण है। रेलवे अधिनियम के तहत यह दंडनीय अपराध माना जाता है, जिसके लिए दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माना, कारावास, अथवा दोनों दंड एक साथ भी दिए जा सकते हैं।

## क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपये उड़ाये

ललितपुर। विभिन्न कम्पनियों में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के जरिए हजारों रुपये जबरन काट लिये जाने का आरोप लगाते हुये पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गयी है। एसपी ने मामले को संज्ञान लेते हुये एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिये हैं। शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा करीमनगर डेम रोड निवासी भीम कुमार पुत्र माता प्रसाद ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसका क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। आरोप है कि 24 जून 2025 को उसके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुये 87 हजार रुपये काट लिये गये, जो कि अलग-अलग हैं, जिनमें 85 हजार रुपये जुमेटो में एवं 2 हजार रुपये मंत्रा में काटे गये है। इसके अलावा 24 जून को ही दूसरे एसबीआई कार्ड से 35 हजार रुपये निकाल लिये गये, वह भी अलग-अलग हैं, जिनमें 17 हजार रुपये पंयू में काटे गये, जिनकी छाया प्रति भी पीड़ित द्वारा एसपी के समक्ष रखी गयी हैं। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बुजुर्ग का शव मिलने से मचा हड़कम्प

ललितपुर। पांच दिन से लापता 73 वर्षीय बुजुर्ग श्यामलाल विश्वकर्मा का शव मंगलवार सुबह नदी किनारे मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग 5 दिसंबर से लापता थे। यह घटना थाना जखौरा क्षेत्र के कस्बा बांसी के पास लखनपुरा और देवरान घाट के बीच हुई। मृतक श्यामलाल विश्वकर्मा कस्बा बांसी जखौरा रोड के निवासी थे। उनके लापता होने की सूचना पांच दिन पहले दी गई थी। मृतक के पुत्र सुनील विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि उनके पिता मानसिक रूप से बीमार थे। वे अक्सर बिना बताए घर से निकल जाते थे और कई दिनों तक बाहर भटकते रहते थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का निरीक्षण किया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्यूरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार, बुजुर्ग की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा।

# अवैध खनन को पकड़ने पहुंचे वन कर्मियों पर हमला

- सिर पर प्रहार कर वन कर्मियों से जबरन छुड़ा ले गये ट्रैक्टर-ट्रॉली
- तालबेहट पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की विवेचना

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** वन क्षेत्र में बजरी व मोरम के चल रहे अवैध खनन को रोकने गयी वन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। इस हमले से कुछ वन कर्मी घायल भी हो गये, वहीं दूसरी ओर अवैध खनन की गयी बजरी व मोरम से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छुडा ले गये। दबंगों द्वारा किये गये जानलेवा हमले के बाद इलाके में हड़कम्प मच गया। हमले के बाद तालबेहट रेन्ज में न्यूनतम वेतन कर्मी करतार सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने 11 नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। करतार सिंह ने बताया कि 7 दिसम्बर की शाम करीब 5 बजे वह सुनौरी वन ब्लाक में अपने वन कर्मियों के साथ गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान वन क्षेत्र में एक 333 आइसर ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नम्बर का वन क्षेत्र से बजरी व मोरम भर रहा था। गश्ती टीम को देखकर उक्त लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी बजरी को खाली करके भागने लगे। वन टीम ने भाग रहे लोगों को घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन रेन्ज कार्यालय तालबेहट ला रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम धमकना निवासी सोहन यादव पुत्र अमर सिंह, पिपरई के मजरा जामुनबाई निवासी लोकेन्द्र सिंह व गजेन्द्र पुत्रगण रूपसिंह, पिपरई निवासी छोटू व प्रमोद पुत्रगण जण्डैल सिंह, ग्राम सुनौरी के मजरा खैरों निवासी छोटू पुत्र पान सिंह, सुरेन्द्र पुत्र मुलायम सिंह यादव, कल्यान पुत्र राजाराम यादव, भज्जू उर्फ अजय पुत्र श्रीवन यादव, ग्राम सुनौरी के मजरा खदरी निवासी राजपाल पुत्र मूरत सिंह यादव, जयपाल पुत्र इमरत यादव ने एकराय होकर वन कर्मियों पर हमला बोल दिया और गालियां देते हुये जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली जबरन छुड़ाकर भाग गये। इस हमले में वन कर्मी करतार सिंह के सिर पर लाठी से मारकर घायल कर दिया और वहीं अन्य वन कर्मियों से मारपीट की गयी। तालबेहट कोतवाली पुलिस ने न्यूनतम वेतन कर्मी वन विभाग करतार सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 132, 121 (1), 115 (2), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खनिज का अवैध परिवहन करते वाहन हुए सीज



ललितपुर। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया है कि समीपवर्ती राज्यों से आने वाले वाहनों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। झाँसी से एमसेण्ड लेकर आ रहे रहे वाहन यूपी 94एटी4052 की जांच की गई। जिसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण गाडी को पुलिस की अभिरक्षा में बांसी चैकी में दे दिया गया है। जिस पर खनिज नियमावली के अनुसार कार्यवाही की गई है। खान अधिकारी ने बताया कि बीना-धौर्रा मार्ग पर खनिज के अवैध परिवहन के आरोप में ट्रक एमपी04एचई 5095 पकड़ा गया। ललितपुर शहर के अंदर खण्डा बोल्डर के परिवहन में एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया, जिस पर भी संयुक्त जांच दल द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की गई। जिला खान अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग प्रवर्तन टीम द्वारा लगातार कठोर कार्रवाई सतत निगरानी की जा रही है।

## साइबर अपराध के प्रति जनता को किया गया जागरुक

ललितपुर। ललितपुर पुलिस द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जखौरा राजीव कुमार वैश व साइबर की टीम द्वारा कस्बा जखौरा में तालबेहट चैराहे पर जनता के लोगो को साइबर अपराध एवं उससे बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई, जिसमें .डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। .किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर, आईओएस से जेनुइन एप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई एप डाउनलोड न करें, .किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें, सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें, कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें, सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइट पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें।

## सोशल मीडिया के जरिए महिला को फंसाकर लाखों रुपये ऐंठे

- खुद को आईपीएस का पुत्र बताकर युवक ने महिला से की थी दोस्ती

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती किये जाने और खुद को आईपीएस का पुत्र बताते हुये महिला को ब्लैकमेल करते हुये लाखों रुपये हड़प कर लिये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती गजरा पैलेस के पास रहने वाली प्रियंका गुप्ता पत्नी संतोष ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका विवाह वर्ष 2010 में हुआ था। शादी के बाद उसे एक पुत्र व एक पुत्री भी है। बताया कि सोशल मीडिया पर उसका इन्स्टाग्राम पर गुप्ताजी के नाम से एकाउण्ट खुला है, जो कि काफी पुराना है। पीड़िता ने बताया कि चार वर्ष पहले एक सोशल यूजर जिसका सही नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत लाई मण्डी निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रामबहादुर है ने एक फर्जी आईडी बनाकर खुद को आई.पी.एस. अधिकारी का पुत्र बताया। इस एकाउण्ट के जरिए उसकी पहचान दोस्ती में बदल गयी। आशीष से उसने मिलना-जुलना भी शुरू कर दिया था। कुछ समय बाद आशीष गुप्ता ने उसे अपने जाल में फंसाना शुरू करते हुये शादी का प्रस्ताव रखा और उस पर जोर देने लगा। जब उसने बताया कि वह शादीशुदा है और उसके बच्चे हैं तो उक्त युवक ने शादी करने की बात कहते हुये खुद को नुकसान पहुंचाने और जान लेने की धमकी दी, जिससे वह घबरा गयी। आरोप है कि आशीष ने इस प्रकरण में अपने परिजनों को भी शामिल कर लिया। उसके भय का लाभ उठाते हुये उक्त लोगों ने रुपयों की मांग करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि वह आशीष को दबाव में आकर करीब 3 से 4 लाख रुपये दे चुकी है, लेकिन अब रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा अब आशीष उसे उसकी फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

## बाल विवाह और बालश्रम पर दी जानकारियां



ललितपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एव पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन रोकथाम व बाल भिक्षावृत्ति अभियानह्ल के अन्तर्गत थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग (एएचटी) जनपद ललितपुर निरीक्षक हरिशकर प्रभारी निरीक्षक एएचटी हमराह उ0नि0 मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी, श्रम विभाग मय टीम, जिला प्रोबेशन से जयराम थाना जाखलौन से उ0नि0 रविन्द्र कुमार, उ0नि0 राकेश कुमार के साथ बाल विवाह उन्मूलन व रोकथाम के तहत अभियान चलाकर जनपद ललितपुर क्षेत्र पर अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम द्वारा श्रद्धेय अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा थाना जाखलौन में विद्यालय परिसर में शिक्षकों की मौजूदगी में विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को बाल विवाह व बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल संरक्षण अधिनियम के तहत व्यापक रुप से जागरुक किया गया। अभियान के दौरान शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108,102, 112, 1076, 1930 व 181 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी, बाल उत्पीडन एवं किसी भी तरह की उत्पीडन व परेशानी से तत्काल पुलिस सहायता के सम्बन्ध में बच्चो को जागरुक किया गया। बाल विवाह रोकथाम के सम्बन्ध में अभियान चलाकर ग्रामवासियों को जागरुक किया गया बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। उक्त अभियान में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर, उ०नि० मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी, श्रम विभाग की संयुक्त टीम, जिला प्रोबेशन से जयराम, थाना जाखलौन से उ0नि0 रविन्द्र कुमार, उ0नि0 राकेश कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पंचायत चुनाव को लेकर रालोद ने तेज की तैयारियां

अयोध्या। मंगलवार कोराष्ट्रीय लोकदल जिला का समिति की बैठक सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल की उपस्थिति व राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता एवं महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंत के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में 2026 मे होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दिया है सर्किट हाउस मे आयोजित पदाधिकारियों की बैठक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जो प्रत्याशियों का चयन करेगी समिति मे प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेनाथ मिश्र सुड्डू मिश्र, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष अवधेश रावत, महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंत शामिल है ।

# नकल विहीन होगी बोर्ड परीक्षा : डीएम

## जनपद में 50 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी बोर्ड परीक्षा, 36677 परीक्षार्थी होंगे शामिल




ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा-2026 को जनपद में सकुशल, शान्तिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए अभी से गंभीर दिखे, उन्होंनें मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपदीय परीक्षा निर्धारण समिति की बैठक बुलाकर प्रस्तावित 49 परीक्षा केन्द्रों के सापेक्ष 50 परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के निर्देश दिये। प्रस्तावित सभी परीक्षा केन्द्रों को एक-एक कर उनकी सभी आवश्यक अवस्थापनाओं व आधारभूत सुविधाओं को जाना, इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों का मौके पर जाकर स्थलीय एवं भौतिक सत्यापन करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि जनपद के परीक्षा केन्द्रों की मैपिंग कर निर्धारित करें कि उस क्षेत्र के परीक्षार्थियों को कम से कम दूरी तय कर सुविधाजनक तरीके से परीक्षा देने में कोई असुविधा न होने पाये।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जनपद में बोर्ड परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यकता तैयारियां पहले से पूर्ण कर ली जाएं, इसके लिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा केन्द्रों पर कण्ट्रोल रुम, सीसीटीवी कैमरे आदि के साथ-साथ केन्द्रों पर साफ-सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया ने कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रस्तावित 50 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च तक बोर्ड परीक्षा दो पालियों सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष बोर्ड परीक्षा 2025 में कुल 37310 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें हाईस्कूल के 19875 व इण्टरमीडिएट के 17435 परीक्षार्थी शामिल थे, जबकि इस बार बोर्ड परीक्षा 2026 में कुल 36677 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें हाईस्कूल के 20463 व इण्टरमीडिएट के 16214 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, डीआईओएस ओम प्रकाश सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, डीआईओ डीएस दयाल, प्रधानाचार्या जीजीआईसी महरौनी शीलम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन

## सोनिया गांधी का राष्ट्र व संगठन के प्रति योगदान प्रेरणादायी: निर्मल खत्री




अयोध्या। कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा यूपीए की चेयर पर्सन सोनिया गांधी का 79 वा जन्मदिन कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय पर केक काटकर तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने सोनिया गांधी को त्याग और सादगी की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा यूपीए की सरकार बनने पर सोनिया गांधी आसानी से प्रधानमंत्री बन सकती थी पर वे ना ही सरकार में शामिल हुई और ना ही अपने पुत्र राहुल गांधी अथवा प्रियंका गांधी को मंत्रिमंडल में शामिल किया। उनका यह निर्णय कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप लगाने वालों के लिए करारा जवाब था।राष्ट्र व संगठन के प्रति उनका अभूतपूर्व योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा जिन लोगों के मन में उनके लिए भ्रम या कटुता है, उन्हें याद रखना चाहिए एक महिला ने अपना देश, अपना जीवन, अपनी पहचान पीछे छोड़कर भारत को अपनाया और बिना सत्ता की लालसा के इस देश की एकता, लोकतंत्र और संस्थाओं को बचाने के लिए कठिनतम समय में भी मजबूती से खड़ी रहीं। उनकी शालीनता, त्याग और दृढ़ता भारतीय राजनीति की वह मिसाल है, जिसे तथ्य नहींकृसमय खुद प्रमाणित करता है। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा सास और पति की मृत्यु के बाद सोनिया गांधी राजनीति में आने की बिल्कुल इच्छुक नहीं थी परंतु कांग्रेस कार्यकताओं के दबाव में उनके सक्रिय राजनीति में आने के बाद विपक्ष ने उन पर चारित्रिक आरोप लगाए तथा उनके विदेशी मूल के मुद्दे को उठाया। परंतु इन सब मुद्दों को नजरअंदाज करते हुए आज सोनिया जी इस देश की सर्वमान्य और लोकप्रिय नेता है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा यह सोनिया गांधी का राजनीतिक कौशल ही था की विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस ने श्रीमती गांधी के नेतृत्व में 10 वर्षों तक यूपीए की सरकार निर्बाध और अविवादित रूप से चलाई। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा उनका नेतृत्व, धैर्य, और समर्पण देश की राजनीति में मयार्दा, मूल्य और संवेदनशीलता का अद्वितीय उदाहरण है। उनका जीवन और विचार आज भी करोड़ों कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राम अवध पासी पंकज सिंह उमेश उपाध्याय डॉ विनोद गुप्ता, नाजिश फातिमा, धर्मेंद्र सिंह ,राम चरित्र वर्मा, विजय श्रीवास्तव, तैय्यब खान यासीन आदि उपस्थित रहे।

## 3 शावकों के साथ दिखी बाघिन



बांदा। पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ के आसानी से दीदार हो रहे है। वर्ष 2008-09 में बाघ विहीन हो चुके पन्ना टाइगर रिजर्व में अब एक सैकड़ा के करीब बाघ हैं। सोमवार 8 दिसंबर को पहली बार बाघिन पी-142 को अपने तीन शावकों के साथ विचरण करते देखा गया है। इसका वीडियो नागपुर से आए पर्यटकों ने बनाया और गाइड अरुण यादव ने सोशल मीडिया में इसे साझा किया है। मडला के साथ साथ हिनौता गेट से भी पर्यटकों को खूब बाघों के दीदार हो रहे हैं। रोमांचित वीडियो बाघिन के साथ शावकों को देखा गया यह पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन के साथ वन्य जीव प्रेमियों व पन्ना जिले वासियों के लिए अत्यंत प्रशन्नता की बात है। पन्ना टाइगर रिजर्व में बढ़ती बाघों की संख्या से बाघों की साइटिंग से पन्ना का पर्यटन और बढ़ेगा। पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मोहित सूद कहते हैं कि मामले की पुष्टि एक-दो दिन बाद होगी कि बाघिन ने शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि वीडियो सामने आया है। जानकारी लेने के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।

## बाल श्रम के विरुद्ध चेकिंग व जागरूकता अभियान



बांदा। मानव तस्करी निरोधी इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन साथी संस्था व ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान की संयुक्त टीम ने शहरी क्षेत्र में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति के विरूद्ध चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। शहर के कालूकुआं, बाबूलाल चैराहा, अतर्रा चुंगी, मेडिकल कालेज रोड में भीड़ भाड़, दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान लोगों को बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम न कराने के लिए जागरूक किया गया। दुकानों, होटलों में मौजूद लोगों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, जहर खुरानी की सूचना अनेक हेल्पलाइन नंबरों चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, डायल यूपी-112, या मानव तस्करी निरोधी इकाई के सीयूजी नम्बर 7839862477 पर दें। बताया गया कि बाल विवाह न करने एवं गांव, मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करें। इस दौरान 5 नाबालिक बच्चे गैर-खतरनाक श्रेणी में बाल श्रम करते हुए पाये गये। दुकान, होटल मालिकों का श्रम विभाग ने नोटिस, चालान किया साथ ही बताया गया कि भविष्य में कोई दुकानदार, होटल मालिक यदि बच्चों से बाल श्रम कराते हुए मिला तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान एएचटीयू उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, श्रम अधिकारी दुष्यंत कुमार, आरक्षी प्रशांत यादव एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान से शिवम यादव मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर न बदलने से लोगों में नाराजगी, घेराव की चेतावनी

बांदा। ब्लॉक पैलानी के ग्राम पिपरोदर के मजरा भूरा डेरा के किसानों और ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मजरे में बिजली की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ने गांव, मजरों में विद्युत सप्लाई करने के आदेश दे रखे हैं लेकिन विभाग ने अब तक इस मजरे में बाधित बिजली व्यवस्था में सुधार नही कराया है। इस कारण पूरी आबादी अंधेरे में रहने के साथ-साथ पेयजल, सिंचाई और घरेलू कार्यों में भारी परेशानियाँ झेल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह सामूहिक रूप से जेई, एसडीओ कार्यालय का घेराव करेंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बार-बार शिकायत के बाद भी विभागीय लोग कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न मिलने से बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने विद्युत अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन भेजकर तत्काल ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में पुष्पेंद्र सिंह चुनाले, धनीराम, माखन, अखिलेश, दिनेश, विनोद, रविशंकर, जलील, रफीक, रामऔतार, रामकिशोर सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की फसलों और गांव की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए शीघ्र ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो सके।

## पैलानी में खुलेगा रजिस्ट्री कार्यालय, अधिसूचना जारी

बांदा। पैलानी तहसील में ही अब लोग रजिस्ट्री करा सकेंगे। इसे लेकर शासन से कवायाद शुरू हो गई है। पैलानी में रजिस्ट्रीकरण कार्यालय खुलने की अधिसूचना जारी होने के बाद लोगों में प्रशन्नता देखी जा रही है। इससे क्षेत्र के 119 गांव के लोगों को फायदा होगा। समाजसेवियों का कहना है कि पैलानी ब्लाक कार्यालय व यमुना नदी में पक्के पुल निर्माण की आवश्यकता है। कहा कि तहसील पुनर्स्थापना की मांग 28 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद 2014 में पूरी हुई थी और तहसील में रजिस्ट्रीकरण कार्यालय न होने से तहसील अधूरी थी। भू-रजिस्ट्रीकरण के लिए लोगों को जनपद मुख्यालय जाना पड़ता था। तहसील स्थापना के बाद से ही तहसील संघर्ष समिति के लोगों, क्षेत्रीय लोगों ने रजिस्ट्रीकरण कार्यालय की मांग शुरू कर दी थी। बार एसोसिएशन पैलानी ने भी इस मांग को कई बार प्रेषित किया। शासन ने मांग को स्वीकारते हुए 8 दिसंबर 2025 को पैलानी रजिस्ट्रीकरण कार्यालय का सृजन कर दिया है। 119 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए जनपद में एक नया रजिस्ट्रीकरण उप जिला पैलानी सृजित किया गया है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को भारी राहत मिलेगी। क्षेत्रीय लोगों ने योगी सरकार का आभार जताया है। समाजसेवी लक्ष्मीकांत कूका ने कहा कि शीघ्र ही पैलानी विकासखंड कार्यालय, यमुना नदी में पक्के पुल का निर्माण योगी सरकार प्रारंभ करेंगी। उन्होंने कहा कि आज हमारी यह मांग भी पूरी हुई और आगे भी पूरी होगी, रजिस्ट्रीकरण कार्यालय स्वीकृत होने से क्षेत्र के लोगों को समय व धन की भारी बचत होगी।

## भाकियू ने बैठक के बाद एसडीएम को दिया ज्ञापन



बांदा। तहसील बबेरू में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मासिक बैठक कर किसानों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा हुई। किसान धान बेचने के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं लेकिन समय से सत्यापन नहीं होता जिससे धान बेचने में देरी हो रही है। बबेरू मंडी में व्यापारी किसानों से 70 रुपए पल्लेदारी व दो प्रतिशत टीडीएस के नाम पर 15 किलोग्राम एक ट्राली में ले रहे हैं। कहा कि किसानों का इस प्रकार शोषण भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बर्दाश्त नहीं करेगा, जिसे लेकर पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार को ज्ञापन सौंपा है। उन्होने कहा कि समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए अन्यथा धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। कहा कि औगासी पंप कैनाल से चरका, टेल तक जो पुल में पीचिंग की गई है, वह बहुत घटिया सामग्री से बनाया गया है जिससे पत्थर खुलकर बीच नहर में आ गए हैं और पानी निकलने में अवरोध हो रहा है। मांग की, कि मंठा माइनर में समसदीपुर के पुल तक माइनर की सफाई करवाई जाए ताकि पानी निकल जाए, क्योंकि लगभग 200 बीघा जमीन में अभी भी पानी भरा हुआ है जिससे फसल की बुवाई में देरी हो रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, राकेश कुमार, सुनीता सिंह, सोनिया, कल्लू, रामेश्वर, अमृतलाल, राजेश कुमार, मिठाई लाल, शिवमोहन, कंचन, सीता निर्मल, रामलली, अवधपाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

# दम निकालती जहरीली धुंध

दिल्ली के साथ ही पूरा एनसीआर और उत्तर भारत के अनेक शहरों में इस समय हवा इतनी खराब है कि लोगों को बीमार कर रही है। शहरों की फिजां इतनी खराब क्यों है यह बात सबको पता है, लेकिन समय पर और उचित कार्रवाई के अभाव में साल-दर-साल यह समस्या और जटिल होती जा रही है। अब तो हालात इतने खराब हो गये हैं कि दुनिया भर में प्रदूषण के कारण भारत की बदनामी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए जब तक समग्र योजना नहीं बनायी जायेगी तो फिर तदर्थ कार्रवाई से संकट का हल नहीं होगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पूरा एनसीआर और उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में जहरीली धुंध दम निकालने पर आमादा है। सितम्बर के आखिर तक मानसून रहता है। वर्षा होती जिससे पेड़-पौधे धुल जाते हैं, आसमान धुल जाता है और हवा की गुणवत्ता जीने लायक रहती है। लेकिन जैसे ही मानसून की विदाई होती है, जमीनें सूखती हैं और सड़कों एवं विकास कार्यों का धूल उड़ना शुरू होता है, तो हवा धीरे-धीरे खराब होने लगती है। सड़क किनारे लगे पेड़ों की पत्तियों पर धूल के कण जमा हो जाते हैं। हवाएं बहुत धीमी हो जाती हैं और आसमान में नमी बढ़ने के कारण हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है। इसमें जब वाहनों का जहरीला धुंआ भी घुलता है या फिर एनसीआर की तरह धुंआ भी जमा हो जाता है, तो राजधानी दिल्ली ही नहीं बल्कि गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद से लेकर मेरठ, कानपुर, लखनऊ, बनारस,



पटना या कहें संपूर्ण उत्तर भारत के शहर धीरे-धीरे गैस चैम्बर में तब्दील होने लगते हैं। सर्दी, जुखाम, सांस लेने में दिक्कत, गले में खराब, खांसी, छींक, अनिद्रा, थकान, चिड़चिड़ापन जैसी तमाम परेशानियां घेर लेती हैं। अस्पताल मरीजों से कराहने लगते हैं। बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा के मरीजों पर तो यह जहरीली धुंध कहर बनकर टूट पड़ती है। आप सुबह घर का दरवाजा खोलिए, बाहर की हवा जैसे ही आपके नाक के जरिए अंदर जायेगी, तो तुरंत छींक शुरू हो जायेगी। यह सब क्या है? दरअसल हम जो आसमान में दिनभर कचरा करते हैं... उसी का फल है। अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी और फरवरी तक गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। इससे हमारा स्वास्थ्य खराब होता है, दैनिक परेशानियों के साथ विशेषज्ञों का अध्ययन तो यह भी कहता है कि वायु प्रदूषण के कारण हमारी औसत उम्र लगभग पांच वर्ष कम हो गयी है। इसका मतलब यह है कि अगर हम हवा को ही साफ कर लें, लोगों को स्वच्छ हवा-पानी देने में सफल हो जायें, तो प्रत्येक व्यक्ति की जिंदगी में पांच और स्वर्णिम साल जोड़ा जा सकता है। लेकिन दलों के दलदल से उपजी इस 'टू मच डेमोक्रेसी' में हमारे नेताओं, शासकों की दृष्टि इतनी लंबी या कहें दूर तक नहीं जाती। पार्टियां चुनाव जीतने के लिए फ्री का हथकंडा अपनाती हैं और सफल होती हैं। चुनाव के समय ऐसा लगता है मानो हमारे नेताओं के हाथ में अलादीन की छड़ी आ गयी है जिसे घुमाते ही सारी मांगें, मनोकामनाएं पूरी कर देंगे। दरअसल फ्री की सियासत, तात्कालिक मुद्दों पर जरूरत से ज्यादा संवाद या कहें विवाद और सियासी वितंडे के कारण दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों, समाज की जरूरतों और वर्तमान व भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने की आपराधिक प्रवृत्ति राजनीति में विकसित हो गयी है। नेता राष्ट्रीय विकास और भविष्य की सुरक्षा की चिंता करने के बजाय सिर्फ और सिर्फ चुनाव जीतने की चिंता करते हैं। इसके लिए चाहे कितने भी सियासी दांव चलने पड़ें। देश में जब जनसंख्या नियंत्रण की जरूरत है, तो पार्टियां जातियों की गणना कर रही हैं। देश की परिवहन व्यवस्था को कॉर्बन मुक्त बनाने की जरूरत है, तो फ्री बिजली की सियासत हो रही है। शहरों में गुणवत्तायुक्त जीवन जीने लायक परिस्थितियां निर्मित करने के लिए बड़े निवेश की जरूरत है, लेकिन हमारे नेता खैरात बांट रहे हैं। यह दुखद और चिंताजनक है।

## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

# नियम-कानून को पलीता लगाती लापरवाही



विजय कपूर



गोवा अग्निकांड

पणजी से लगभग 25 किमी के फासले पर उत्तरी गोवा के अरपोरा क्षेत्र में स्थित नाईट क्लब 'बिर्च बाई रोमियो क्लब' में आधी रात से जरा पहले फर्स्ट फ्लोर के डीजे एरिया में तकरीबन 150 लोग मौजूद थे, एक बैली डांसर 'महबूबा ओ महबूबा' गाने पर नृत्य कर रही थी कि तभी, संभवतः आतिशबाजी से, भयंकर आग भड़क गई। भागने के लिए कोई जगह नहीं थी, जिस कारण 5 पर्यटकों व 15 कर्मचारियों सहित 25 व्यक्तियों की दम घुटकर और जलकर मौत हो गई। इसके अलावा 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। इस भयावह त्रासदी ने एक बार फिर इस तथ्य को उजागर कर दिया कि जब नागरिकों की सुरक्षा की बात आती है, तो अनेक बिजनेस और सभी सरकारें लापरवाह हैं। सरकारी अधिकारी नियमों को लागू करने में जानबूझकर या अनजाने में लापरवाही करते हैं। अब यह बात सामने आयी है कि जिस क्लब में यह दुखद हादसा हुआ, उसके पास फायर लाइसेंस नहीं था और उसने बिल्डिंग व सुरक्षा नियमों का भी उल्लंघन किया था। जाहिर है इसके लिए क्लब के मालिक और वह सरकारी अधिकारी दोषी हैं, जिन्होंने इन कमियों के बावजूद क्लब को चलने दिया। क्लब के चार कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है व मालिकों- सौरभ लूथरा व गौरव लूथरा का नाम भी एफआईआर में दर्ज है। लेकिन उन सरकारी अधिकारियों का क्या जिनकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी क्लब सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न करने पाये? उनके खिलाफ कार्यवाही कब होगी?

> अब यह बात सामने आयी है कि जिस क्लब में यह दुखद हादसा हुआ, उसके पास फायर लाइसेंस नहीं था और उसने बिल्डिंग व सुरक्षा नियमों का भी उल्लंघन किया था। जाहिर है इसके लिए क्लब के मालिक और वह सरकारी अधिकारी दोषी हैं, जिन्होंने इन कमियों के बावजूद क्लब को चलने दिया।

सवाल यह भी है कि क्या उन्होंने रिश्वत या किसी अन्य कारण से यह लापरवाही बरती? गोवा में दिसम्बर का माह जाड़ों की छुट्टियों, क्रिसमस व नये वर्ष के जश्न के कारण पर्यटकों का सीजन होता है। ऐसे में तो सरकारी कर्मचारियों को नियम लागू करने के संदर्भ में अधिक मुस्तैद होना चाहिए था। हां, राज्य सरकार के पांच अधिकारियों को निलम्बित अवश्य किया गया है। इस घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने एक समिति का भी गठन किया है, जो एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। मृतकों के आश्रितों को 5 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए देने की भी घोषणा की गई है। ऐसे ही हादसों पर दुःख व्यक्त करते हुए शायर हफीज मेरठी ने लिखा था- 'पासबां आंखें मले, अंगड़ाई ले, आवाज दे/इतने अर्से में तो अपना काम कर जाती है आग।' गोवा के नाईटक्लब में अपना काम दिखाने में आग को मात्र 15 मिनट लगे और भावना जोशी ने अपने पति व तीन बहनों को हमेशा के लिए खो दिया। जोशी परिवार नई दिल्ली व गाजियाबाद से गोवा संगीत व हंसी के साथ छुट्टियां मनाने के लिए आया था।

इस परिवार ने 6 दिसम्बर 2025 की रात को ह्यबिर्च बाई रोमियो लेन में कदम रखा ही था कि आग की लपटों ने उन्हें घेर लिया। भावना के पति विनोद कुमार ने चीख पुकार के बीच उन्हें मुख्य द्वार से धक्का देकर बाहर फेंक दिया और फिर भावना की तीनों बहनों को बचाने के प्रयास में आगे बढ़े। खांसते हुए व आंखों में जलन के साथ भावना ने अपने पति व तीनों बहनों को आग में जलते हुए देखा। अनुमान यह है कि आग इलेक्ट्रिक पटाखों के लकड़ी की छत पर टकराने से लगी। चंद ही मिनटों में पूरी बिल्डिंग धुंए से भर गई। नतीजतन भगदड़ मच गई। कुछ मेहमान सीढ़ियों से रसोई की तरफ दौड़े, जहां वह स्टाफ के साथ बेसमेंट में फंस गये, जिससे निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं था। असम, उत्तराखंड, झारखंड व नेपाल के 15 स्टाफ सदस्य व 5 पर्यटक बेसमेंट में फंसने के कारण जलकर मरे। यह क्लब साल्ट पैन पर बना है, जिसके हर तरफ पानी है और बाहर निकलने के लिए केवल एक पतली सी लेन है। इसलिए भी लोग अंदर फंस गये और राहत प्रयासों में बाधाएं उत्पन्न हुईं। दमकल विभाग को अपनी गाडियां क्लब से 400 मी के फासले पर पार्क करनी पड़ीं, जिससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि क्लब का प्रवेश द्वार कितना पतला रहा होगा। पाम की पत्तियों से किये गये अस्थायी निर्माण ने भी सोख्तादान (टिंडर बॉक्स) बना दिया था। नाईटक्लब बिना उचित लाइसेंस के चल रहा था और वह सुरक्षा नियमों का भी पालन नहीं कर रहा था, ऐसा अब पुलिस का कहना है। बहरहाल, यह भयावह त्रासदी एक बार फिर इस कड़वी हकीकत को सामने लाती है कि अपने देश में सुरक्षा नियमों को लेकर आपराधिक लापरवाही बरती जाती है।

हालांकि मालिकों के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी किये गये हैं व स्टाफ के वरिष्ठ सदस्यों को हिरासत में भी लिया गया है, लेकिन दुर्भाग्य से यह बहुत ही जानी पहचानी कहानी है। आग भड़कती है, मासूम जिंदगियां स्वाहा हो जाती हैं, कुछ गिरफ्तारियां होती हैं, जांच के आदेश दिये जाते हैं, लेकिन जमीन पर कुछ बदलता नहीं है। यही चक्र दोहराया जाता रहता है, केवल त्रासदी का वेन्यू बदल जाता है। यहां दो बातें महत्वपूर्ण हैं। एक, पर्यटन स्थल के रूप में गोवा का निरंतर पतन होता जा रहा है। अनियमित विकास से लेकर बढ़ते 'गैंग वार्स' के कारण राज्य की इकोलॉजी बर्बाद हो रही है और गोवा अपनी चमक खोता जा रहा है। इसमें इस बात को भी जोड़ लीजिये कि उसके पर्यटन एसेट्स की सही से निगरानी नहीं की जा रही है, जैसा कि इस आग से स्पष्ट है। गोवा को गंभीर रिबूट (गड़बड़ियां ठीक करना ताकि व्यवस्था दुरुस्त हो जाये) की आवश्यकता है, न कि दो दिन तक सुर्खियां बनने वाले राजनीतिक बयानों की। दूसरा यह कि पूरे देश में आग सुरक्षा मानकों के सम्पूर्ण ओवरहॉल की जरूरत है। चाहे पिछले साल राजकोट गेमिंग जोन में लगी आग हो या इस वर्ष अक्टूबर में जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में लगी आग हो। इन सबमें एक बात एकदम समान है कि सुरक्षा नियमों को सही से लागू नहीं किया गया। सिर्फ बिजनेस ही नहीं अपार्टमेंट्स ब्लॉक्स पर भी आग लगने के खतरे मंडरा रहे हैं।

पिछले साल नोएडा के अधिकारियों ने पाया कि 131 सोसाइटीज में उचित आग सुरक्षा उपकरणों का अभाव है। यह हर शहर की कहानी है। ऐसे में आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है? पर फायर एंड सिक्यूरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि अपने देश में आग को काबू करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में 96 प्रतिशत की कमी है- बहुत ही कम फायर स्टेशन हैं, आउटडेटेड उपकरण हैं और मेंटेनेंस निम्नस्तरीय है। अनेक दमकल ट्रकों के पास तो ईंधन के लिए पैसे भी नहीं हैं। सवाल यह है कि कितनी त्रासदियों के बाद सरकारें जागेंगी और अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन किया जाये? दरअसल, शुरूआत इससे करनी पड़ेगी कि जो बिजनेस व आवासीय इकाई आग सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, उनके खिलाफ भारी भरकम जुर्माने लगाये जाएं और लापरवाह सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। अगर यह कदम जल्द न उठाये गये तो याद रखिये कि कहीं कोई आग फिर भड़कने व मासूमों की जान लेने की प्रतीक्षा में है!

## सोशल मीडिया

स्वराज कौशल जी के दिल्ली स्थिति आवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। अपार दुख के समय में पुत्री बांसुरी स्वराज व उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना है मेरी। जेपी नड्डा.



मैंने सोचा था यूपी में दो करोड़ वोट कटेंगे। मोदी जी ने मुझे डांटा, बोले मैं तीन करोड़ वोट काटूंगा। यूपी के हर विधान सभा क्षेत्र में लगभग 74 हजार वोट कटेंगे। संजय सिंह.



गोरखपुर में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बालकों की कुश्ती में विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीएम योगी.



# मनुष्य के गुण

अंतर्दृष्टि

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# पाप-पुण्य मैं नहीं जानता

व्यंग्यलोक

झूठ बोलने के मामले में पड़ोस के वर्मा जी का भी यही हाल है। उनका बच्चा पांच वर्ष से मैट्रिक को लांघ नहीं पा रहा तथा प्रतिवर्ष अनुत्तीर्ण होने का गौरव प्राप्त करता है। परन्तु वर्मा जी उसे एम. ए. तक ले गये हैं। प्राइवेट परीक्षा दे रहा है। वे इससे बच्चे पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चिंता नहीं करते। उन्हें अपने सम्मान तथा बच्चे की शादी में मिलने वाले दहेज की चिंता है। एक दिन मैंने उनसे मजाक में कहा-अमां, वर्मा जी, बच्चू को किसी ट्यूशन पर लगाओ। यह पंचवर्षीय योजना में भी कामयाब नहीं हो सका है। वर्मा जी ने हथियार डाल दिये-मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। सच, इसने मुझे बहुत जलील किया है। आपसे क्या छिपाना? पढ़ाई में इसका तनिक भी ध्यान नहीं है। सिनेमा देखता है। बहुत ही अयोग्य व नालायक है। परन्तु करूं क्या? मैं सोचता हूँ, जमाना बैरी है। बंधु-बांधव एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शादी-विवाह नहीं होने देते। इसलिए झूठ का पाप करना पड़ता है। मैं बोला- झूठ क्यों बोलते हैं? कोई काम-धंधा शुरू करा दीजिए। काम करने लगेगा, तो पढ़ाई नहीं कर पाने का अभिशाप अपने आप धुल जायेगा। वे बोले- हां, अब यही सोच रहा हूँ। लेकिन कई बार परिस्थितियां झूठ बुलवाती हैं। वैसे झूठ बोलने वालों के श्रेणियों की कोई कमी नहीं है। एक झूठ बोलने वाले वे हैं, जो झूठ को पेशे के रूप में अपनाये हुए हैं। किसी भी कोर्ट-कचहरी का मामला हो, उन्हें किस्सा समझा दो। जो आप चाहेंगे वे वही बोलने लगेंगे। आंखों से देखा नहीं, कानों से सुना नहीं, और गीता, कुरान बाइबिल को हाथ लगाकर सारे झूठ को सत्य बना देंगे। चाहे किसी निर्दोष को जेल-जुर्माना या सजा ही क्यों न हो जाये। पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा-पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट, चाय-नाश्ते में आप अपना ईमान बेच आते हैं। वे बोले- तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ हैं, ताके हृदय आप, वाली बात चरितार्थ हो रही है। लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए। मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गये- अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?



पूरन सरमा

....क्रमशः

# हॉकी का राजकुमार अवसर की प्रतीक्षा में



खेल जगत

सारिम अन्ना

प्रिंसदीप सिंह की परवरिश केवल एक ही सपने के साथ हुई कि वह अपने आदर्श पीआर श्रीजेश की तरह बनना चाहते थे और वह भी इस हद तक कि उन्होंने अपनी जर्सी के पीछे श्रीजेश का नंबर- 16 प्रिंट कराया। ..और अब श्रीजेश जिस टीम को कोच कर रहे हैं, उसमें प्रिंसदीप एक प्रमुख सितारे के रूप में उभरे हैं, जो अपने शानदार प्रदर्शन से दुनिया को हैरत में डाल रहे हैं। इस 21-वर्षीय गोलकीपर ने 5 दिसम्बर 2025 को उस समय सनसनी फैला दी जब चेन्नै में खेल गये एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में भारत ने पेनल्टी शूटआउट के जरिये बेल्जियम जैसी मजबूत टीम को पराजित किया। यह अलग बात है कि सेमीफाइनल में भारत डिफेंडिंग चैंपियन जर्मनी से न जीत सका।

बहरहाल, नंबर 16, जिसे भारत के महानतम गोलकीपरों में से एक श्रीजेश ने विख्यात किया, का प्रिंसदीप के लिए विशेष महत्व है। वह बताते हैं, 'मैंने बटाला की चीमा अकादमी में हॉकी 2015 के आसपास खेलनी शुरू की और एक साल तक वास्तव में मैं फुलबैक के रूप में खेला। सप्ताहांत पर मैं फुटबॉल खेला करता था और अपने कद की वजह से मैं गोलकीपिंग में अच्छा था, जिसकी वजह से इस क्षेत्र में मेरी दिलचस्पी बढ़ी। फिर 2016 में मैंने हॉकी में गोलकीपिंग आरंभ की। उस समय मैं 2016 ओलंपिक गेम्स में भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखा करता था और मैं पीआर श्रीजेश जैसा बनना चाहता था। श्रीजेश को देखने के बाद, जब से मैंने गोलकीपिंग शुरू की, मुझे नंबर 16 जर्सी पहनने का शौक लग गया।' प्रिंसदीप हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के मैचों में भी विशेषरूप से श्रीजेश को ही देखा करते थे और एक बार लखनऊ केडी सिंह बाबू प्रतियोगिता देखने के लिए भी गये ताकि श्रीजेश को मैदान में खेलता हुआ देख सकें। उस समय उन्हें श्रीजेश से मुलाकात करने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन प्लेयिंग एरिया के बाहर से ही वह उनका नाम पुकारते रहे। अब वह सीधे श्रीजेश से ट्रेनिंग ले रहे हैं। यह सपना साकार होने जैसा है। श्रीजेश के स्तर तक पहुंचना तो बहुत कठिन स्तर है, लेकिन प्रिंसदीप की क्षमता चेन्नै में जाहिर हुई जब शूटआउट के दौरान उन्होंने बेल्जियम को दो बार नाकाम किया। इसका बेहतरीन पल उस समय आया जब निकोलस बोगेट्र्स ड्रिबल करते हुए सर्किल में आये और पहले तो वह प्रिंसदीप की स्टिक के कारण अपना शॉट कामयाब न कर सके, लेकिन बेल्जियम के खिलाड़ी ने फिर भी लूज गेंद हासिल कर ली व गेंद को गोल की तरफ मारा तो प्रिंसदीप ने बायें तरफ उछलकर फुल-लेंथ डाइव मारकर दूसरी बार भी गेंद को गोल में जाने से अपनी स्टिक से रोक दिया।

इससे पहले स्विट्जरलैंड के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज करने के बाद रिटायर्ड नंबर-16 श्रीजेश ने प्रिंसदीप की बहुत तारीफ करते हुए कहा था, 'मेरे लिए प्रिंसदीप ही मैन-ऑफ-द-मैच थे, वह तीसरे क्वार्टर में बहुत अच्छा खेले और उन्होंने स्ट्रोक भी बचायी।' श्रीजेश कम समय में प्रिंसदीप की कमजोरियों को दूर करने में लगे हुए हैं। जो चीजें पहले बहुत मुश्किल दिखायी दे रही थीं, अब आसान प्रतीत हो रही हैं। प्रिंसदीप बताते हैं, 'एक मुख्य चीज जो उन्होंने मुझे सिखायी है वह यह है कि मैच में विश्वास के साथ कैसे जाया जाये। वह रक्षा पंक्ति से अधिकतम संभव कम्यूनिकेट करने पर बल देते हैं और प्रैक्टिस में भी मैच स्थिति लेकर आते हैं... कल्पना कीजिये कि मैं ट्रेनिंग के दौरान भी मैच खेल रहा होता हूं। उन्होंने मुझे दबाव का सामना करना भी सिखाया है। पहले मुझमें मैच खेलते हुए पर्याप्त विश्वास न था।'

पठानकोट के प्रिंसदीप की परवरिश संयुक्त परिवार में हुई। गांव में उनके पिता की किराने की दुकान है और परिवार खेती भी करता है। एचआईएल में तमिलनाडु ड्रैगन्स का सदस्य होने के नाते प्रिंसदीप ने आयरिश लीजेंड डेविड रारते से भी बहुत सीखा है। इस टीम में उनके साथियों में जिप जनसेन भी थे, जो विश्व के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर्स में शामिल हैं। प्रिंसदीप कहते हैं, जब ट्रेनिंग के दौरान मैं उनकी ड्रैग फ्लिक ब्लॉक करता हूं तो एक अलग ही मजा आ जाता है। प्रिंसदीप ने 2022 के मध्य में पंजाब की हॉकी अकादमी राउंडग्लास ज्वाइन की थी और वहां से वह राष्ट्रीय कैंप में पहुंचे। राउंडग्लास के सीनियर लीड (हॉकी ऑपरेशंस) अशफाक उल्ला खान बताते हैं, उस समय जमशेदपुर की अकादमी चैंपियनशिप में उन्होंने हमारे लिए शूटआउट जीता था।

## आप की बात

### आतंकवाद को करें नेस्तनाबूद

आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंक- वाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो। लेकिन अब सेना और सुरक्षा बल यह इंतजार नहीं करते हैं कि आतंकवादी कोई हमला करें तब उनको जवाब दिया जाये। अब सेना रिएक्टिव के बजाय प्रोएक्टिव एक्शन लेती है। ऐसे में जहां भी पता चलता है कि यहां आतंकी मौजूद हैं या छिपे हुए हैं तो वहां सर्च ऑपरेशन लांच करती है। हालांकि आतंकियों को सरेंडर का मौका देती है, लेकिन ऐसा अगर नहीं करते हैं तो प्रायः मुठभेड़ में आतंकी मारे जाते हैं या पकड़ लिये जाते हैं। लेकिन इस सर्च ऑपरेशन में कई बार हमारे जवानों की शहादत भी होती है। यह बहुत ही दुखद है। लेकिन मुठभेड़ में इस तरह की शहादत होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पहले भी कई सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने छिपकर फायरिंग की जिससे जवानों की शहादत हुई है। इसलिए सेना को सर्च ऑपरेशन, जंगलों और घरों में तलाशी अभियान के दौरान जवानों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा उपकरणों के साथ एसओपी भी लागू करनी चाहिए ताकि हमारे जवान आतंकियों को खोज भी निकालें और सुरक्षित भी रहें। जब सुरक्षा बल बिना किसी नुकसान के आतंकवादियों को पकड़ने या न्यूट्रलाइज करने में सफल होते हैं, तो वह पूरे राष्ट्र के लिए हर्ष का विषय होता है। लेकिन जवानों की शहादत पर देश गमगीन होता है। कश्मीर में जिन हालातों में सेना पाकिस्तान परस्त आतंकियों के खिलाफ लड़ रही है उसमें शहादत की घटनाएं भी हो जाती है। इसे पूरी तरह रोक पाना कठिन है। लेकिन अगर शहादत की संख्या में कमी भी आती है, तो भी यह देश के लिए प्रसन्नता की बात होगी।

**राजीव कुमार, लखनऊ.**

### ठीक नहीं चुनावों की अति

देश चुनावों की अति हो गयी है। इससे विकास भी प्रभावित होत है, संसाधन भी बेकार होते हैं। इसलिए चुनाव सुधार के जरिए चुनावों की संख्या सीमित करनी चाहिए। अत्यधिक चुनाव देश के लिए बड़ी समस्या है। इसने हर गली-कूचे में पार्टियां तैयार कर दी हैं, क्षेत्रीय, जातीय, मजहबी, भाषाई आधार पर दलों की भरमार है। अत्यधिक चुनाव, अत्यधिक पार्टियां, दरअसल लोकतंत्र के आदर्श स्वरूप को निगल सकती हैं। इसलिए अगर हमे 'टू-मच डेमोक्रेसी' से बचना है, लोकतंत्र को राष्ट्रीय हितों के साथ आगे बढ़ाना है, तो चुनावों की संख्या को सीमित करने की जरूरत है। चुनावी मौके पर खैरात बांटने की होड़ पर भी विराम लगाना जरूरी है अन्यथा लोकतंत्र में लेबल प्लेइंग फील्ड खत्म हो जायेगी। राजनीति देश की कीमत पर, राष्ट्रीय संसाधनों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। सुशासन और विकास की राजनीति ही देशहित में है, लेकिन प्रायः देखा जाता है कि जनता चुनावी सौगातों पर अधिक आकर्षित होती है। यही कारण है कि चुनाव के समय पुरानी पेंशन, फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, युवाओं को नौकरी, महिलाओं को आर्थिक मदद, जैसे वायदे पार्टियां करती हैं। ऐसी योजनाओं से देश आर्थिक रूप से तबाह होगा। नब्बे के दशक की शुरूआत में भारत की स्थिति ठीक वैसी ही थी, जैसे आज पाकिस्तान एवं श्रीलंका की स्थिति है।

**सचिन कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## विवाहिता का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरपुर कांटा के कांटा में सोमवार की सुबह एक विवाहित महिला का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला के पिता ने मौत को संदिग्ध मानते हुए शिकायत की है। आरोप है कि गाँव निवासी विमलेश कुमारी उम्र लगभग 25 वर्ष पत्नी रवि प्रजापति ने घरेलू कलह से तंग आकर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। सुबह शव को लटकता देख ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर पाकर इसी थाना क्षेत्र के पिरखौली के मजरे जरेरा निवासी मायके वालों में हड़कंप मच गया। मायके वालों में शामिल पिता ने मौत को संदिग्ध बताया और पुलिस में शिकायत की है। पूछे जाने पर चैकी प्रभारी सुचित्तागंज चंद्रहास मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## कौशपुरी वार्ड में भ्रमण कर जनसमस्याएं जानेंगे महापौर

अयोध्या। नगर निगम की टीम के साथ आगामी शुक्रवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी कौशलपुरी वार्ड का भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्कों, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस दौरान जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान भी कराएंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 12 दिसंबर को सुबह आठ बजे महापौर लालबाग में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें शामिल रहेंगी।

## आरएसएस का गृह संपर्क अभियान जारी

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घर-घर गृह संपर्क अभियान लगातार जारी है इसी क्रम में विवेकानंद नगर की टकसाल बस्ती में घर-घर संपर्क कर भारत माता का चित्र, पत्रक और संघ द्वारा किए गए 100 वर्षों के कार्यों की पुस्तिका प्रत्येक परिवार में दी गई और संघ द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय रस्तोगी ने बताया कि संघ का जो मूल उद्देश्य है कि प्रत्येक हिंदू परिवारों में संघ के विचारधारा पहुंचे इसी निमित्त हम सभी स्वयंसेवक प्रत्येक घरों में जा रहे हैं। विवेकानंद नगर की पांच बस्ती फतेहगंज बस्ती, रिकाबगंज बस्ती, झारखंडी बस्ती, बल्ला हाता बस्ती और टकसाल बस्ती में प्रत्येक दिन अलग-अलग रूप में प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक और शाम को 5:00 से 7:00 तक संपर्क अभियान किया जा रहा है संपर्क के दौरान प्रमुख रूप से विवेकानंद नगर के नगर सह कार्यवाह सुनील जी साहू, अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के उपाध्यक्ष एवं बस्ती प्रमुख राजीव शुक्ला , श्री राम केसरवानी ,आलोक गोयल आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे, साथ ही बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज सिन्हा के आवास पर पहुंचकर भारत माता का चित्र पत्रक और संघ के 100 वर्षों के कार्यों की पुस्तिका भेंट की।

# अयोध्या के समग्र विकास को मिली अभूतपूर्व गति : दयाशंकर सिंह

- परिवहन मंत्री ने रामनवमी पर होने वाले 1251 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की यज्ञशाला का किया भूमि पूजन



अयोध्या। श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले 1251 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह हनुमत श्रीराम महायज्ञ की यज्ञशाला का भूमि पूजन मंगलवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। 20 से 26 मार्च 2026 तक प्रस्तावित इस भव्य महायज्ञ को रामनगरी में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का अद्वितीय संगम बताया जा रहा है। भूमि पूजन से पूर्व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने श्री रामजन्मभूमि परिसर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए तथा हनुमानगढ़ी में महाबली हनुमान के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अयोध्या आज अपने गौरवपूर्ण इतिहास से आगे बढ़ते हुए एक नए युग में प्रवेश कर रही है। पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या के समग्र विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के बाद यहां बुनियादी ढांचे, सड़कों, परिवहन सेवाओं और पर्यटन सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। श्रीरामनवमी के अवसर पर होने वाला यह महायज्ञ अयोध्या की आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करेगा। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या का विकास केवल परियोजनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान है। उन्होंने बताया कि शहर को आधुनिक सुविधाओं से सज्जित करते हुए उसकी सांस्कृतिक आत्मा को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि महायज्ञ के आयोजन से रामनगरी की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चमक और अधिक प्रखर होगी।

## लोकतंत्र की शक्ति हर मतदाता की भागीदारी में निहित: वेद प्रकाश गुप्ता



अयोध्या। विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता लगातार विधानसभा के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने हनुमत शक्ति महाविद्यालय, प्राथमिक विद्यालय अंगूरी बाग व कटरा समेत दर्जनभर बूथों पर पहुंचकर बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों और बीएलओ से अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घर-घर सत्यापन और त्रुटियों को दूर करने की कार्यवाही को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति उसके मतदाताओं में निहित है। उन्होंने कहा, ह्लअयोध्या की जनता लोकतांत्रिक चेतना में हमेशा अग्रणी रही है। हम चाहते हैं कि एक भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। हर मतदाता का नाम सही ढंग से जुड़ना हमारी प्राथमिकता है। बीएलओ और बूथ टीम पूरी जिम्मेदारी से काम कर रही है, और यह अभियान जनता की भागीदारी से सफल होगा। विधायक ने यह भी कहा कि सरकार मतदाता सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि मतदान केंद्रों पर सुगमता बढ़े और अधिक से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, नए युवा मतदाताओं को जागरूक करने तथा दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं की विशेष सहायता सुनिश्चित करने पर बल दिया। विधायक के दौरे से बूथ टीमों में उत्साह दिखाई दिया। अभियान के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को सटीक और अद्यतन बनाने की दिशा में कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मौके पर संजय शुक्ला, मुकेश तिवारी, बालकष्ण वैश्य, राजेश मिश्र, धनश्याम पहलवान, अश्वनी गुप्ता, दिनेश दास, हेमंत जायसवाल, प्रांशु अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के जरिए अधिवक्ताओं ने संघर्ष का लिया संकल्प




बाराबंकी। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के मुददे पर निकली प्रदेशव्यापी अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व मे जनपद आगमन पर अधिवक्ताओ ने स्वागत किया। अधिनियम से जुडे मुददो पर एसोसिएसन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शुक्ल ने कहा कि संसद सत्र में इस बार भी सरकार ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का विधेयक पेश नही किया। इससे अधिवक्ताओं में असुरक्षा तथा असंतोष की भावना बढ़ती जा रही है। विभिन्न अधिवक्ता संगठनो से प्रदेश सरकार ने भी एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर प्रस्ताव मांगे। इसके बावजूद भी एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू नही हो पा रहा है। एसोसिएसन राष्ट्रीय महासचिव श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपति के नाम विभिन्न जिलों में पहुंच रही अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के जरिए मांगो को लेकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन अगले माह जनवरी में सौपा जाएगा। उन्होने बताया कि इस अधिनियम में सुरक्षा के साथ युवा अधिवक्ताओ के लिए लाइब्रेरी प्रोत्साहन भत्ता, बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन आदि की मांगे भी शामिल रखी गयी है। इस अवसर पर विकास मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता रामलखन शुक्ल, अमित कुमार शुक्ल, के0के पटेल, राम अवतार, सुरेशचंद्र शुक्ला, छोटेलाल वर्मा, पंकज निगम, अश्विनी सोनी, विजयकांत मिश्र, विनय कुमार, रमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जनसुनवाई के दौरान आईं 16 शिकायतें



अयोध्या। जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 16 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 12 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तुरंत समाधान कराया, जबकि चार प्रकरण गली एवं नाली निर्माण से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने मुख्य मार्गो से इतर कॉलोनी एवं गलियों में सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत कर्मचारियों को दी। उन्होंने कौशलपुरी वार्ड के विष्णुपुरी कॉलोनी में सफाई व्यवस्था खराब होने की शिकायत मिलने पर सफाई सुपरवाइजर एवं निरीक्षक को फटकार लगाई। महापौर ने सफाई सुपरवाइजर को हटाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सड़क, नाली, गली के निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के जल एवं सफाई को लेकर शिकायतें आईं, जिसका समयबद्ध समाधान कराने का भरोसा महापौर ने दिया। नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द जारी करने का निर्देश दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ नागेंद्र नाथ भरत भार्गव सुमित कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर्यन शुक्ला निर्माण खंड के सहायक अभियंता भारत सिंह वर्मा राजपति यादव जूनियर अधिकारी सुभाष त्रिपाठी अशोक गुप्ता आज मौजूद थे।

## हर पात्र नागरिक को मतदाता बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

### प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों संग किया बैठक



अयोध्या। विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को सर्किट हाउस में बूथवार समीक्षा बैठक की। बैठक में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, चन्द्र भानु पासवान, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा वितरित गणना फॉर्म जिन्हें अभी तक वापस नहीं किया गया है, उन्हें समयबद्ध रूप से जमा कराने के लिए बूथ पदाधिकारी तत्परता से काम करें। उन्होंने कहा, मतदाता पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आत्मा है। बूथ कमेटियां सहयोगी की भूमिका में रहते हुए घर-घर जाकर संपर्क करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। हर घर में जाकर फॉर्म सही तरीके से भरवाना और बीएलओ के पास जमा कराना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए महानगर तथा जिले के पदाधिकारी लगातार बूथ व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों से सम्पर्क व संवाद करते रहें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि संगठन बूथ स्तर पर पूर्ण सक्रियता से जुटा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में टीमों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जा रहा है। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा करें।

## जिला जज ने किया पुलिस विभाग की बाइक जागरूकता रैली को रवाना



बाराबंकी। आगामी 13 दिसम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने को लेकर आज मंगलवार को जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग की मोटरसाइकिल जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश ने कि यह जागरूकता रैली अपने आप में अनूठी पहल है। जिले में पहली बार पुलिस विभाग द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए मोटर साइकिल रैली निकाली गई है। रैली का उद्देश्य सामान्य जनमानस एवं पुलिस विभाग के बीच सामन्जस्य स्थापित करना एंव दूरस्थ गांवों में मोटरसाइकिल द्वारा जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में जानकारी देकर जागरुक करना है। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय वन्दना सिंह, एडीजे प्रथम विनय सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राकेश कुमार सिंह, अपर जिला न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा




बहराइच। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री व जिला प्रभारी सूर्य प्रताप शाही जी का आगमन हुआ। जनपद में चल रहे एसआईआर अभियान की मानिरिटिंग टीम व विधानसभा मानिरिटिंग टीम के कार्यकताओं से साथ बैठकर प्रगति की जानकारी ली ।तथा लोगों को सिर्फ बचे हुए दो दिन में लगकर समय से पूर्व शत प्रतिशत कार्य संपन्न करने के लिए आग्रह किया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा ब्रजेश पांडे ने की तथा मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष एसआईआर के कार्यक्रम के संयोजक रणविजय सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह बलहा विधायक सरोज सोनकर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी का नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा निवर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड कैसरगंज पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा जिला उपाध्यक्ष सुषमा चौधरी उमाशंकर तिवारी सुवेद वर्मा जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला मंत्री डॉक्टर डिंपल जैन वीरचंद वर्मा रामनिवास जायसवाल सुनील श्रीवास्तव हरेंद्र विक्रम सिंह जिला जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा व सभी विधानसभाओं के संयोजक मंडल के संयोजक गण उपस्थित रहे ।

## पुलिस उपाधीक्षक क्षेत्राधिकारी नानपारा का सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

### समस्याओं व कानून-व्यवस्था पर हुई विस्तृत चर्चा



रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति और आदर्श समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नवागत पुलिस उपाधिक्षक क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया और उनसे औपचारिक भेंट की। दोनों संगठनों के प्रतिनिधि मंगलवार को सीओ कार्यालय नानपारा पहुंचे, जहां उन्होंने नवपदस्थापना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और पदाधिकारी एवं समितियों केसदस्यों ने सीओ नानपारा पहुप सिंह को स्मृति चिन्ह, गुलदस्ता व पेन-डायरी भेंटकरसम्मानित किया इसी क्रम में पदाधिकारियों ने उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया एवं कानून व्यवस्था कार्य प्रणाली पर पुलिसिंग की उम्मीद जताई। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष पत्रकार शेर सिंह कसौधन एवं आदर्श समाज सेवा समिति के जिला सचिव ने बताया कि नवागंतुक क्षेत्राधिकारी सरल स्वभाव के अधिकारी हैं और क्षेत्र के विकास एवं शांति व्यवस्था के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। आशा करते हैं जन समस्याओं पर विशेष ध्यान देंगे इसी क्रम में सिओ नानपारा पहुप सिंह सभी संगठन के पदाधिकारी से मुलाकात के दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा हुई और सीओ ने आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। आदर्श समाज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि समाजसेवियों की यह मुलाकात एक सकारात्मक पहल है। इसमें सामाजिक मुद्दों, अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक वार्ता हुई। समिति ने पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जनहित कार्यक्रमों में हर संभव सहयोग देने की बात कही।क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नानपारा सर्किल को अपराधमुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि आमजन सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भयमुक्त होकर सामाजिक जीवन जीने की अपील की। इस मौके पर शेर सिंह कसौधन, संतोष कुमार मिश्रा, विनोद कुशवाहा, इरशाद हुसैन, विनोद गिरी, महबूब अहमद, रामदीन गौतम अरुण सिंह समेत दर्जनों पत्रकार एवं गणमन समाजसेवी नागरिक उपस्थित रहे।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने किये मरीजों में फल वितरण



बाराबंकी। त्याग और तपस्या की प्रतीक सोनिया गांधी भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण हस्ती है। उन्होने 2004 में प्रधानमंत्री का पद ठुकराया। यह उनके द्वारा समर्पित सामाजिक प्रेरणा देती हैं। अब वह भारतीय राजनीति में एक मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका निभा रही है। उक्त उद्गार ओबरी आवास पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी का जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने कार्यकर्ताओ के साथ केक काटने के बाद कही। इसके उपरान्त पूर्व सांसद डा0 पुनिया एंव जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला अस्पताल मे मरीजो को फल वितरण कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, वीरेन्द्र यादव, इरफान कुरैशी, सना चैधरी, विजय पाल गौतम, देवेन्द्र सिंह तरूण चावला, राजेन्द्र गौतम, श्रीकान्त मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## हृदय रोगों को समझाने व रोकथाम को लेकर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन




बाराबंकी। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रागण मे वेलफेयर कमेटी के मार्गदर्शन तथा टीआरसी महाविद्यालय के तत्वाधान मे युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हृदय रोगों की गंभीरता को समझाने और रोकथाम को लेकर जागरूकता व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। जागरुकता सत्र मे डा0 रवि शंकर त्रिपाठी ने छात्रो को युवाओं में बढ़ रही हार्ट डिजीज, उसके प्रमुख कारण, प्रारंभिक लक्षण, रोकथाम के तरीके तथा जीवनशैली में आवश्यक बदलाव के बारे में सरल, रोचक और वैज्ञानिक ढंग से जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों से नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आवाहन किया। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन डॉ0 बाला चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि युवा अवस्था में सही मार्गदर्शन जीवनभर लाभकारी होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नंदिता सिंह सहित अन्य शिक्षकाये मौजूद रहे।

## एसडीएम के हाथों सम्मानित हुए कार्मिक



बहराइच । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-285 महसी अन्तर्गत संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत गणना प्रपत्र वितरित करने के उपरान्त गणना प्रपत्र प्राप्त करके गणना प्रपत्र में आवश्यक जानकारी भरकर बीएलओ एप पर डिजिटाईजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण होने पर उप जिलाधिकारी /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 285-महसी द्वारा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण, सुपरवाईजर, बीएलओ व वीआरसी आपरेटर व सभी कार्मिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## आवागमन को सुलभ बना रहे राज्य वित्त आयोग से निर्मित मार्ग

### जल निकासी में सहायक बन रहा है 15वें वित्त आयोग से निर्मित नाला



बहराइच । जिला पंचायत, बहराइच अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष विकास खण्ड हुजूरपुर के ग्राम पंचायत बरूही के वनपुरवा में पयागपुर हुजूरपुर सम्पर्क मार्ग से अरविन्द सिंह के घर को जोड़ने वाले मार्ग पर रू. 37.10 लाख की लागत से हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित 500 मी. सम्पर्क मार्ग के लेपन एवं पुलिया निर्माण कार्य तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष विकास खण्ड महसी के ऐरिया सम्पर्क मार्ग के बरबदहा हरदी रजवाहा की बायी पटरी पर ओरीदास बाबा मंदिर तक रू. 38.89 लाख की लागत से हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित 1.020 कि.मी. सम्पर्क मार्ग के लेपन कार्य ने आम जनमानस के आवागमन को सुलभ बना दिया है।

इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा 15वां वित्त आयोग (टाइड फण्ड) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष विकास खण्ड जरवल के ग्राम पंचायत घूरनपुर में कसमढ़ा के पास रहमुद्दीन के घर से टेढ़वा ताल तक रू. 36.79 लाख की लागत से स्वच्छता के दृष्टिगत 350 मीटर आर.सी.सी. नाले का निर्माण कराया गया है। नाले का निर्माण होने से क्षेत्र की जलभराव की समस्या समाप्त हो गयी है।

## बच्चों की जांची गयी सेहत, बांटे पौष्टिक आहार

बहराइच । डा. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से मंगलवार को संविलियन विद्यालय चेतरा में बीएससी नर्सिंग व एएनएम की छात्र-छात्राओं द्वारा बच्चों की सेहत जांची गई। नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी और बच्चों को पोष्टिक आहार वितरण किया गया। इस मौके पर नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर,शिक्षक फूलचंद्र डावरिया, शिक्षिका आंचल सिंह ,सौम्या सिंह,सृष्टि, अपूर्वा, साधना,मिनाक्षी, शिल्पी,अमृता, विनीता, शान्ती,पायल, प्रियंका, अनुभव,रमन, आशीष, अमन,शिवा कान्त,अंशू, रामकुमार, अंशिका, एकता,सत्यम,आस्तिक, गौरव , वैभव , काजल ,आँचल ,बशु, इशरा ,कोमल, सौम्या,फैजीन समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

## आज दिल्ली के लिए कूच करेंगे सैकड़ों शिक्षक

अयोध्या। जनपद के प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के नेतृत्व में नाका अयोध्या में बुलाई गई, बैठक में 11 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित विशाल विरोध प्रदर्शन के संबंध में रणनीति बनाई गई, बैठक में उपस्थित जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि लिए 10 दिसम्बर को अयोध्या से भारी संख्या में शिक्षक दिल्ली के लिए ट्रेन से कूच करेंगे, कुछ साथी बस और अपने स्वयं के साधन से भी दिल्ली चलने का काम करेंगे, जिला मंत्री अशोक वर्मा ने कहा कि शिक्षकों में आक्रोश है अपने खिलाफ हो रहे अन्याय के प्रतिकार को जिले भर से सैकड़ों शिक्षक कल दिल्ली के लिए रवाना होंगे, हम रुकेंगे, झुकेंगे नहीं तब तक लड़ते रहेंगे ।

संक्षेप

## हत्या के मामले में पुलिस ने मां बेटे को भेजा जेल

**रायबरेली।** ससुराल में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि बीती 24 अगस्त को सातनपुर गांव में अजीत का षव मिला था। मृतक के पिता हरी पुत्र गौरीषंकर निवासी लोनियन खेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव ने अपने पुत्र की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए 7 लोगों को नामजद किया था। पीएम रिपोर्ट में अजीत की गला दबाकर हत्या किये जाने की भी पुष्टि हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने नामजद आरोपी विष्वनाथ को जेल भेज दिया था। इसी मामले में ढाई माह बाद विष्वनाथ की पत्नी मालती व उसके पुत्र राजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अवैध असलहा जब्त पकड़ा गया नाबालिग

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने नाबालिक को अवैध असलहा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दो सड़का के निकट चेंकिग के दौरान शुमभ्दीक्षित निवासी झाबर हरदो पट्टी के पास से अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकडा गया आरोपी नाबालिक बताया गया है। पुलिस ने आरोपी शुभम् दीक्षित के खिलाफ संबधित धाराओं में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई षुरू कर दी है।

## खुलेआम चोरी हो रहा एक्सप्रेस वे का सरिया

**रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस वे में लगी संस्था के सामान चोरी किये जाने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। ताजा मामला ट्रैक्टर से सरिया चुराने का प्रकाष में आया है। कंपनी के गार्ड सुजीत सिंह पुत्र स्व0 रामसागर ने बताया कि रात लगभग 10 बजे गस्त के दौरान एक महिंद्रा टैक्टर को पकड़ा जिसमें काफी मात्रा में सरिया लदा था। ड्राईवर से पूछतांछ के दौरान वह कोई कागजात नही दिखा सका। उसने अपने ठेकेदार से फोन पर बात भी कराई जिसमें उसे लालच देने का प्रयास भी किया गया। मामले में ट्रैक्टर नम्बर को नामजद करते हुए सुजीत ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रोहनिया में बच्चों ने दी कौन बनेगा नन्हा कलाम प्रतियोगिता

**रायबरेली।** विकास क्षेत्र रोहनिया में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ह्यकौन बनेगा नन्हा कलामह्य प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें ब्लॉक के सभी उच्च. प्राथमिक विद्यालय व कस्तूरबा बालिका विद्यालय के 5-5 छात्र व छात्राओं सहित कुल 100 बच्चों को प्रतिभाग कराया गया। प्रतियोगिता दो चरणों में कराई गयी। पहले चरण में टॉप 25 बच्चों का चयन किया गया एवं द्वितीय अंतिम चरण में 5 बच्चों को जिले में होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु चयन किया गया। इन पांच बच्चों के खाते में 3000 - 3000 रुपए विभाग द्वारा मॉडल बनाने हेतु प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी विनोद तिवारी, डायट मेंटर संतोष यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश यादव, शिक्षक संघ अध्यक्ष पवन शुक्ला, कार्यालय स्टाफ भूपेंद्र गुप्ता, विजय सिंह, उमेश कुमार, आदित्य कुमार वर्मा, विकास शुक्ला, रघुराज प्रसाद, सिद्धार्थ पाण्डेय, नवरंग लाल, नीतू कुशवाहा, उषा मिश्रा, रोहिणी शुक्ला सहित अभिवावक उपस्थित रहे।

# गौवंश के 7 हत्यारे गिरफ्तार

## सलोन कोतवाली क्षेत्र हमेशा रहता है गौवंश हत्या में चर्चित



जिला संवाददाता (vol)

**सलोन,रायबरेली।** गौ वंश व राष्ट्र रक्षा के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा चलायी जा रही मुहिम पर गो हत्या करने वाले अपराधी भारी पड़ रहे हैं। लगातार गोवंश की हत्या करने वालों पर योगी सरकार सख़्त है फिर भी सलोन में सरेआम की गई गौ हत्या को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालाँकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ़्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की है। परंतु गोवंश हत्या की घटनाएं सलोन में आखिर क्यों पनपती है इस मामले पर पुलिस अढाई कोस ही चल रही है। कोतवाली पुलिस ने गौहत्या के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली अंतर्गत रुनीपुर गांव स्थित पानी टंकी के समीप सोमवार की सुबह अज्ञात लोगों द्वारा एक लाल रंग की गाय को निर्ममता पूर्वक काटा जा रहा था। इसी दौरान कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर ले जा रहे एक किसान की नजर घटना को अंजाम दे रहे आरोपित पर पड़ गई ।जिसके बाद ग्रामीण ने शोरगुल मचाना शुरू कर दिया था ।ग्रामीण के शोर मचाने पर अज्ञात आरोपित मौके से धारदार औजार लेकर भाग निकले थे जिसके बाद हिन्दू संगठन के लोग घटना स्थल पर पहुँच कर आक्रोश जताने लगे थे। वादी सुरेश सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम साहबगंज थाना सलोन रायबरेली ने लिखित तहरीर देकर बताया कि थाना सलोन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूनीपुर में पानी की टंकी के पास खेत में अज्ञात लोगों द्वारा गाय की हत्या कर दी गई है। प्राप्त सूचना पर थाना सलोन पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलोन पर मु0अ0सं0-510/2025 धारा-3/5/8 यूपी गोवध निवारण अधिनियम बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था।

मंगलवार को पुलिस ने गुलजार पुत्र इसरार अहमद निवासी मियां साहब का फाटक कस्बा व थाना सलोन, मो0 अफसर पुत्र अब्दुल हमीद निवासी बडा घोसियाना मजरे ख्वाजापुर थाना सलोन, आजाद फकीर पुत्र बदलू निवासी रोशन अली का पुरवा मजरे रसूलपुर, रईश अहमद पुत्र मो० शहीद निवासी रसूलपुर, मो0 जाबिर पुत्र मो० नसीर अहमद उर्फ पुल्लू निवासी पूर्वी मिल्कियाना कस्बा व थाना सलोन, चाँद मो० पुत्र पीर मो० निवासी विकास नगर मो० नये थाने के पास कस्बा व थाना सलोन, शेर मो० पुत्र ताज मो० निवासी छोटा घोसी का पुरवा मजरे आशिकाबाद थाना सलोन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि गौहत्या के मामले में सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, पकड़े गए आरोपियों के पास से एक अदद छुरी, बांका, कुल्हाडी, रस्सी, लोडर पिकप बरामद किया गया है।

# फलदार पौधे रोपकर विद्यालय परिसर में लगायी पोषण वाटिका

जिला संवाददाता (vol)

**सलोन, रायबरेली।** अर्चिशा फाउंडेशन द्वारा सर्वोदय विद्या पीठ इण्टर कॉलेज सलोन के प्रांगण में एक विशेष आयोजन के तहत फलदार पौधे रोपकर विद्यालय परिसर में पोषण वाटिका लगाई गई। फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि बचपन से ही प्रकृति, पेड़ों और धरती से उनका गहरा लगाव रहा है। यही लगाव आगे चलकर अर्चिशा फाउंडेशन के रूप में को भी प्रस्तुत किया था। जिसमें नगर के चैराहों पर ग्रीन छतरी योजना, सड़कों पर त्रिस्तरीय वृक्ष पंक्ति योजना, नदी तटों पर दूब परत बिछाने की योजना, गांव की मेड़ों पर करौंदा हेज लगाने की योजना, ग्रामीण पगडंडियों पर कृषि-बागवानी योजना, तालाबों के पुनरुद्धार हेतु ह्यहरित सरोवरह्य योजना व श्मशान घाटों पर पीपल, नीम वृक्षों के रोपण की योजना,पंचवटी योजना, जैविक विविधता जोन विकसित करना इस



विकसित हुआ, जो सफर प्रयागराज से शुरू हुआ आज पूरे भारत में पर्यावरण, शिक्षा और सामाजिक उत्थान की पहचान बन चुका है। हाल ही में प्रयागराज में चैथे राष्ट्रीय समागम में अर्चिशा फाउंडेशन ने भावी लक्ष्यों कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती रहे एवं अजय कुमार सिंह प्रवक्ता इतिहास और विनोद कुमार त्रिपाठी प्रवक्ता नागरिक शास्त्र के साथ विद्यालय के छात्र छात्रा शामिल हुए।

# राजनीति में त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति हैं सोनिया गांधी



**अमेठ।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय राजनीति में त्याग, तपस्या और सेवा की अनूठी मिसाल स्थापित करने वाली पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का 79वॉ जन्मदिन मंगलवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में अत्यंत हर्ष और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने भावनाओं से ओत-प्रोत होकर उनके दीर्घ राजनीतिक सफर, अटूट समर्पण और संघर्षों को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत अमेठी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भारी भीड़ मे कार्यकताओं के साथ केक काटकर श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया इसके पश्चात उपस्थित कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उनके स्वास्थ्य, दीघायु और सुख-समृद्धि की कामना की। सभागार में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि सोनिया गांधी का जीवन भारतीय राजनीति में त्याग और दृढ़तापूर्वक कर्तव्य निभाने का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन को संभाला, देश और पार्टी के हित को सदैव अपनी प्राथमिकता रखा और कठिन दौर में भी संयम, सादगी और धैर्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि सोनिया गांधी ने न केवल एक नेता के रूप में, बल्कि एक संवेदनशील नागरिक और दायित्वों का निर्वहन करने वाली दृढ़ व्यक्तित्व के रूप में भी देश की सेवा की है। व्यक्तिगत जीवन की गहरी पीड़ाओं के बीच भी उन्होंने राष्ट्रहित और संगठन के लिए स्वयं को समर्पित रखा। इसी त्याग और तपस्या ने उन्हें करोड़ों भारतीयों के हृदय में विशिष्ट स्थान दिलाया है। इस अवसर पर अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी ब्लॉकों में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए जिसके माध्यम से कार्यकताओं ने सोनिया गांधी के विचारों पर समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दोहराया। केक काटकर कार्यकताओं ने उनके जन्मदिन की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं और यह आशा जताई कि उनकी प्रेरणादायी ऊर्जा और दृढ़ता सभी कांग्रेसजनों को आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती रहेगी। अंत में जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि सोनिया गांधी का त्याग, सरलता और निःस्वार्थ सेवा भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। जिला प्रवक्त अनिल सिंह, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एम्स रायबरेली के बाल रोग सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने लहराया परचम

जिला संवाददाता (vol)

● राष्ट्रीय मंचों पर जीते पुरस्कार

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली के बाल रोग सर्जरी विभाग ने दिसंबर के प्रथम सप्ताह में उल्ल्खनीय रहा। पिछले साल प्रकाशित हुए शोध पत्रों में एम्स रायबरेली के बाल रोग सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुनीता सिंह का प्रकाशित हुआ शोध पत्र पीडियाट्रिक सर्जरी में टॉप 3 में से एक शोध पत्र के रूप में चुना गया है। यह शोध पिछले 4 सालों में पीडियाट्रिक वैस्कुलर ट्यूमर पर पूरी लगन से की गई थी। इस शोध में यह पता लगाया गया है कि दवाओं के साइड इफेक्ट्स को कम करने के लिए, ट्यूमर के स्थान पर मरहम लगाना दवा खाने के समान ही प्रभावशाली है। उन्हें यह सम्मान इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स के रिसर्च और न्यू इनोवेशन खंड द्वारा नई दिल्ली में दिया गया।

सह-प्रोफेसर डॉक्टर दिव्या प्रकाश को एक बच्चे में किडनी खराब होने के बहुत ही रेयर केस को प्रस्तुत करने के लिए दूसरा पुरस्कार दिया गया। बच्चे का ऑपरेशन एक साल पहले संस्थान के बालरोग सर्जरी विभाग में लैप्रोस्कोपी से किया गया था। बच्चा स्वस्थ और फिट है और सामान्य जिंदगी जी रहा है। जूनियर रेजिडेंट, डॉक्टर कुलसुम जुनैद भी 11वें नेशनल कॉन्फ्रेंस में सभी पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट्स में प्रथम रहीं। इसके अलावा, डॉक्टरसुनीता सिंह कोवीनस इंटरनेशनल फाउंडेशन के मैनेजमेंट बोर्ड ने वीआईएचए 2025 एक्सपर्ट कमिटी रिपोर्ट और एपेक्स कमिटी की सिफारिशों के आधार पर सर्जिकल सुपर स्पेशल में बेहतरीन प्रैक्टिस और बिना किसी स्वार्थ के समर्पण की भावना से सेवा करने हेतु बाल रोग सर्जरी में आउटस्टैंडिंग क्लिनिशियन का पुरस्कार दिया गया है। उन्हें 6 दिसंबर को चेन्नई में हुए कॉन्वोकेशन में यह पुरस्कार दिया गया।

# कनिष्ठ वर्ग में संस्कार तो वरिष्ठ में अर्पित प्रथम



● टाइनी टाट्स पब्लिक स्कूल में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित, छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मानित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भारत विकास परिषद, कुशभवनपुर शाखा द्वारा आयोजित गुरु वंदन तथा छात्र अभिनंदन कार्यक्रम बुधवार को टाइनी टाट्स पब्लिक स्कूल, सिविल लाइन में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण और राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। मुख्य अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधाकर सिंह थे। परिषद के संरक्षक एवं प्रांतीय संस्कार गतिविधि सहसंयोजक अरुण कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष रविकांत अग्रहरि, वं विद्यालय के उपप्रधानाचार्य के.के. राय व संस्कार संयोजक बृजेश बरनवाल प्रमुख अतिथि रहे।

कार्यक्रम के दौरान भारत जाँचो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान संस्कार सिंह, द्वितीय स्थान आंचल साहू व तृतीय स्थान शिवेंद्र यादव ने प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित किया अर्पित वर्मा ने, जबकि द्वितीय व तृतीय स्थान आयुषी शर्मा व राजवीर सिंह ने हासिल किया। इन विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय में शिक्षा व अनुशासन में उत्कृष्ट सहयोग देने वाले दो अध्यापकों- आशुतोष शर्मा और पूजा गुप्ता को भी परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के पूर्व अध्यक्ष आलोक कानोडिया, धनंजय मुखर्जी, सुनील जायसवाल, प्रशांत टंडन, अमित बरनवाल, आदित्य अग्रहरि, सच्चिदानन्द माधव, मनोज कसौधन, दीपेन्द्र कसौधन, दीपक जायसवाल, रवि अग्रहरि व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समापन पर मुख्य अतिथि डॉ. सुधाकर सिंह ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार व राष्ट्रीय चेतना ही देश की मजबूती का आधार है। परिषद ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी सहभागी शिक्षक, छात्र, अभिभावक व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## युवकों को रौंदने वाली तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी पर केस दर्ज

**अमेठी ।** मृतक के भाई की तहरीर पर गौरीगंज कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा। पल्लेदारी करने जा रहे थे युवक तभी महिला थाने की सरकारी गाड़ी ने तीनों को रौंद दिया ।जिसमें एक 20 वर्षीय नवयुवक की मौके पर हो गई थी दर्दनाक मौत जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल युवकों का रायबरेली के एम्स में चल रहा है इलाज। दुर्घटना के वक्त गाड़ी में सवार थी महिला थाने की प्रभारी इंस्पेक्टर कंचन सिंह और उनके हमराही। घटना के बाद मौके से भाग निकली महिला थाना प्रभारी।

## नहर पटरी पर संदिग्ध हालत में मिली कार, छत पर रखी मिली चाबी,कार में दिखे खून के धब्बे

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के बसायकपुर गांव स्थित शारदा सहायक खंड-16 नहर पटरी पर मंगलवार सुबह एक अर्टिका कार संदिग्ध परिस्थिति में खड़ी मिली। गाड़ी की छत पर चाबी रखी थी और सीएनजी-पेट्रोल दोनों पूरी तरह खत्म थे। इसे देखकर सुबह की सैर पर निकले ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। लोगों ने करीब 06:00 बजे पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को टो कराकर कोतवाली पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि कार के दरवाजों और बॉडी पर खून जैसे धब्बे भी दिखाई दिए। आशंका है कि रात में कार खराब होने या ईंधन खत्म होने पर अज्ञात लोग इसे छोड़कर फरार हो गए। नंबर प्लेट टूटी हुई मिली, जिससे पहचान सुनिश्चित करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस कार मालिक का डाटा खंगाल रही है और जिले में हाल ही में हुई एक अन्य घटना से भी इस कार की कड़ी जोड़कर जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि कार संदिग्ध हालत में मिली है, नंबर प्लेट टूटी है। हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

## सुलतानपुर सांसद की 'खोज अभियान' चला रहे युवा, राहगीरों से ली जानकारी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद के युवाओं ने अपने सांसद की गैर-मौजूदगी को लेकर अनोखा अभियान चलाया। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में युवाओं ने दुकानदारों व राहगीरों से सांसद के बारे में जानकारी जुटाई। इस अभियान का नेतृत्व सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। सौरभ मिश्र ने बताया कि चुनाव के बाद से सांसद जनपद में दिखाई नहीं दे रहे हैं। शहर में जाम की समस्या सहित कई मुद्दों पर लोग परेशान हैं, लेकिन सांसद तक उनकी समस्याएँ पहुँच ही नहीं पा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने बताया कि चुनाव के बाद उन्होंने सांसद को देखा ही नहीं। अभियान में शामिल बृजेन्द्र मिश्र ने कहा कि उनका किसी जनप्रतिनिधि से व्यक्तिगत विरोध नहीं है, लेकिन जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि का प्राथमिक कर्तव्य क्षेत्र में रहकर जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि शहर का दुर्भाग्य है कि सांसद का जनपद में आना-जाना बहुत कम हो गया है, जबकि जनता समस्याएँ लेकर उनके पास पहुँचना चाहती है। अभियान में अभिषेक शुक्ला (एडवोकेट), दीपक तिवारी, देवेश कुमार (एडवोकेट) सहित अन्य युवा भी शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से जानकारी एकत्र की।

# बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन संबंधी कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**अमेठी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संशोधित कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्प्रति चल रहे गणना प्रपत्रों का संग्रह कर बीएलओ ऐप पर डिजिटाईजेशन करने संबंधी कार्यों को आयोग द्वारा नियत अवधि 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2025 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ द्वारा मार्क किये गये अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, आदि मतदाताओं के गणना प्रपत्रों की पुनः जांच किये जाने एवं बीएलओ एवं बीएलए की बैठक कराने तथा बैठक से संबंधित सूचना बीएलए को लिखित रूप से प्राप्त कराये जाने के साथ ही बैठक से संबंधित कार्यवृत्त, उपस्थिति, पावती, फोटोग्राफ्स, आदि एकत्र कर जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी में उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि क्रमशः विधानसभा क्षेत्र 178-तिलोई हेतु आवंटित वि.ख.-तिलोई में जिला कृषि अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार मो.नं.-8081888342, वि.ख.-बहादुरपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार मो.नं.-9415180152, वि.ख.-सिंहपुर में जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिनराज व विधानसभा क्षेत्र 184-जगदीशपुर हेतु आवंटित वि.ख.-जगदीशपुर में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मो.नं.-8423322671, वि.ख.-शुकुल बाजार में संतोष कुमार मो.नं.-9415366695, वि.ख.-मुसाफिरखाना में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा मो.नं.-9454101777 एवं विधानसभा क्षेत्र 185-गौरीगंज हेतु आवंटित वि.ख.-गौरीगंज में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव मो.नं.-7599221330, वि.ख.-शाहगढ़ में आईटीआई प्रधानाचार्य विवेक कुमार मो.नं.-7408414320, वि.ख.-जामों में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड-41 मनीष कुमार रंजन मो.नं.-9621689613 तथा विस क्षेत्र 186-अमेठी हेतु आवंटित वि.ख.-भादर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार मो.नं.-9453004069, वि.ख-अमेठी में उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीना शुक्ला मो.नं.-8707311533, वि.ख-संग्रामपुर में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 गोपाल कृष्ण शुक्ल मो.नं.-9415289111, वि.ख.-भेटुआ में अधिशासी अभियन्ता नलकूप राजेश यादव मो.नं.-8765246099 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने उक्त अधिकारियों से जनपद के समस्त बीएलओ द्वारा बीएलए के साथ 12 व 13 दिसम्बर 2025 तक बैठक का कार्य पूर्ण कराने तथा एएसडी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों की जॉच तत्काल किये जाने की अपेक्षा की है।

# तीन दिन बाद हुआ अमन यादव का अंतिम संस्कार

● परिजनों ने डीएम-एसपी को सौंपा पांच सूत्रीमांग पत्र

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के साढ़ापुर निवासी अमन यादव हत्याकांड को लेकर परिजनों का विरोध सोमवार रात तक जारी रहा। परिवार ने शव का अंतिम संस्कार प्रशासन से लिखित आश्वासन मिलने तक रोक रखा था। अन्य आला अधिकारियों के सूचना पर सोमवार देर रात जिलाधिकारी हर्ष कुमार और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह गांव पहुंचे और परिवार से बातचीत कर कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद मंगलवार सुबह भारी पुलिस सुरक्षा के बीच देवाढ़ घाट पर अमन यादव का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने प्रशासन को सौंपे पाँच सूत्रीय मांग पत्र जिसमे 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता, दोषियों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई, परिवार को एक बीघा जमीन आवंटित करने, मृतक की बहन को सरकारी नौकरी देने और सुरक्षा के मद्देनजर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की माँग की है। उनका कहना था कि माँगों पर लिखित भरोसा मिलने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में सुबह देवाढ़ घाट पर अमन यादव का अंतिम संस्कार किया गया। घाट पर भारी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और स्थानीय लोग पहुँचकर नम आँखों से उसे विदाई दी। पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## ऑटो चालक की सूझबूझ से परिवार से मिला बच्चा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** संदिग्ध हालत मे स्टेशन के बाहर घूम रहा बच्चा ऑटो चालक की सूझबूझ से अपने परिवार के पास पहुंच गया वह पिता के पर्स से पैसे चुराकर घूमने निकला था। जीआरपी को मिला तो चाइल्ड लाइन की मदद से बाल कल्याण समिति ले जाया गया, जहाँ से उसे पिता को सौंप दिया गया। जौनपुर जिले के पक्का पोखरा गांव शाहगंज जौनपुर का रेहान पुत्र मुनाव्वर सोमवार की शाम रेलवे स्टेशन के बाहर से शाहगंज जाने के लिए ऑटो पूछ रहा था। तभी ऑटो चालक बरेहता लम्भुवा निवासी ऑटो वाले संदीप मिश्र को शक हुआ उन्होने उसे जीआरपी थाने पहुंचा दिया। वहाँ से उसे रात में सीडब्लूसी मजिस्ट्रेट सरिता यादव ने चाइल्ड लाइन मे संरक्षित कराया। वहाँ की परामर्शदाता से पूछताछ में रेहान ने बताया वह पिता मुन्नावर के पर्स से पैसे चुराकर पहले बदलापुर फिर सुलतानपुर पहुंचा। घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन गया था, लेकिन पुलिस पकड़ ली। मंगलवार को बच्चे को चाइल्ड लाइन वाले बाल कल्याण समिति के समक्ष ले गए जहा रेहान के पिता भी आए थे। समिति के अध्यक्ष पूर्व जज आरपी शुक्ला सदस्य मजिस्ट्रेट सरिता यादव ममता मिश्र व ओम प्रकाश तिवारी ने औपचारिकता पूरी कर पिता के मुनाव्वर की सुपुर्दगी मे दे दिया।

# सपा ने एसआईआर को लेकर प्रदेश व केंद्र पर साधा निशाना

जिला संवाददाता (vol)



**लालगंज, रायबरेली।** एस आई आर को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की बैठक लेने पहुंचे पूर्व मंत्री रामवृक्ष सिंह यादव ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सपा के वोट कटवा कर 2027 में सत्ता हथियाना चाहती है, लेकिन इस बार समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सतर्क हैं और जनता भी भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि एस आई आर कार्यक्रम जल्दबाजी में उठाया गया कदम है। योजना बनाकर प्रशिक्षित कर्मचारियों को सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में लगाना चाहिए था। बीएलओ फार्म तक नहीं भर पा रहे हैं तो गांव की जनता कैसे फॉर्म भर कर जमाकरेगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों की सहायता कर रहे हैं और मतदाताओं के फॉर्म भराने में अहम रोल अदा कर रहे हैं। उन्होंने बीएलओ की हो रही मौतों पर भी नाराजगी जताई और कहा कि अगर पहले से ही पर्याप्त समय दिया जाता तो कर्मचारियों पर दबाव नहीं बनता।

वहीं दिव्यांबर सिंह राजा बाबा ने कहा कि एस आई आर कार्यक्रम स्वागत योग्य है लेकिन कोई भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए इसके लिए सरकार को विशेष व्यवस्था करनी चाहिए। आज भी हिंदुस्तान की जनता फार्म ठीक प्रकार से भर नहीं पाती है ।सहयोग के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने भाजपा को नकार दिया था और 2027 के विधानसभा चुनाव में हम भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सरेनी विधानसभा के अध्यक्ष वरिष्ठ सपानेता जेपी यादव ने भी बैठक को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं को एस आई आर के काम में तत्परता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सपा के कार्यकर्ता इस बार सतर्क हैं। हम अपना वोट कटने नहीं देंगे ।प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता लगाया गया है। हमारी पार्टी का उद्देश्य है कि सभी मतदाताओं के फॉर्म भरे जाएं और उनके नाम नई मतदाता सूची में जरूर हो। जेपी यादव ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग और प्रशासन भाजपा के दबाव में काम कर रहा है ।इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ,राजेंद्र यादव,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता ,अमरेंद्र सिंह यादव, सतीश महाजन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

## ड्यूटी पर लौट रहे रेलवे कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत, घर में कोहराम

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के बांसगांव के पास बीते सोमवार को हुए सड़क हादसे में घायल रेलवे कर्मचारी की लखनऊ ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नानेमऊ निवासी जितेंद्र कुमार शर्मा पुत्र अमरनाथ शर्मा रेलवे विभाग के डीआरएम ऑफिस, प्रयागराज में कार्यरत थे। छुट्टी बिताकर सोमवार को वह ड्यूटी के लिए घर से निकले ही थे कि लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांसगांव पहुंचते ही उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सरकारी एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया, लेकिन लखनऊ पहुंचने से पहले ही रास्ते में जितेंद्र ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो पत्नी रितु शर्मा, पिता अमरनाथ शर्मा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दोपहर करीब 02:00 बजे दियरा राजघाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जितेंद्र शर्मा परिवार में सबसे छोटे थे। पिता अमरनाथ शर्मा भी रेलवे से रिटायर्ड हैं। बड़े भाई महेंद्र शर्मा और दूसरे नंबर के भाई रविन्द्र शर्मा दोनों भी रेलवे विभाग में सेवारत हैं।

संक्षेप

## चोरी के सामान सहित एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को चोरी के सामान सहित किया गिरफ्तार किया है। जो सवारियों को गाडी मे बैठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। सोमवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने चोरी के मुकदमे में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र भूरी सिंह निवासी जरौली खुर्द थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को अभियुक्त के मकान जरौली खुर्द से गिरफ्तार किया गया।जिसके कब्जे से चोरी किये गये 3,00,000 रुपए नकद 02 चैक व चोरी का अन्य सामान बरामद किया गया।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते दो गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्?थानों से सट्टे की खाईबाड़ी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी दीपक शर्मा निवासी सुरमे वाली गली नई बस्?ती थाना टूंडला को रेलवे कंपनी बाग स्?पोर्ट्स ग्राउंड से व सुनील निवासी सरायदायरुपा थाना खंदौली आगरा को न्?यू रेलवे कॉलोनी माल गोदाम के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से तलाशी के दौरान दोनों के पास से 890 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 948 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 948 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त चिन्कल पुत्र हरी सिंह निवासी स्वरूप नगर लाइनपार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को मय 948 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## ई रिक्शा चालकों ने नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**मथुरा।** ई रिक्शा चालकों ने मंगलवार को वृंदावन के रूक्मणी बिहार के समीप नगर निगम के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ई रिक्शा चालक शामिल हुए। उनका कहना था कि कुछ महीनों पूर्व पीएसए डिजीटल कंपनी द्वारा हजारों ई रिक्शा चालकों से बेहतर सुविधा मुहैया कराने का झांसा देकर कंपनी फरार हो गई। जिसके बाद अब नगर निगम द्वारा इनसे पैसे लेकर रूट बांटे जा रहे है। जिससे नाराज होकर उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया है। ई रिक्शा चालक समिति के अध्यक्ष ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ सालों से ई रिक्शा चालकों का लगातार शोषण किया जा रहा है। कोई रूट के नाम पर इनसे पैसे लेता है तो कोई किसी अन्य के नाम पर लेता है, जनवरी में ही पीएसए डिजीटल इंडिया कंपनी आई थी जिसने रूट दिलाने के नाम पर 2 से 3 हजार ई रिक्शा चालकों से 1180 रुपए ठग लिए, जिसके बाद कंपनी रफूचक्कर हो गई। अब उसी तर्ज पर नगर निगम द्वारा रूट बांटने के नाम पर ई रिक्शा चालकों से 3 हजार रूपए प्रति रिक्शा लिए जा रहे हैं।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति मथुरा की छमाही बैठक संपन्न



**मथुरा।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मथुरा की 60वीं छमाही बैठक मंगलवार को मुकुल अग्रवाल, अध्यक्ष, नराकास मथुरा एवं कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख की अध्यक्षता में मथुरा रिफाइनरी नगर के एम्प्लोइज क्लब में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर-2) गाजियाबाद ने सहभागिता की। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम गीत एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। मुकुल अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों एवं उनके प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा नीति का अनुपालन तथा सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में राजभाषा विभाग की अहम भूमिका है।हम सभी भारत सरकार की राजभाषा नीति के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं, फिर भी कार्यालयों के काम-काज में राजभाषा के प्रयोग की स्थिति की निरंतर समीक्षा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नराकास, मथुरा जिले में स्थित सभी सदस्य कार्यालयों का एक संयुक्त मंच है, जिसका उद्देश्य सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आ रही कठिनाइयों को दूर करना है। इसके पूर्व बैठक में सभी का स्वागत करते हुए अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने राजभाषा के प्रति लगाव देश प्रेम का ही एक रूप है तथा केंद्रीय सरकार के कार्यालयों एवं उपक्रमों में राजभाषा नीति, नियमों एवं अधिनियमों का अनुपालन लक्ष्य के अनुरूप करना आवश्यक है।

डॉ छबिल कुमार मेहेर ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम को लागू करना तथा संघ की राजभाषा नीति का पूर्णतः अनुपालन करना प्रत्येक कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी है। छमाही में समिति कार्यालयों में हुई हिंदी प्रगति पर संतोष प्रकट करते हुए उन्होने धारा 3(3) का अक्षरशः पालन करने के लिए कहा। बैठक में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट निष्पादन हेतु वर्ष 2024-25 के लिए सदस्य कार्यालयों को राजभाषा शील्ड प्रदान की गई जिसमें केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, मथुरा को प्रथम, भारतीय स्टेट बैंक (मुख्य शाखा) को द्वितीय, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. मथुरा को तृतीय राजभाषा शील्ड एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. मथुरा एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मथुरा को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बैठक में अध्यक्ष कार्यालय नराकास मथुरा द्वारा नगर स्तरीय एक नवीनतम विशेष पहल की गई जिसमें नराकास मथुरा के वह सदस्य कार्यालयों के कार्यलय प्रमुख जिन्होंने नराकास मथुरा की पिछली तीन बैठकों में लगातार भाग लिया व राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम, धारा 3(3) का अक्षरशः पालन तथा संघ की राजभाषा नीति का पूर्णतः अनुपालन किया। उन सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यलय प्रमुखों को प्रोत्साहन पुरस्कार से बैठक में सम्मानित किया गया। सुश्री रेनू पाठक, वरिष्ठ प्रबन्धक (कॉपोरेट संचार), मथुरा रिफाइनरी ने नराकास, मथुरा की छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में दीप चंद वर्मा, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवाएं, प्रबंधन सेवाएं, अधिगम व विकास), मथुरा रिफाइनरी, सदस्य कार्यालयों (केंद्र सरकार, उपक्रमों, बैंक, विद्यालयों व बीमा कंपनियों) के कार्यालय प्रमुखों और राजभाषा अधिकारियों / प्रभारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## छूटे हुए बच्चों का किया गया टीकाकरण

**मथुरा।** जनपद के बल्देव ब्लॉक में मंगलवार को टीकाकरण उत्सव माह के तहत ग्राम पटलोनी, अवेरनी, नेरा नगला राय सिंह, पतिराम गढ़सोली एवं बरौली में टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान टीकाकरण से झिझकने वाले परिवारों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण के लाभ के बारे में बताया गया और उनकी काउंसलिंग करके बच्चों का टीकाकरण कराया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऐसे ग्राम चिन्हित किए गये हैं, जिनमें ऐसे परिवार थे जो बच्चों के टीकाकरण के लिए मना करते थे, क्षेत्र में भ्रमण कर ऐसे व्यक्तियों से संपर्क किया गया टीकाकरण के फायदों की जानकारी दी, जिससे लोगों ने बच्चों का टीकाकरण कराया साथ ही आश्वस्त किया कि आगे आने वाले सभी टीकों सीएचसी बल्देव के चिकित्सा अधीक्षक डॉ बिजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि आज के टीकाकरण का प्रयास उन लोगों के लिए किया गया था जो किसी भ्रांति के कारण अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं कराते हैं, जबकि बल्देव ब्लॉक में इसे परिवारों की संख्या बहुत ही कम है, जो कि कुल 14 परिवार है किंतु आज एक सफलतम प्रयास रहा है लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ जिससे अधिकतम ऐसे बच्चे जो टीकाकरण से अभी तक वंचित थे उनका शत प्रतिशत टीकाकरण कराया गया है।

## सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ईओ को दिया ज्ञापन



**शिकोहाबाद।** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के नगरध्यक्ष संजू साहू के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने विभिन्न मांगो को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने मांग की कि सफाई कर्मचारियों को ग्रीष्म कालीन, शीतकालीन वर्दी दिलाई जाए। समस्त स्थाई सफाई कर्मचारियों को बकाया बोनस, एरियल का भुगतान दिलाया जाए। डोर टू डोर कर्मचारियों को प्रति माह 10 हजार रुपए उनके खाते में दिये जाएं। उनकी पी.एफ. कटौती भी की जाय। नाला गैंग का ठेका पुनः उठाया जाय उसमें 20 नाला गैंग सफाई कर्मी रखे जायें। इनको आऊट सोर्सिंग में सम्मिलित कर लिया जाय। समस्त पेंशन भोगियों का एरियर का भुगतान किया जाए। सेवानिवृत्त एवं मृतक आश्रितों का बकाया भुगतान किया जाय। पसमस्त संविदा कर्मचारियों का एरियर का भुगतान किया जाय।एरियर और बोनस 4 महीने के वादे के अनुसार अभी तक नहीं दिया गया और संविदा सफाई कर्मचारी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को झाडू 2 महीने से नहीं दी जा रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए 24 घंटे में झाड़ू सहित, वर्दी नहीं दी तो समस्त कर्मचारियों, 41 आउसोसिंग सफाई कर्मचारीयों का वेतन 8500 रुपए किस आधार पर दिया जा रहा है उसे बताने के लिए अल्टीमेटम दिया। अन्यथा की स्थित में सफाई कर्मचारी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगे। ज्ञापन देने वालों में गौतम बाल्मीकि, अजय, बादल, संजय, विपिन कुमार, राकेश कुमार, रिंकू, राहुल, बाबू, शिवम हैं।

## शौच करने गई युवती से दुष्कर्म का प्रयास डिप्टी सीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**टूंडला।** खेत में शौच करने गई युवती के साथ पड़ोस के ही दो युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास कर दिया। पीड़िता ने दोनों पड़ोसियों युवकों की मुख्यमंत्री से शिकायत की पीड़िता की शिकायत पर उपमुख?यमंत्री ने एसएसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शहर के एक मोहल्ला निवासी युवती 19 नवंबर को सुबह छह बजे खेत में शौच करने गई थी। आरोप है कि खेत में पहले से बैठे उसी के पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने उसे दबोच लिया। युवकों ने युवती के कपड़े फाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती के शोरगुल पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। लोगों को आता देख दोनों युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता थाना टूंडला में रिपोर्ट दर्ज कराने गई, किंतु उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़िता ने छेड़छाड़ करने वाले युवकों की उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिकायत की शिकायत का संज्ञान लेते हुए उप मुख?यमंत्री ने एसएसपी सौरभ दीक्षित को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## आगरा के व्यापारी से चांदी लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में घायल, 4.4 किलो चांदी बरामद

**मथुरा।** रिफाइनरी पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान चांदी व्यापारी से लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नेशनल हाईवे 19 पर सीआईएसएफ कट के पास हुई। ज्ञात रहे कि कल आगरा निवासी चांदी व्यापारी जतिन कुशवाह से रिफाइनरी फ्लाईओवर पर सीआईएसएफ कट के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार 4 अज्ञात बदमाशों ने 8 किलो मिश्रित चांदी लूट ली थी। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली थी कि चांदी लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी अगनपुरा के रास्ते से निकलने वाले हैं। इस सूचना पर एसओजी टीम और थाना रिफाइनरी पुलिस ने संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुठभेड़ में पुलिस ने दो अभियुक्तों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान तीन अन्य अभियुक्त फायरिंग करते हुए जंगल के रास्ते फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार घायल अभियुक्तों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने चांदी लूट की घटना में शामिल रजित पुत्र चोल सिंह निवासी नंगला जोधना, थाना कागरौल, आगरा और प्रमोद उर्फ छोटू पुत्र बीरी सिंह निवासी मौहल्ला कुशवाह कागरौल, आगरा के कब्जे से लूटी गई 4 किलो 400 ग्राम चांदी, बजाज पल्सर मोटरसाइकिल, 02 कंट्रीमेड तमंचा बरामद किए हैं। सीओ रिफाइनरी ने बताया कि चाँदी व्यापारी जतिन कुशवाह पुत्र सुनील कुमार निवासी नंगला पदी थाना न्यू आगरा जनपद आगरा से रिफाइनरी फ्लाईओवर पर सीआईएसएफ कट पर दो मोटरसाइकिलो पर सवार 04 अज्ञात बदमाशो द्वारा 08 किलो मिश्रित चांदी लूट ली गई जिसके सम्बंध में थाना रिफाइनरी पर मु0अ0स0 378/2025 धारा 309 बीएनएस पंजीकृत किया गया। मंगलवार दोपहर मुखबिर ने बताया कि चाँदी लूट करने वाले अपराधी अगनपुरा रास्ते से निकलने की सूचना है। जिसपर एसओजी टीम व थाना रिफाइनरी पुलिस की संयुक्त चैकिंग के दौरान मुठभेड में दो अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया जबकि तीन इनके साथी फायरिंग करते हुए जंगल के रास्ते फरार हो गये।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित, मुंह के कैंसर की हुई जांच



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा श्री कांत शर्मा के निज ग्राम गाँठोली में ग्रामीणों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी केएम विवि व श्रीअनंत वीर्य दास प्रभु अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं वृन्दावन चन्द्रोदय मंदिर के संयुक्त सहयोग से केएम अस्पताल, केशव माधव अस्पताल तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली की विशेषज्ञ टीम द्वारा यह शिविर आयोजित हुआ, जिसमें आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से मुँह के कैंसर की जांच की गई। कार्यक्रम अनंत वीर्य दास प्रभुजी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा उपस्थित रहे, उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु कार्य कर रही हैं, जिससे प्रत्येक नागरिक तक आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आयोजक केएमयू सहित अन्य संस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान समाज के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। जिन्होंने ऐसे जनहितकारी आयोजनों की सराहना की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कुल 423 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सक डा. गायत्री, डा. शुभम, डा. जया, डा. उर्वशी, डा. यशी सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।

चिकित्सकों ने ग्रामीणों को समय पर जांच और जागरूकता के महत्व की जानकारी भी दी। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा (जनसंपर्क अधिकारी, प्रशासनिक), मधुसूदन कौशिक (पूर्व ग्राम प्रधान) एवं रविकांत कौशिक (ग्राम प्रधान प्रतिनिधि) की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## आगरा बरौली अहीर में जमीन पर कब्जे की बड़ी साजिश का पर्दाफाश

**आगरा।** बरौली अहीर क्षेत्र में जमीन कब्जाने और दस्तावेजों की जालसाजी से जुड़े एक बड़े प्रकरण का एसआईटी ने खुलासा किया है। पीड़िता कविता देवी की ओर से दी गई शिकायत के बाद एसआईटी की जांच में धोखाधड़ी, साजिश और दस्तावेज चोरी के गंभीर आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद थाना शाहगंज में सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कविता देवी ने एसआईटी आगरा को बताया कि जमीन कब्जे की साजिश लंबे समय से चल रही थी। उनके अनुसार मुख्य आरोपी ऋषि दुबे है, जबकि उसके साथ खेमचंद, दयालू, जीतू तोमर, भूरी सिंह, छविराम और अरब सिंह का नाम भी जोड़ा गया है। सभी पर फर्जी रजिस्ट्री, महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी और जमीन हड़पने की साजिश का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उनके वसीयत, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम, मोबाइल सिम और अन्य मूल दस्तावेज सब गायब कर दिए गए। एसआईटी की जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि इन दस्तावेजों का इस्तेमाल जमीन और बैंक खाते पर नियंत्रण पाने के लिए किया गया। पीड़िता का आरोप है कि उनके सेंट्रल बैंक खाते से 12 लाख रुपये बिना अनुमति निकाले गए। उन्होंने बैंक मैनेजर पर भी मिलीभगत का शक जताया है। पीड़िता का कहना है कि बिना ङउ सत्यापन और बिना अनुमति इतनी बड़ी रकम का निकलना बैंक कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। कविता देवी ने एसआईटी को बताया कि आरोपी लगातार दबाव बना रहे हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हो। फर्जी रजिस्ट्री और अवैध दस्तावेजों की जांच हो और बैंक अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। एसआईटी ने पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर थाना शाहगंज को भेजी, जिसके आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सहायक नगर आयुक्त से मारपीट के मामले में नगर निगम में ताले जड़कर सिस्टम किया ठप

**आगरा।** महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह के भतीजे हर्ष दिवाकर (हर्ष चौधरी) द्वारा नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम के साथ की गई गाली-गलौज, धमकी, धक्का-मुक्की और मारपीट के मामले में तहरीर दिए जाने के तीसरे दिन भी मुकदमा दर्ज न होने से आज नगर निगम में उबाल फूट पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे गया और पूरे निगम परिसर को लॉकडाउन-स्टाइल में बंद करते हुए सभी चैनल गेटों पर ताले जड़ दिए गए। अधिकारियों-कर्मचारियों ने साफ एलान कर दिया कि मेयर के भतीजे हर्ष दिवाकर पर एफआईआर और उसकी तत्काल गिरफ्तारी के बिना नगर निगम में कोई काम नहीं होगा। पिछले रविवार सुबह एकलव्य स्टेडियम में यह अभद्रता उस समय हुई थी जब सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम एक कार्यक्रम में निगम प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद थे। अशोक प्रिय गौतम के अनुसार, उन्हें देखते ही हर्ष दिवाकर गाली-गलौज पर उतर आया, धक्का-मुक्की शुरू कर दी और मारपीट करते हुए खुलेआम धमकी दी कि अगर नगर आयुक्त का साथ नहीं छोड़ा तो पिटाई कराऊंगा और जान से भी हाथ धोना पड़ेगा। मौके पर मौजूद कुछ लोगों के बीच में पड़ने पर यह शर्मनाक घटनाक्रम रुका। घटना के उसी दिन शाम को सहायक नगर आयुक्त ने पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त शहर समेत शीर्ष पुलिस अधिकारियों को पूरी घटना के बारे में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन बीते कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगरा दौरे के चलते तहरीर पर एफआईआर दर्ज न होना किसी की प्राथमिकता नहीं बना। हालांकि कल भी नगर निगम के कर्मचारियों ने परिसर में एकजुट होकर हर्ष दिवाकर के खिलाफ नारेबाजी की और मुकदमा दर्ज कराने की मांग उठाई थी। इसके बावजूद जब तीसरे दिन भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई, तो कर्मचारियों का आक्रोश आज विस्फोटक रूप ले गया। आज सुबह दफ्तर खुलते ही कर्मचारियों के बीच यही चर्चा थी कि अशोक प्रिय गौतम पर हमला हुआ पर मुकदमा नहीं लिखा गया। कुछ ही मिनटों में सभी कर्मचारी दफ्तरों से बाहर निकल आए और नगर निगम के मुख्य सहित सभी चैनल गेट बंद कर दिए। तालाबंदी के साथ कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया कि जब तक मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं होगी, नगर निगम में कोई काम नहीं चलेगा। कर्मचारी गेट पर एकत्रित होकर गुंडागर्जी नहीं चलेगी जैसै नारे लगा रहे हैं। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त के साथ मारपीट जैसे गंभीर मामले में भी पुलिस के मुकदमा न लिखने पर हर कोई हैरान है। तहरीर मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि पुलिस पर भारी दबाव है।

## तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

जिला संवाददाता (vol)

**आगरा।** जिले के थाना बासौनी क्षेत्र में सोमवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने से हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकें सड़क पर दूर तक घिसटती चली गईं। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मृतक के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार यह हादसा बाघराजपुरा के पास हुआ, जहां दो बाइकों में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायल बाइक सवार की पहचान राजेश, निवासी बाघराजपुरा के रूप में हुई है जबकि मृतक बाइक सवार बाह निवासी मनीष बताया गया है। घायल राजेश को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। दूसरी बाइक पर सवार मनीष की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना बासौनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस सड़क पर तेज रफ्तार और मोड़ की वजह से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मनीष की मौत की खबर मिलते ही बाह क्षेत्र स्थित उसके घर में चीख-पुकार मच गई। परिजन अस्पताल पहुंचते ही बदहवास हो उठे। घायल राजेश के परिवारजन भी उसकी स्थिति को लेकर चिंतित हैं।

## एसआईआर को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष ने घर घर जाकर किया लोगों से




### जनसंपर्क

**शिकोहाबाद।** एसआईआर को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर ने नगर में जनसंपर्क कर घर घर जाकर वोट संबंधी जानकारी ली। प्रदेश उपाध्यक्ष जनसंपर्क के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यक्रम में सभी मतदाताओं को अपने वोट का पुनः नामांकन करना है और नए वोटो का भी समायोजित करना है। नए वोट बनने की प्रक्रिया अब चालू हो गई है। हमें अपने बीएलओ को दो पहचान पत्र एक माता या पिता का पहचान पत्र और एक फोटो प्रदान करना है। जिससे कि नया वोट बन सके। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता डोर टू डोर संपर्क कर रहा है और आने वाली समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहा है। फिर भी किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो जनप्रतिनिधि या कार्यकताओं से संपर्क कर सकता है। महानगर अध्यक्ष ने कहा चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर अपने कार्य को कर रहा है जिसमें बीएलओ बहुत ज्यादा मेहनत कर रहे हैं। हमें उनसे प्रेम और स्नेह के साथ व्यवहार करना है। और उनके बताए गए बातों को ध्यान में रखकर कागजों को उपलब्ध कराना है। कार्यकर्ता का फर्ज है कि अपने बूथ पर सत्र प्रतिशत मतदाताओं का नामांकन करवा लें। जनसंपर्क के दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, नगरध्यक्ष शिवम दीक्षित, प्रिंस जैन, जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव, एसपी सिंह लहरी, सुशील जैन, दीपक गुप्ता, शालू गुप्ता, आलोक राठौर, आनंद यादव, धर्मेंद्र राजपूत, सनी दिवाकर, अतुल पचौरी, दिलीप प्रजापति, अरविंद गुप्ता, मोहित बंसल, निलेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छाता में आर्य सम्मेलन का शुभारंभ

**मथुरा।** आर्य समाज छाता के तत्वावधान में मंगलवार को छाता नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित चंद्रकुण्ड परिसर में त्रिदिवसीय आर्य महा सम्मेलन का शुभारम्भ अंतर्राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत स्वामी सच्चिदानंद महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। इसे पूर्व हवन यज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का सैकड़ो लोगों ने लाभ उठाया। आर्य सम्मेलन से पूर्व सुबह प्रातःहवन, यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें आर्यजनों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। यज्ञ के ब्रह्मा हुकम चन्द शास्त्री रहे। आर्य महा सम्मेलन के पहले दिन दोपहर की मेला में समाज सुधार सम्मेलन हुआ। समाज सुधार पर धनीराम वेधडक, ललिता आर्या, सुघड़ी प्यारे, सीताराम अलबेला आदि ने अपने भजनों के माध्यम से जनता को संबोधित किया। कार्यक्रम पहुंचे अतिथि अरुण मित्तल, डॉक्टर भोपाल का दुपट्टा पहन कर व महर्षि दयानंद सरस्वती का चित्र भेंट कर स्वागत किया। स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम 11 दिसंबर की रात्रि तक विधिवत चलेगा। इसमें गौतम खट्टर, संदीप आर्य, प्रदीप शास्त्री, सुंदर वैदिक, नरदेव बेनीवाल आदि विद्वान पहुंचकर कार्यक्रम भजन सत्संग और प्रवचनों से संबोधित करेंगे।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

**मथुरा।** वृन्दावन के समीपवर्ती गांव राजपुर में एक प्लॉट में बने कमरे में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। निकट ही रहने वाले पड़ोसी ने पुलिस को सूचना दी। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना जैंत क्षेत्र अन्तर्गत गांव राजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अजित कुमार (27) मूल रूप से नवादा बिहार का रहने वाला था। कुछ दिन पूर्व ही वह वृन्दावन आकर रहने लगा। अजित लंबे समय से बीमारी से ग्रसित बताया जा रहा है।

## बाल श्रम कराया तो होगी कड़ी कार्यवाही : सीडीओ



**मथुरा।** जिलाधिकारी मथुरा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं जिला ट्रांसपोर्ट बाल श्रम एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जिसके तहत उनके द्वारा बताया गया की यदि 14 साल से कम आयु के बच्चे से किसी भी नियोजन कार्य नहीं कराया जा सकता है।14 साल से कम उम्र के बच्चों से कार्य करने पर रुपया 20000 से 50000 तक जुमार्ना जुमार्ना अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है अथवा दोनों।उन्होंने यह भी बताया की शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा टीम का गठन करते हुए एक दिसंबर से लेकर के पन्द्रह दिसंबर तक चलाते जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद में कार्यरत बाल श्रमिकों को कार्य से पृथक करते हुए उन्हें पुनर्वासित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में अभियान अवधि में फूल 16 प्रतिष्ठानों से 19 बाल श्रमिकों को कार्य से पृथक करते हुए सेवायोजाको के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अब तक की गई कार्रवाई में चिन्हाकित बाल श्रमिकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने एवं उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उनके द्वारा यह भी कहा गया की अभियान अवधि में अधिक से अधिक बाल श्रम को चिन्हित कर उनका आर्थिक और शैक्षिक पुनर्वासन कराया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप 2027 तक जनपद को बाल श्रम से मुक्त करने हेतु जो भी कार्य हो सकता है उसको किया जाए। बैठक में जिला टास्कफोर्स (बाल श्रम) के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अमरेश कुमार द्वारा जनपद में बंधुआ श्रम के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए सभी उप जिला मजिस्ट्रेट को बैठक करने के लिए कहा गया। बैठक में उपस्थित ईंट भट्ठा एसोसिएशन के महामंत्री भानु प्रकाश वार्ष्णेय द्वारा भट्ठा पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु उचित व्यवस्था करने पर सहमति प्रदान की। इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारी अजय सक्सेना द्वारा उद्योगों में बाल श्रमिकों से कार्य नहीं कराने पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।उन्होंने कहा बाल श्रम एक अभिशाप है जिसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से रामेंद्र कुमार उपायुक्त उद्योग, नागेन्द्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## हुक के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटका शव मिला

**महराजगंज,रायबरेली।** नरई गांव में 17 वर्षीय दशवीं की छात्रा का घर के कमरे में हुक के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटका शव संदिग्ध परिस्थितिमें मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के नरई मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी दीपक गोस्वामी की पुत्री हिमांशी 17 वर्ष कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा है। मंगलवार को दीपक व उनकी पत्नी किसी काम से रायबरेली गए थे। घर में हिमांशी अकेली थी। करीब तीन बजे घर लौटे परिजनों ने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका बेटी का शव देखा तो आवाक रह गए। घबराए परिजनों ने आनन-फानन घटना की सूचना

संक्षेप

## बॉश होम कम्फर्ट की सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट से साझेदारी

नई दिल्ली। भारत के हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सेक्टर में एक बड़ा बदलाव आ रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत, प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम, फाइनेंशियल इंसेंटिव और 2070 तक कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल करने के लक्ष्य जैसी कई सरकारी पहलों की वजह से हो रहा है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक, इस सेक्टर का मार्केट साइज 2030 तक $30 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो 15.8% की सीएजीआर से बढ़ रहा है, जिसे तेजी से शहरीकरण, बदलते मौसम और बढ़ती डिस्पोजेबल इनकम जैसे कई फैक्टर्स से बढ़ावा मिल रहा है।

## ब्यूटी एवं वेलनेस सेक्टर में स्किल डेवलपमेंट को मिला नया आयाम

मथुरा। हाइजीनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के प्रोफेशनल डिविजन, स्ट्रीक्स प्रोफेशनल ने कृष्णाश्रय गुरूकुल स्किल एंटरप्राइज डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के साथ अपनी नॉलेज पार्टनरशिप को और मजबूत करते हुए भारत के उभरते ब्यूटी प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस यात्रा के दौरान असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट लैब का उद्घाटन किया गया, जिसे स्ट्रीक्स प्रोफेशनल के तकनीकी मार्गदर्शन में विकसित किया गया है। वास्तविक सैलून वातावरण को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई यह लैब प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रायोगिक अनुभव प्रदान करेगी और उन्हें उद्योग के अनुरूप कौशल से लैस करेगी।

## एएससीआई ने लॉन्च किया एडवाइज स्कूल प्रोग्राम

नईदिल्ली। एडवर्टाइजिंग स्टैण्डर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने सितंबर में एडवाइज नामक एक देशव्यापी उपभोक्ता शिक्षा प्रोग्राम शुरू किया है। यह स्कूलों में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को विज्ञापनों को समझने की शिक्षा देने के लिए तैयार है। इसका लक्ष्य भारत के कई शहरों में 15-18 महीनों में बच्चों में विज्ञापनों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। एएससीआई एकेडमी के नेतृत्व में, यहकार्यक्रम 2026 के अंत तक पूरे देश के 2,000 स्कूलों में कक्षा सत्रों के जरिए 10 लाख छात्रों तक पहुंचेगा। आज के बच्चे विज्ञापन ऐसे तरीकों से देखते हैं जो पुरानी पीढ़ियों से बिल्कुल अलग हैं।

## माई कंट्री, माई लेंस फोटोग्राफी के विजेता हुए सम्मानित

नई दिल्ली। माई कंट्री, माई लेंस के शीर्ष 12 विजेताओं को सम्मानित किया। माई कंट्री, माई लेंस प्रतियोगिता ने नागरिकों को यह दिखाने के लिए आमंत्रित किया कि वे अपने देश को कैसे देखते हैं। इस पहल को शानदार प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 30 से अधिक शहरों से 10,000 से अधिक प्रविष्टियाँ चार विषयों, सीमाएँ, नदियाँ, स्मारक और मेरे देश की समुदायें, पर प्राप्त हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा मानना है कि यह देश में फोटोग्राफी के लिए एक बड़ी ताकत बन सकता है। भारत और उसके लोगों की सामूहिक कहानियों का भी उत्सव मनाना चाहते थे।

## एचआरएस अलुग्लेज का आईपीओ 11 को खुलेगा

अहमदाबाद। एचआरएस अलुग्लेज लिमिटेड अपनी पब्लिक ऑफर से 50.92 करोड़ रुपये तक जुटाने की तैयारी में है। यह पब्लिक ऑफर 11 दिसंबर 2025 को खुलेगा और 15 दिसंबर 2025 को बंद होगा। इस ऑफर के लीड मैनेजर क्यूम्युलेटिव कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड हैं। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। 50.92 करोड़ रुपये का यह आईपीओ 53.04 लाख इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू से बना है, जिसमें 2.748 लाख शेयरों का मार्केट मेकर पोर्शन शामिल है। सार्वजनिक निवेशकों को कुल 50.29 लाख इक्विटी शेयर पेश किए जाएंगे, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपये है, और प्राइस बैंड 94-96 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

## 2025 में भारत ने डिजिटल दोस्ती की दी नयी परिभाषा

बेंगलुरु। इंटरैक्ट ग्रुप के प्रमुख उत्पाद और भारत के पहले अवतार-आधारित ऑडियो सोशल डिस्कवरी प्लेटफॉर्म एफआरएनडी ने आज अपना इयर इन कन्वर्सेशन्स 2025 अध्ययन प्रस्तुत किया, जिसमें भारत के डिजिटल व्यवहार को दर्शाया गया है। आश्चर्यजनक रूप से, कुल सहभागिता का 92% अब टियर 1 क्षेत्रों के बाहर से आ रहा है। यह अध्ययन एक स्पष्ट सांस्कृतिक बदलाव को उजागर करता है, भारत के टियर 2 और टियर 3 शहर देश की सबसे अर्थपूर्ण और भावनात्मक डिजिटल दोस्ती को आगे बढ़ा रहे हैं।

# सेंसेक्स में 436 अंकों की गिरावट




मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर पर घोषणा से पहले बैंकिंग और तेल शेयरों में मुनाफा वसूली हावी होने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स करीब 436 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 121 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और कमजोर वैश्विक संकेतों ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर करीब दो सप्ताह के निचले स्तर 84,666.28 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 719.73 अंक लुढ़ककर 84,382.96 पर आ गया था। बड़े निजी बैंकों, तेल और आईटी शेयरों में उल्लेखनीय गिरावट आई। दूसरी ओर एनएसई का 50 शेयर वाला सूचकांक निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 232.55 अंक गिरकर 25,728 के स्तर तक आ गया था। सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में गिरावट हुई। हालांकि, इटर्नल, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और भारती एयरटेल के शेयर बढ़कर बंद हुए। घरेलू शेयर बाजार निचले स्तर पर खुले, मुनाफावसूली जारी रही और फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा से पहले सतर्कता, रुपये की कमजोरी, एफआईआई की बिकवाली और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता बनी रही। आईटी शेयरों ने बाजार को नीचे खींचा जबकि पीएसयू बैंक, रियल्टी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं ने मजबूती दिखाई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व मंगलवार से अपनी दो दिवसीय नीतिगत बैठक शुरू करने जा रहा है, जिसमें फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख ब्याज दरों पर फैसला करेगी। शेयर बाजार ने शुरुआती भारी गिरावट के बाद आंशिक सुधार दिखाया। अच्छी कीमत पर खरीदारी से बाजारों ने काफी नुकसान कम कर लिया। व्यापक बाजारों में मंझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.60 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सूचकांक 1.27 प्रतिशत बढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में लक्षित आईटी खंड सबसे ज्यादा 1.18 प्रतिशत गिरा।

# रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 89.88 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 17 पैसे की बढ़त के साथ 89.88 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से नीचे आने से भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ 90.15 पर खुला। घरेलू मुद्रा ने अपनी गिरावट से उबरते हुए दिन के कारोबार में सकारात्मक रुख अपनाया और 89.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.05 पर बंद हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपया निचले स्तर से उबर गया। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजारों और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मामूली सुधार ने तेज बढ़त को रोक दिया। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच अमेरिकी डॉलर के भी कमजोर रहने की आशंका है। आरबीआई का कोई भी हस्तक्षेप रुपये को सहारा दे सकता है। अमेरिकी डॉलर-भारतीय रुपये का हाजिर मूल्य 89.50 रुपये से 90.30 रुपये के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.98 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 436.41 अंक की गिरावट के साथ 84,666.28 अंक पर जबकि निफ्टी 120.90 अंक फिसलकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62.33 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को बिकवाल रहे थे।

# आईसीएसआई ने इंडिगो में कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़ी खामियों का हवाला दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंपनी सचिवों के शीर्ष निकाय आईसीएसआई ने मंगलवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़ी खामियों का हवाला देते हुए कहा कि जोखिमों की समय पर पहचान एवं हस्तक्षेप और पारदर्शी संवाद सुनिश्चित करने के लिए अधिक मजबूत तरीकों की जरूरत है।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के 78,000 से अधिक सदस्य हैं। एक बयान में संस्थान ने इंडिगो परिचालन संकट से सामने आई कॉरपोरेट प्रशासन संबंधी कमियों का जिक्र किया। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने कहा कि इंडिगो प्रकरण कंपनियों एवं पेशेवरों के लिए यह याद दिलाने वाला है कि मजबूत प्रशासन मसौदा न केवल शेयरधारकों के लिए मूल्य पैदा करता है, बल्कि जनता के भरोसे को भी बनाए रखता है। आईसीएसआई का यह बयान इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि वह अमूमन कंपनियों के प्रशासन तौर-तरीकों पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करता है। संस्थान ने कहा कि इंडियो की हालिया घटना पर सरकार की कठोर प्रतिक्रिया को देखते हुए भारतीय कंपनियों में मजबूत कॉरपोरेट प्रशासन प्रथाओं की तत्काल जरूरत है। आईसीएसआई ने निदेशक मंडल के स्तर पर व्यापक जवाबदेही की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि मजबूत प्रशासन तैयारी, जवाबदेही और संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है।

संस्थान के सचिव आशीष मोहन ने कहा कि कंपनियों को अपने ढांचे और प्रक्रियाओं की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए ताकि सभी हितधारकों के हित सुरक्षित रहें और व्यवसाय की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

# सोना 1000 रुपये टूटा, चांदी 4,500 रुपये फिसली



नयी दिल्ली। स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें।,000 रुपये गिरकर।,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक की घोषणा से पहले व्यापारियों ने सावधानी बरती, जिससे कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को।,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी भी 4,500 रुपये गिरकर।,80,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। इसका पिछला बंद भाव।,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोने का कारोबार कम रहा, लेकिन यह एक सीमित दायरे में रहा। बाजार के प्रतिभागी फेडरल रिजर्व की बहुप्रतीक्षित बैठक के फैसले से पहले सतर्क बने रहे। उन्होंने कहा कि निवेशकों ने ब्याज दर में कटौती के फैसले को संभावित मान लिया है और अब उनका ध्यान नीतिगत बयान एवं फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर होगा। इससे मौद्रिक नीतियों के भावी रुख के बारे में जानकारी मिल सकेगी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 14.83 डॉलर बढ़कर 4,205.57 डॉलर प्रति औंस हो गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का हाजिर भाव 0.75 प्रतिशत चढ़कर 58.59 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# तेलंगाना ने निवेश समझौतों पर किये हस्ताक्षर

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने दो दिवसीय तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के पहले दिन 2.43 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। सोमवार देर रात जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप ने एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया एवं स्मार्ट प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना के लिए 41,000 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे हजारों नौकरियां उत्पन्न होने की उम्मीद है। विज्ञप्ति के अनुसार, पहलेही दिन लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। 35 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इनके माध्यम से तेलंगाना ने एक आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी मजबूत स्थिति का प्रदर्शन किया है जो विजन 2047 लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू के नेतृत्व में पहलेदिन डीपटेक, हरित ऊर्जा और वैमानिक क्षेत्रों में कई निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। ब्रुकफील्ड-एक्सिस वेंचर्स कंसोर्टियम प्रस्तावित भारत फ्यूचर सिटी में 75,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक वैश्विक अनुसंधान एवं विकास तथा डीप टेक हब स्थापित करेगी। जीएमआर समूह ने वैमानिकी और रक्षा क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उसने माल ढुलाई (कार्गो) विस्तार तथा मरम्मत, रखरखाव एवं नवीकरणीय के लिए 15,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जतायी है। डीपटेक सिटी से लेकर कपड़ा इकाइयों तक सभी क्षेत्रों में कंपनियां, निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर करने एवं दुनिया के सामने तेलंगाना की स्थिर औद्योगिक नीति को प्रदर्शित करते हुए विविध उद्योग स्थापित करने के लिए सामने आ रही हैं।

## रोजमर्रा के पलों का साथी बना पल्सर एन160

मुम्बई। कुछ मोटरसाइकिलें सिर्फ. लोगों को आगे बढ़ाती हैं, और कुछ ऐसी होती हैं जो लोगों के साथ चलकर उनके सफर का हिस्सा बन जाती हैं। पल्सर एन160 हमेशा से उसी दूसरी दुनिया की मशीन रही है। यह कभी सिर्फ.स्टील और टॉर्क का ढांचा नहीं रही। बल्कि उन रोजमर्रा के पलों की साथी बनी है गुवाहाटी की तड़के वाली होस्टल राइड्स, सिलिगुड़ी हाईवे पर देर रात की चाय के ठहराव, कोहिमा की कुहासे में लिपटी मोड़ों से गुजरती मानसूनी यात्राएँ। यह उन रास्तों का हिस्सा रही है, जहाँ बाइक चलाना किसी दिखावे के लिए नहीं, बल्कि अपनापन महसूस करने का तरीका होता है। पल्सर एन 160 का नया अध्याय किसी डिजाइन डेस्क पर नहीं लिखा गया, वह तो पिछली सीट पर बने हर सफर में लिखा गया है।

# चीन ने शुल्क से हुए नुकसान का जिक्र किया व्यापार अधिशेष 1000 अरब डॉलर से अधिक

बैंकॉक। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के ऊंचे शुल्क ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर झटका दिया है, जबकि चीन का अपना व्यापार अधिशेष।,000 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी बीजिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष मंच पर की। ली ने कहा कि इस साल की शुरुआत से ही हमने देखा है कि दुनिया भर में अर्थव्यवस्था और व्यापार पर पाबंदियां बढ़ रही हैं और शुल्क का डंडा चलाया जा रहा है। इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके शुल्क बढ़ाने का सीधा जिक्र नहीं किया। ली ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन के शीर्ष प्रतिनिधियों की सभा को बताया, जैसे-जैसे स्थिति आगे बढ़ी, यह और स्पष्ट हो गया है कि शुल्क लगाना दूसरों को भी और खुद को भी नुकसान पहुंचाता है। मुक्त व्यापार को बनाए रखने की मांग हर ओर से और तेज हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन और अन्य देशों से आयात पर शुल्क में भारी बढ़ोतरी की है जिससे अमेरिका को होने वाला निर्यात प्रभावित हुआ है।

# टाटा ने एक्सकॉन 2025 में प्रस्तुत किये मोबिलिटी समाधान

बेंगलुरु। टाटा मोटर्स ने दक्षिण एशिया के प्रमुख निर्माण उपकरण प्रदर्शनी एक्सकॉन 2025 में उन्नत और भविष्य की मांगों के अनुरूप विकसित समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। इस वर्ष की थीम प्रोडक्टिविटी अनलीश्ड के अनुरूप प्रदर्शित यह पोर्टफोलियो निर्माण और खनन गतिविधियों में तेजी के साथ बढ़ रही व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है ताकि परिचालन दक्षता और फ्लीट संचालन की लाभप्रदता को और बेहतर बनाया जा सके। प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रमुख आकर्षणों में प्राइमा 3540.के ऑटोशिफ्ट शामिल है, जो टाटा मोटर्स का अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर है और डीप माइनिंग जैसी अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए डिजाइन किया गया है।

# वन यूआई के नये संस्करण के साथ गैलेक्सी फोन्स हुए और भी स्मार्ट

नयी दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम की घोषणा की, जो उपयोगकर्ताओं को कंटेंट बनाने, कनेक्ट करने और सुरक्षित रहने के और भी सरल और प्रभावी तरीके प्रदान करता है। वन यूआई 8.5 में ऐसे फीचर्स शामिल हैं जो कार्य के अनुभव को और सहज बनाते हैं, डिवाइस मैनेजमेंट को स्मार्ट करते हैं और सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाते हैं जिससे उपयोगकर्ता कम चरणों में अधिक काम आसानी से कर सकेंगे। वन यूआई 8.5 कंटेंट बनाने और साझा करने के अनुभव को शुरू से अंत तक अधिक सहज बनाता है। अपडेटेड फोटो असिस्ट के साथ उपयोगकर्ता लगातार कई इमेज बना और एडिट कर सकते हैं, बिना हर बार सेव किए। प्रक्रिया पूरी होने पर, सभी वर्जंस को एडिट हिस्ट्री में देखा जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### लाल किला

नवंबर के पहले सप्ताह में सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े अंतरराज्यीय मॉड्यूल का खुलासा करते हुए तीन डॉक्टरों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया था। इस मॉड्यूल के भंडाफोड़ के कुछ ही समय बाद, दिल्ली में लाल किले के पास विस्फोटक रखी एक कार में विस्फोट हुआ, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई। अनंतनाग के नौगाम के बनपोरा में विभिन्न स्थानों पर लगे जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टरों की जांच से आतंकी नेटवर्क का खुलासा हुआ।

### कानून लोगों

जो भी कानून बनाया जाए, उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं होना चाहिए जो किसी नागरिक के लिए नुकसानदेह हो या उसे परेशान करे। नियम और कानून आम लोगों के लिए बोझ नहीं होने चाहिए। सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियम-कानून जनता की सुविधा के लिए हों और उनकी जिंदगी बेहतर बनाएं। रीजीजू ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि नियम-कानून, व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए होने चाहिए, लोगों को परेशान करने के लिए नहीं और कोई भी कानून ऐसा नहीं होना चाहिए जो बिना किसी वजह लोगों के लिए परेशान खड़ी करे। उन्होंने कहा, अब हम इसी दिशा में काम करेंगे। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिकाओं व पंचायतों जैसी स्थानीय स्वशासी संस्थाओं, सभी को इसी दिशा में काम करना चाहिए। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) नेता संजय झा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री को माला पहनाकर बधाई दी। सोमवार को बिहार के राजग नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मोदी से मुलाकात की थी और राज्य विधानसभा चुनावों में गठबंधन की शानदार जीत के लिए उन्हें बधाई दी थी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों से कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की बड़ी जीत के बाद जनता के कल्याण के लिए और अधिक जोश के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा, बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। पिछले माह हुए 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा चुनावों में राजग ने 202 सीट हासिल कीं, जिससे जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार के 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। गठबंधन सहयोगियों में भाजपा ने 89, जद(यू) ने 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 19, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने पांच और रालोमो ने चार सीट जीतीं।

### विदेशी आक्रांता

पहचानों के अल्पकालिक लॉलीपॉप से समाज और राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। देश तभी सही मायने में समृद्ध होगा जब भेदभाव खत्म हो और सभी में एकता हो। भारत की तरक्की एकता में है। जिसे भारतीय होने पर गर्व नहीं, उसे खुद विचार करना चाहिए। पांचवें संकल्प का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारों की लड़ाई में उलझा देश तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमें छोटे-मोटे हितों से ऊपर उठकर कर्तव्य भावना से काम करना चाहिए। जनरल बिपिन रावत राष्ट्रगौरव, कर्तव्य और साहस के प्रतीक थे, और उनके नाम पर बना सभाकक्ष व उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत साबित होगी।

### नेतन्याहू ने किया

इजराइल की कूटनीतिक स्थिति अब भी मजबूत है। उन्होंने इस सप्ताह जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की यात्रा को इसका उदाहरण बताया और कहा कि यह यात्रा मर्ज की स्वयं की पहल पर हो रही है। उन्होंने कहा, और भी कई महाशक्तियां हमारे साथ आ रही हैं: मैं अपने पुराने मित्र भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अक्सर बात करता हूं। हमने जल्द ही मिलने की योजना बनाई है और मुझे आपको बताना चाहिए कि डेढ़ अरब की आबादी वाला विशाल देश भारत हमारे साथ संबंध और मजबूत करना चाहता है। नेतन्याहू ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, जर्मनी, भारत हमारे साथ हैं और आपके तथाकथित राजनीतिक पतन का एक और संकेत यह है कि महीने के अंत में मैं अपने मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से एक और मुलाकात के लिए अमेरिका जाऊंगा। उन्होंने कहा, इस वर्ष जनवरी में उनके पद संभालने के बाद यह अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ मेरी छठी बैठक होगी जो दुनिया के किसी भी अन्य नेता से अधिक है। अपने संबोधन में इजराइली प्रधानमंत्री ने पुतिन के साथ अपने करीबी संबंधों पर भी जोर दिया। अमेरिका, भारत, जर्मनी, रूस- चार शक्तियां हैं जिनसे हमारे संबंध युद्ध के बाद और मजबूत हुए हैं। और सिर्फ महाशक्तियां ही नहीं, कई अन्य देश भी हमारे नजदीक आना चाहते हैं पश्चिम एशिया में भी, सुदूर पूर्व में भी, लातिन अमेरिका में भी, जहां बहुत बड़ा परिवर्तन हो रहा है और अफ्रीका में भी।

### पुलिस मुठभेड़ में

शामली जिले में उसके खिलाफ डकैती और हत्या समेत कुल 23 मुकदमे दर्ज हैं। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कर्नाटक पुलिस को भी उसकी तलाश थी और वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा कर्नाटक दोनों जगह आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### देहरादून शहरी

निर्माण और केदारपुरम में योगा थीम पार्क का विकास तेज गति से जारी है। वीर सैनिकों की स्मृति में 50 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में स्मृति पार्कों का निर्माण किया जा रहा है। रीन्यू रिस्पना अभियान के माध्यम से शहर की नदियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी काम हो रहा है। वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं, निजी ई-वाहनों के लिए 11 चार्जिंग स्टेशन विकसित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के सर्वेक्षण में देहरादून ने देशभर में 19वां स्थान, जबकि राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में 62वां स्थान प्राप्त कर अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है। साथ ही बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए ट्रैफिक और पार्किंग समस्याओं के समाधान पर जोर दिया जा रहा है। कई स्थानों पर भूमिगत पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है जबकि रिस्पना और बिंदाल नदियों पर एलिवेटेड रोड विकसित करने की योजना तैयार है। मेयर सौरभ थपलियाल ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि निगम का लक्ष्य देहरादून को एक सुंदर, सुरक्षित और हरित शहर के रूप में विकसित करना है।

समारोह में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, नगरायुक्त नमामि बंसल, पार्षद तथा निगम अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

### सरकार का इंडिगो

दी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 10% की कटौती का उद्देश्य एयरलाइन के सिस्टम पर दबाव कम करना है ताकि जो भी उड़ानें शेड्यूल में रहें, वे समय पर और बिना रद्द हुए चल सकें। इंडिगो को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह उच्च मांग वाले रूट्स पर भी संचालन को सुचारू रखे और किसी भी सेक्टर पर सेवा पूरी तरह बंद न करे।

डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवंबर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवंबर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं। नोटिस के अनुसार, इंडिगो को समर शेड्यूल 2025 की तुलना में विंटर शेड्यूल में 6% के इजाफे की अनुमति दी गई थी, इसके तहत 403 विमानों के उपयोग की मंजूरी थी। लेकिन एयरलाइन अक्तूबर 2025 में केवल 339 और नवंबर 2025 में 344 विमान ही संचालित कर सकी। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन ने 2024 की सर्दियों की तुलना में अपने प्रस्थान में 9.66% और इस वर्ष के गर्मियों के शेड्यूल की तुलना में 6.05% की वृद्धि की थी, लेकिन वह इस शेड्यूल का कुशलतापूर्वक संचालन नहीं कर सकी। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा, एयरलाइन को अपने शेड्यूल को 5% तक घटाने का निर्देश दिया जाता है, यह कटौती विशेष रूप से अधिक मांग और अधिक फेरों वाले उड़ानों में हो। साथ ही, इंडिगो को किसी रूट पर जारी एकल उड़ानों को बंद करने से बचना चाहिए।

उधर, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि आपका एयरलाइन संकट के दौर के बाद एक बार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। इंडिगो सीईओ ने वीडियो के जरिए बयान जारी कर कहा, ₹हम परेशानियों से गुजरे, यात्रियों को परेशानी हुई। इसके लिए हम माफी चाहते हैं। हवाई यात्रा की खुबसूरती यह है कि यह लोगों को, इमोशन और एंबीशन को साथ लाती है। हम जानते हैं कि आप अलग-अलग कारणों से यात्रा करने वाले थे, पर आप से हजारों ऐसा नहीं कर पाए। हम इसके लिए हृदय से क्षमाप्रार्थी हैं। हम उड़ानों को रद्द करना नहीं टाल पाए। पर हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं कि हमारी पूरी इंडिगो टीम कड़ी मेहनत कर रही है। सबसे पहले हमारी प्राथमिकता हमारे मूल्यवान ग्राहकों को सुरक्षित तरीके से उन्हें उनके घर पहुंचना है। बड़े पैमाने पर रिफंड जारी किए जा रहे हैं। यह रोजना किया जा रहा है। हवाई अड्डों पर फंसे अधिकतर लगेज यात्रियों के घर पहुंचाए जा रहे हैं। बचे हुए बैग्स भी जल्द ही ग्राहकों के घर तक पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है। हम एक ग्राहक के तौर पर आपकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लोग संकट के बाद भी हमारी सेवाओं पर भरोसा कर रहे हैं, और फ्लाइट बुक कर रहे हैं। यह हमारे लिए उत्साहवर्धक है। हमने गलतियों से सीखा है और ऐसी स्थिति क्यों बनी, इसका पूरा अध्ययन कर रहे हैं। हम सरकार के साथ भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। हमारी क्षमा स्वीकारने और इस कठिन समय में हमारे समर्थन के लिए आप सबका धन्यवाद। संकट की गहराई को समझने के लिए इंडिगो के विशाल आकार के बारे में जानना जरूरी है। यह महज एक एयरलाइन नहीं, बल्कि भारतीय एविएशन की रीढ़ है। एयरलाइन के पास 434 विमानों का बेड़ा है। इसने 920 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर भी दे रखा है। इंडिगो हर दिन 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। 3.2 लाख से अधिक यात्रियों को हवाई सफर करवाती है। यह 128 गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं देती है।

### कोडीनयुक्त कफ

कार्यवाही की आख्या शासन को एक माह में उपलब्ध करायी जायेगी। अवैध बिक्री व तस्करी करने वालों के खिलाफ कई जनपदों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसकी विवेचना सम्बन्धित जनपदीय पुलिस की ओर से अपने स्तर से की जा रही है। कोडीन सीरप से सम्बन्धित प्रकरण अन्तर्जनपदीय एवं अन्तर्विभागीय होने से दृष्टिगत ऐसी घटनाओं के नियंत्रण एवं प्रभावी कानूनी कार्यवाही के लिए एसआईटी गठित की गई है। दूसरी ओर एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से तैयार की गई इनकी सूची मंगलवार को शासन को सौंप दी गई है। इसमें उन सुपर स्टॉकिस्ट के नाम हैं, जो एबॉट कंपनी के फेंसेड्रिल सिरप की खरीद-फरोख्त कर रहे थे। इसके जरिये ही एसआईटी की जांच की दिशा तय होगी। सूत्रों की मानें तो शासन को दी गई रिपोर्ट में लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, नोएडा, मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज, बरेली आदि जिलों में फेंसेडिल सिरप का थोक कारोबार करने वाले व्यापारियों के नाम भी दिए गए हैं। इनकी भी जांच शुरू हो गई।




# भारत ने द. अफ्रीका को 101 रन से हराया

## टी-20 : 74 रन ही बना सका साउथ अफ्रीका, हार्दिक की फिफ्टी; बुमराह के 100 विकेट पूरे



एजेंसी

कटक। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 101 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने नौवीं बार कोई टी-20 मैच में 100 रन या इससे ज्यादा के अंतर से जीता है। मंगलवार को कटक के बाराबाती स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी के दम पर 6 विकेट खोकर 175 रन बना लिए। जवाब में मेहमान टीम 74 रन बनाकर ही सिमट गई। यह टी-20 इंटरनेशनल में साउथ अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर हैं। हार्दिक ने 28 गेंद पर 6 चौके और 4 छक्के लगाकर 59 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 26 और अक्षर पटेल ने 23 रन की पारी खेली।

साउथ अफ्रीका से लुंगी एनगिडी को 3 और लुथो सिपामला को 2 विकेट मिले। बैटिंग में टीम के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। 7 प्लेयर्स 10 रन तक भी नहीं पहुंच सके। भारत से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को 1-1 विकेट मिला। बुमराह ने टी-20 इंटरनेशनल में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए। वहीं हार्दिक ने 100 छक्के पूरे किए, गेंदबाजी में उनके नाम भी 99 विकेट हो गए। भारत ने पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 176 रन का टारगेट दिया। कटक के बाराबाती स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 11.5 ओवर में 9 विकेट पर 73 रन बना लिए हैं। लुंगी एनगिडी क्रीज पर हैं। एनरिक नॉर्त्या (एक रन) को अक्षर पटेल ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने पावरप्ले के आखिरी ओवर में अक्षर पटेल ने ऐडन मार्करम (14 रन) को बोल्ड कर दिया। जसप्रीत बुमराह ने केशव महाराज (जीरो) और डेवॉल्ड ब्रेविस (22 रन) को एक ही ओवर में आउट किया। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट भी पूरे कर लिए। पंड्या की फिफ्टी, 100 छक्के भी पूरे टीम इंडिया की ओर से हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा 59 रन (28 बॉल) बनाए। उन्होंने 25 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने टी-20 इंटरनेशनल में 100 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। पंड्या के अलावा, तिलक वर्मा ने 26 और अक्षर पटेल ने 23 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 17 और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 12 रन का योगदान दिया। एनगिडी ने 3 विकेट झटके साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट चटकाए। लूथो सिपामला को 2 विकेट मिला। एक विकेट डोनोवन फरेरा के हिस्से आया। जसप्रीत बुमराह ने 10वें ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बॉल पर डेवाल्ड ब्रेविस को सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। फिर केशव महाराज को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया।



10वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर वरुण चक्रवर्ती ने मार्को यानसन को बोल्ड कर दिया। चक्रवर्ती को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने अपने पिछले ओवर में डोनेवान फरेरा को कैच आउट कराया था। 8वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट भी गंवाया। यहां पर डोनेवान फरेरा 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विकेटकीपर जितेश शर्मा ने कैच किया। वरुण ने इस ओवर में कोई रन खर्च नहीं किया। 7वां ओवर लेकर आए हार्दिक पंड्या ने पहली ही बॉल पर विकेट झटका। उन्होंने डेविड मिलर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया।

इसी ओवर में अफ्रीकी टीम ने 50 रन का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। 176 रन चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने छठे ओवर में तीसरा विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड कर दिया। अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डी कॉक (जीरो) और ट्रिस्टन स्टब्स (14 रन) को पवेलियन भेजा। तीसरा ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने लगातार दूसरे ओवर के विकेट लिया। उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। स्टब्स 14 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह ने पारी के पहले ओवर में डी कॉक को पवेलियन भेजा था। पारी का दूसरा ओवर जसप्रीत बुमराह लेकर आए।

## आईपीएल : 240 भारतीय की 16 को होगी नीलामी, डिकॉक भी शामिल

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। हाल ही में वनडे में संन्यास से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का नाम भी अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये है। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। स्मिथ आखिरी बार 2021 में आईपीएल में खेले थे।

आईपीएल की एक विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों की नीलामी के लिए कुल 1390 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इसे बाद में घटाकर 1005 पर दिया गया था। इन खिलाड़ियों में से ही अंतिम 350 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है। आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी टीमें इन 350 खिलाड़ियों में से ही बाकी बचे 77 स्थान को भरेंगे।

नीलामी में खिलाड़ियों के पहले सेट में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी साव और सरफराज खान शामिल हैं। इन दोनों ने अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपये रखा है। साव 2018 से 2024 तक आईपीएल में खेले थे, लेकिन पिछली बार नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। सरफ़राज़ 2021 के बाद से इस प्रतियोगिता में नहीं खेले हैं। आईपीएल द्वारा साझा की गई सूची में दो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड



मिलर भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज किए गए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने अपना आधार मूल्य दो करोड़ रुपये रखा है। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी नीलामी की अंतिम सूची में शामिल हैं। तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ रुपये की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है जिसके पास 43.4 करोड़ रुपये की धनराशि बची है। एक बार आईपीएल खिताब जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ रुपये के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है। नीलामी की अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ, तेज गेंदबाज गस एटकिंसन, लियाम लिविंगस्टोन और टेस्ट सलामी बल्लेबाज बेन डकेट शामिल हैं। इस नीलामी में ग्रीन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के कुल 19 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं।

## संक्षेप

### डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स को हराया

दुबई। सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है। इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया। अज़मतुल्लाह उमरज़ई ने जायंट्स के लिए चार विकेट लिए। गल्फ जायंट्स ने आक्रामक शुरुआत की। उसकी तरफ से पथुम निसांका (29 गेंदों पर 56 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (31 गेंदों पर 41 रन) ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 73 रन जोड़े। उनके अलावा जेम्स विंस ने 22 गेंदों पर 25 रन और उमरजई ने 13 गेंदों पर 20 रन का योगदान दिया।

### जमशेदपुर में ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग का आयोजन

जमशेदपुर। भारतीय फुटबॉल में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत रविवार को एक विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल कर ली गईं। यह टूर्नामेंट जमशेदपुर सुपर लीग का एक हिस्सा है, जिसमें आयु-वर्ग लीग जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी होती हैं। जमशेदपुर एफटी ने ट्रांसजेंडर लीग के शुरुआती दिन उद्घाटन मैच में चाईबासा एफसी को 7-0 से जबकि कोल्हान टाइगर एफसी ने चक्रधरपुर एफसी को 3-0 से हराया। जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी और नोआमुंडी एफसी के बीच मैच गोलरहित ड्रॉ खेला गया।

## कोलकाता दौड़ में ओलंपिक और विश्व चैंपियन सहित 23000 धावक लेंगे भाग

एजेंसी

कोलकाता। दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23000 से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे।

युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार ।:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है। इस दौड़ की कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के



विजेताओं के लिए बराबर की पुरस्कार राशि रखी गई है।

शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15,000 डॉलर, 10,000 डॉलर और 7,000 डॉलर का इनाम मिलेगा। प्रतियोगिता का नया रिकार्ड बनाने वाले खिलाड़ियों को 5,000 डॉलर का अतिरिक्त बोनस भी मिलेगा। चेप्टेगी (29 वर्ष) ने 10,000 मीटर में लगातार तीन विश्व खिताब जीते हैं और उनके नाम चार विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं।

## एसपीएल प्रीमियर लीग 2025 का आरम्भ

लखनऊ। सिंधी समाज के युवाओं को मंच देने के लिए लगातार कई साल से हो रहे प्रतिष्ठित टूनार्मेंट सिंधी प्रीमियर लीग के आयोजन की किक ऑफ सेरेमनी आज हुई। इसी क्रम में बाबा साई मोहन लाल जी ने अपनी पावन उपस्थिति में इस शानदार आयोजन के शुरूआत की । उन्होंने सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) नेशनल लेवल 2025 की कोर टीम के साथ लीग के ग्रुप्स ड्रा करवाया और टूनार्मेंट के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। लीग के संयोजक सतेंद्र भवनानी ने बताया कि हर बार की भांति इस वर्ष भी यह लीग आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर के मैदान में खेली जाएगी, जहां इसका आयोजन आगामी 17 से 21 दिसंबर 2025 तक होगा। इस बार लीग में लखनऊ और पूरे देशभर की कुल 16 टीमें विजेता ट्रॉफी के लिए मैदान में उतरेंगी। वहीं सभी मुकाबले रोमांचक नॉकआउट फार्मेट मे खेले जाएंगे।

## विश्व कप : अर्जेंटीना व भारत आमने-सामने

एजेंसी

चेन्नई। जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिये बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी तो नौ साल बाद पदक जीतने के लिये उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा। पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी।

भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालम्पुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊमें जीता था। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके भारतीय टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश को बखूबी पता है कि यह पदक उनकी टीम के लिये कितना जरूरी है लेकिन उन्हें यह भी अहसास है कि सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनटों में गोल गंवाकर 1-2 से हारी अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर



नहीं आंका जा सकता। दो बार की चैम्पियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था। राउंड रॉबिन चरण में शानदार फॉर्म में रही भारतीय टीम ने 29 गोल किये थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिल सकी थी।

क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद तीन मिनट के भीतर कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी के गोलों के दम पर भारत ने बढत बना ली लेकिन आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते गोल गंवाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में जाने दिया। शूटआउट में हालांकि भारत ने जीत दर्ज की लेकिन मैच निर्धारित समय के भीतर ही खत्म हो सकता था।

इसके बाद पिछली चैम्पियन जर्मनी के सामने तो डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया और फॉरवर्ड पंक्ति गोल करने के मौके ही नहीं बना सकी। पूरे मैच में भारत को एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर मिला जबकि जर्मन टीम ने वन टच यूरोपीय हॉकी खेलकर दबाव बनाये रखा। कोच श्रीजेश ने कहा था , हमें अपने खेल पर नियंत्रण रखना सीखना होगा और बड़ी टीमों को इतने मौके देने से बचना होगा।

## तेंदुलकर ने ईरानी के जज्बे को किया याद

मुंबई। सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को पूर्व भारतीय खिलाड़ी गुरशरण सिंह के उस जज्बे को याद किया जिसमें वह 1989-90 में दिल्ली के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत के लिए हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आये ताकि मास्टर ब्लास्टर अपना शतक पूरा कर सके। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने शेष भारत को 309 रनों से हरा दिया था। इस मैच में टीम के लिए सिर्फ तेंदुलकर ही डट कर बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने नाबाद 103 रन की पारी खेली जबकि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन 41 रनों के साथ दूसरे सर्वोच्च स्कोरर थे। शेष भारत की टीम ने 554 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रनों पर नौ विकेट गंवा दिए थे। भारत, दिल्ली और पंजाब के पूर्व खिलाड़ी गुरशरण इसके बाद हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और तेंदुलकर का साथ दिया। दोनों ने अंतिम विकेट के लिए 36 रन जोड़े। तेंदुलकर का शतक पूरा होने के बाद गुरशरण रिटायर आउट हो गये। इस तरह शेष भारत की दूसरी पारी 245 रन पर सिमटी। तेंदुलकर ने यहां एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के एक कार्यक्रम में कहा, जैसा कि कहा जाता है, वादे निभाने के लिए होते हैं।

## विश्व कप की यादगार चीजें नीलामी के लिए मांगी

एजेंसी



कोलकाता। अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। जी.ओ.ए.टी. इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर सतादरू दत्ता ने मंगलवार को पीटीआई को बताया कि मेस्सी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे। दत्ता ने बताया कि यह धर्मार्थ फैशन शो होगा। इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेस्सी से औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा। कोलकाता चरण में मेस्सी की अब तक की सबसे बड़ी 70 फीट की प्रतिमा का अनावरण सुरक्षा कारणों से टीम होटल से वर्चुअली किया जाएगा। कोलकाता पुलिस के एक सूत्र ने बताया, पुलिस ने स्वीकृति नहीं दी है इसलिए वह होटल से (अनावरण) करेंगे। यह सुबह वर्चुअली किया जाएगा। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेस्सी अनावरण के लिए पहले स्वयं श्रीभूमि जाने वाले थे। कोलकाता पुलिस के सूत्र ने पुष्टि की कि मेस्सी शनिवार तड़के डेढ़ बजे शहर में पहुंचेंगे और ईएम बाईपास पर एक पांच सितारा होटल में रुकेंगे। प्रायोजकों के लिए विशेष मीट-एंड-ग्रीट कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक बजे तक चलेगा। मेस्सी के मेट (अर्जेंटीना हर्बल चाय) के लिए प्यार को ध्यान में रखते हुए एक खास अर्जेंटीना-भारतीय फ्यूजन फूड फेस्टिवल भी होगा। दुर्गा पूजा सत्र के लिए तैयार किया गया मेस्सी का 25 गुणा 20 फीट का भित्ति चित्र भी सॉल्ट लेक स्टेडियम में इस दिग्गज को सौंपा जाएगा। कोलकाता में होने वाले कार्यक्रम में 70 हजार से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। दत्ता ने कहा, दर्शकों के लिए 75 हजार सीटें उपलब्ध हैं। बहुत अधिक मांग है और हमने मंगलवार से काउंटर पर बिक्री शुरू कर दी है। मीट-एंड-ग्रीट कार्यक्रम के बाद मेस्सी सॉल्ट लेक स्टेडियम जाएंगे और दोपहर दो बजे हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।

❍ मेस्सी और सुआरेज मुंबई में रैंप पर साथ चलेंगे

कोच्चि में प्रस्तावित मैत्री मैच रद्द होने के बाद आयोजकों ने हैदराबाद को दौरे में शामिल किया है। मेस्सी शाम सात बजे हैदराबाद के उप्पल में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद जीओएटी कप के दौरान मौजूदगी रहेंगे जिसे तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का समर्थन हासिल है। हैदराबाद में 7 बनाम 7 सेलीब्रिटी मुकाबला, युवा प्रतिभाओं की पहचान के लिए मास्टरक्लास, पेनल्टी शूटआउट और म्यूजिकल कंसर्ट होगा।

## कार्लोस अल्काराज ने मियामी में प्रदर्शनी मैच में बिखेरा जलवा

मियामी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने यहां मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा। यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था। अल्काराज और पेगुला ने मिश्रित युगल में 10 अंकों के टाइब्रेकर में अनिसिमोवा और फोन्सेका को हराया।

## हैंडबॉल : पुरुष टीम ने जीता कांस्य

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की महिला टीम ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में घरेलू मैदान पर बीएसएफ के खिलाफ 18-17 की रोमांचक जीत से फाइनल में जगह बना ली। वहीं पुरुष टीम रोमांचक सेमीफाइनल में हार के चलते कांस्य पदक जीत सकी। । महिला वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश की टक्कर हिमाचल प्रदेश से होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल को

❍ उत्तर प्रदेश की महिलाएं फाइनल में

हराया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश ने संघर्षपूर्ण सेमीफाइनल में बीएसएफ को 18-17 से हराया। अंतिम क्षणों तक रोमांच से भरे मुकाबले ने दर्शकों को सीटों पर जकड़कर रखा, और आखिरी बाजी उत्तर प्रदेश ने सिर्फ एक गोल की बढ़त से अपने नाम कर ली।



कम स्कोर के इस मैच में मेजबान ने मध्यांतर तक 7-6 से मामूली बढ़त हासिल कर ली और दोनों ही टीमों की खिलाड़ियों ने खासी तेजी का प्रदर्शन किया। मेजबान की जीत में खुशबू एक बार फिर स्टार बनीं जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी के ऊपर 7 गोल दागे।

उनका साथ देते हुए सुमन ने 4 व कनीज ने 2 गोल किए जबकि आराधना, राजपति, समृद्धि ने एक-एक गोल करने में सफलता हासिल की। बीएसएफ की ओर से मंजिल ने खासी आक्रामकता दिखाई और अकेले 13 गोल दागे लेकिन टीम जीत से दूर रह गयी। इस वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को आसानी से 18-8 से एकतरफा मात दी। हिमाचल प्रदेश ने शुरू से ही अपनी पकड़ मजबूत करते हुए मध्यांतर तक 12-3 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। हिमाचल प्रदेश की ओर से शालिनी ने अकेले पांच गोल दागे। उनका साथ देते हुए भावना ने 4, प्रियंका ने 3 जबकि

❍ 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप

मिताली व शिवानी ने 2-2 गोल किए, कृतिका व शिक्षा ने एक-एक गोल साझा किए। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल से मौनिता ने 3 व मौनिता द्वितीय ने 2 जबकि मनीषा, अनीशा व बिथिका ने 1-1 गोल किए। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल व बीएसएएफ ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक साझा किया। पुरुष वर्ग का फाइनल पंजाब व राजस्थान के बीच खेला जाएगा जबकि मेजबान उत्तर प्रदेश व सीआरपीएफ ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

# वंदे मातरम के दो टुकड़े न होते तो नहीं बंटता देश

## अमर कृति भारत माता के प्रति समर्पण, भक्ति और कर्तव्य के भाव जागृत करने वाली है

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के दो टुकड़े न किए जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। शाह ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा में भाग लेते हुए उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेंगे कि वंदे मातरम का देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस विषय पर कुछ लोगों ने यह प्रश्न उठाया था कि आज वंदे मातरम् पर चर्चा क्यों होनी चाहिए। शाह ने कहा कि यह अमर कृति भारत माता के प्रति समर्पण, भक्ति और कर्तव्य के भाव जागृत करने वाली कृति है।

गृह मंत्री ने कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस चर्चा को पश्चिम बंगाल में होने जा रहे चुनाव से जोड़ कर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग राष्ट्रीय गीत के महिमामंडन को बंगाल चुनाव से जोड़कर कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम् की 1937 में स्वर्ण जयंती हुई तो जवाहरलाल नेहरू ने उसके दो टुकड़े कर उसे दो अंतरों तक सीमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसी



समय तुष्टिकरण की शुरुआत हुई जिसकी परिणति बाद में जाकर देश के विभाजन के रूप में हुई। शाह ने कहा, मेरे जैसे कई लोगों का मानना है, भले ही यह बात कांग्रेस को पसंद आए या नहीं आये, वंदे मातरम् के दो टुकड़े तुष्टिकरण की नीति के तहत नहीं किए जाते तो देश का बंटवारा नहीं होता। देश आज पूरा होता। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् लिखे जाने के जब 100 साल पूरे हुए तो उस समय देश में आपातकाल लगा दिया गया था और इसे बोलने वालों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जेल में डाल दिया था। गृह मंत्री ने कहा कि जब वंदे मातरम् लिखे जाने के 150 वर्ष होने पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई तो जिस कांग्रेस के अधिवेशन की शुरुआत में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय गीत स्वयं गाते थे, उसी कांग्रेस से जुड़े गांधी परिवार के दोनों सदस्य लोकसभा में इसकी चर्चा के दौरान नदारद थे।

उन्होंने कहा, वंदे मातरम् का विरोध जवाहरलाल नेहरू से लेकर आज के कांग्रेस के नेतृत्व तक, कांग्रेस के खून में बसा है। शाह ने प्रियंका गांधी का नाम लिये बिना कहा कि लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस की एक प्रमुख नेत्री ने कहा था कि आज वंदे मातरम् पर चर्चा कराने की कोई जरूरत नहीं है। लोकसभा में सोमवार को इस विषय पर हुई चर्चा में कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सांसदों ने इस मुद्दे पर इस समय चर्चा कराये जाने की जरूरत पर प्रश्न उठाये थे। शाह ने कहा कि यह बात अवश्य है कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस रचना को बंगाल में रचा था किंतु यह रचना न केवल पूरे देश में बल्कि दुनिया भर में आजादी की लड़ाई लड़ रहे लोगों के बीच फैल गयी थी। उन्होंने कहा कि आज भी कोई व्यक्ति यदि सीमा पर देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देता है तो यही नारा लगाता है। उन्होंने कहा कि आज भी जब कोई पुलिसकर्मी देश के लिए अपनी जान देता है तो प्राण देते समय उसके मुंह में एक ही बात होती है, वंदे मातरम। गृह मंत्री ने कहा कि कल लोकसभा में कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने वंदे मातरम् पर चर्चा को एक राजनीतिक हथकंडा और मुद्दों से ध्यान भटकाने का हथियार बताया था।

# वंदे मातरम के पहले दो छंदों के इस्तेमाल का फैसला सिर्फ नेहरू का नहीं था : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेताओं पर जवाहरलाल नेहरू का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वंदे मातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाने का निर्णय केवल नेहरू का नहीं था, बल्कि यह निर्णय महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर और अन्य नेताओं की सहमति से लिया गया था। वंदे मातरम की रचना के 150 साल पूरा होने पर उच्च सदन में हो रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस पर बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित इस गीत को बांटने का आरोप लगाया, लेकिन कांग्रेस नेता हमेशा से वंदे मातरम् का उद्घोष करते रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस पर यह आरोप लगाने के बाद कि केवल दो छंदों को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाने के पीछे तुष्टीकरण की राजनीति थी, खरगे ने अपने भाषण की शुरुआत वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए की। खरगे ने कहा, हम हमेशा से वंदे मातरम् गा रहे हैं। लेकिन जिन्होंने इसे नहीं गाया, वे अब गा रहे हैं। यह वंदे मातरम् की शक्ति है। यह राष्ट्रीय उत्सव है, बहस नहीं। जब 1921 में असहयोग आंदोलन शुरू हुआ, तब कांग्रेस सदस्य जेल जाते समय वंदे मातरम गा रहे थे आप तब क्या कर रहे थे? आप ब्रिटिशों के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया, आप हमें देशभक्ति सिखा रहे हैं? आप देशभक्ति से डरते थे और ब्रिटिशों की सेवा कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री, नेहरू जी का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। मैंने साफ सुना कि प्रधानमंत्री ने छंद हटाने का दोष नेहरू पर डाला। खरगे ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति ने जब इस निर्णय को मंजूरी दी तब महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, मदन मोहन मालवीय और आचार्य जेबी कृपलानी मौजूद थे।

## संक्षेप

### सिद्धरमैया ने एमएसपी पर पीएम को लिखा पत्र

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दो केंद्रीय एजेंसियों के जरिये अरहर दाल की एमएसपी पर खरीद के लिए तुरंत मंजूरी देने का आग्रह किया है। उन्होंने राज्य के प्रमुख खरीद केंद्रों पर इनके संचालन की व्यवस्था शीघ्र प्रभाव से कराने का भी आग्रह किया है ताकि फसल की अधिकतम आमद शुरू होने से पहले ही खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर किसी भी प्रकार की देरी से किसानों में असंतोष पनप सकता है और कीमतों में गिरावट हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी को आठ दिसंबर को लिखे और मंगलवार को मीडिया के साथ साझा किए गए एक पत्र में सिद्धरमैया ने याद दिलाया कि कर्नाटक सरकार ने पहले ही राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के माध्यम से अरहर दाल की एमएसपी आधारित खरीद के लिए तत्काल मंजूरी को लेकर एक औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा,हालांकि, हम अभी भी केंद्र सरकार के जवाब का इंतज़ार कर रहे हैं, जबकि बाज़ार में आवक तेज़ी से बढ़ रही है। पत्र में, सिद्धरमैया ने कहा कि चालू खरीफ़ सीज़न (2025-26) के दौरान, कर्नाटक में लगभग 16.80 लाख हेक्टेयर में अरहर दाल की फसल बोई गई है।

# पाकिस्तान में न्यायाधीश के कक्ष से दो सेब चोरी, प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में एक सत्र न्यायालय के न्यायाधीश के कक्ष से दो सेब और एक हैंड वॉश की बोतल चोरी होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लाहौर के इस्लामपुरा पुलिस थाने में न्यायाधीश के कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने न्यायाधीश के निर्देश पर शिकायत दर्ज कराई है। प्राथमिकी के मुताबिक पांच दिसंबर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नूर मुहम्मद बसमल के कक्ष से दो सेब और एक हैंडवाश की बोतल चोरी हो गई। इसमें कहा गया है, चोरी गई वस्तुओं की कुल कीमत 1,000 पाकिस्तानी रुपये बताई गई है। लाहौर पुलिस ने पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 380 के तहत मामला दर्ज किया है, जो चोरी से संबंधित है। इस धारा के तहत, दोषी पाए गए अपराधी को सात साल तक कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

# क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है अमेरिका : रुबियो

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा।

क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा, हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे। ऑस्ट्रेलिया अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट



हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा।

विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था। रुबियो ने कहा जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं। हम आने वाले साल में इस सहयोग को और आगे बढ़ाएंगे तथा ऐसी और बैठकों की उम्मीद करते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, रुबियो और वोंग ने 21 जनवरी को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए मुलाकात की थी।

# फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को मिलेगा पैसा

एजेंसी



नयी दिल्ली। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल में महाराष्ट्र में मानसून की भारी बारिश और बाढ़ के कारण फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर मंगलवार को आश्वासन दिया कि क्षति के आकलन के आधार पर किसानों को राशि दी जाएगी। उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान शिवसेना के भुमारे एस. आसाराम के प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही। चौहान ने कहा कि नुकसान के आकलन में क्रॉप कटिंग एक्सपेरीमेंट होगा, या यदि राज्य ने मौसम आधारित फसल बीमा योजना अपनाई है तो उसके आधार पर आकलन कर किसानों के खाते में पैसा डाला जाएगा।

उन्होंने कहा मैं खुद भी महाराष्ट्र होकर आया हूं। फसलों को जितना नुकसान हुआ है, आकलन के आधार पर जो राशि होगी, केंद्र सरकार फसल बीमा योजना के अंतर्गत दिलाएगी और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिकिया कोष) के तहत भी हम राज्य को राशि देने वाले हैं। महाराष्ट्र सरकार का प्रतिवेदन आ गया है, उसके आधार पर राज्य सरकार को सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्री ने एक और सदस्य के प्रश्न के जवाब में कहा कि वर्ष 2024-25 में फसलों का रिकार्ड उत्पादन हुआ है। उन्होंने महाराष्ट्र में प्रभावित किसानों को पूरी सहायता देने का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य में जो भी नुकसान हुआ है, उसकी प्रारंभिक भरपाई वहां की सरकार कर रही है और राज्य को राशि भी उपलब्ध कराई गई है।

चौहान ने कांग्रेस सदस्य श्रेयस एम पटेल के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि तमिलनाडु के कोयंबटूर में नारियल की फसल को कीटों के कारण हुए नुकसान का आकलन किया गया है। उन्होंने सदन को बताया कि विशेषज्ञों की एक टीम भी भेजी गई। मंत्री ने आश्वासन दिया, अगर कीटनाशकों के कारण यह नुकसान हुआ है तो मैं नुकसान की भरपाई कराऊंगा।

# वोट चोरी राष्ट्र विरोधी कृत्य : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को वोट चोरी को सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य करार दिया और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निर्वाचन आयोग पर

**❍ भाजपा इसके जरिये आइडिया ऑफ इंडिया को नष्ट कर रही है**

कब्जा करके इस कृत्य को अंजाम देते हुए आइडिया ऑफ इंडिया (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रही है। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान वर्ष 2023 के निर्वाचन कानून का उल्लेख करते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इस कानून में पूर्वव्यापी प्रभाव से संशोधन किया जाएगा तथा चुनाव आयुक्तों को कठघरे में



लिया जाएगा। उनका यह भी कहना था कि वर्ष 2023 के इस कानून को बदलने की जरूरत है क्योंकि यह निर्वाचन आयुक्तों को यह ताकत देता है कि वे जो चाहें करें। उन्होंने कहा कि इसकी चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई जानी चाहिए, मतदान के समय की सीसीटीवी फुटेज दी जानी चाहिए तथा ईवीएम संरचना के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। राहुल गांधी ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया। राहुल गांधी ने कहा, हम सिर्फ सबसे बड़े लोकतंत्र नहीं हैं, बल्कि हम सबसे महान लोकतंत्र भी हैं।

# सूडानी मिलिशिया नेता को 20 साल की सजा

द हेग। अंतरराष्ट्रीय आपराध न्यायालय ने मंगलवार को खूंखार सूडानी जंजावीद मिलिशिया के एक नेता को 20 साल से भी अधिक समय पहले दारफुर में हुए विनाशकारी संघर्ष के दौरान किए गए युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पिछले महीने एक सुनवाई में अभियोजकों ने अली मुहम्मद अली अब्द-अल-रहमान को आजीवन कारावास की सजा देने का अनुरोध किया था। अली मुहम्मद को अक्टूबर में युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के 27 मामलों में दोषी ठहराया गया था।

## इंटरटेनमेंट...

# बॉर्डर 2 से अहान शेट्टी का फर्स्ट-लुक जारी

**मुंबई।** फिल्म बॉर्डर 2 से अहान शेट्टी का फर्स्ट-लुक मंगलवार को जारी किया गया। इसमें वह एक नेवी ऑफिसर के किरदार में नजर आ रहे हैं और काफी दमदार लग रहे हैं। उनके लुक को देखकर लोग उनकी तुलना सुनील शेट्टी से भी कर रहे हैं, जिन्होंने पहले बॉर्डर में अहम किरदार निभाया था। मेकर्स की

**❍ टैंक गन थामे नेवी ऑफिसर लुक में नजर आए, लोगों ने की सुनील शेट्टी से तुलना**

ओर से जारी किए गए पोस्टर में अहान शेट्टी को युद्ध के बीच में दिखाया गया है। उनके चेहरे पर खून के निशान हैं और उनकी आंखों में दृढ़ता झलक रही है, साथ ही अहान के हाथों में टैंक की गन है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, लहरों से भी मजबूत। तूफान से भी भयानक। इसके साथ ही बताया गया है कि यह फिल्म अगले साल 2026 में 23 जनवरी को रिलीज होगी। वहीं, इस पोस्टर पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा, क्या कमाल का



फर्स्ट लुक पोस्टर है अहान की असली एंट्री तो अब होने जा रही है बॉलीवुड में। दूसरे ने लिखा है, अहान शेट्टी अपने पापा सुनील शेट्टी की तरह ही नजर आ रहा है। ऐसा लग रहा है कि बॉर्डर 2 में अहान नहीं बल्कि अन्ना सुनील शेट्टी ही हैं।

बॉर्डर-2 क्लासिक बॉर्डर (1997) का सीक्वल है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में एयरफोर्स, ग्राउंड बैटल और बड़े पैमाने की वॉर सीक्वेंस शामिल हैं।

मेकर्स ने इसे देशभक्ति की भावना से जुड़ी सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बताया है। बॉर्डर-2 तब विवादों का केंद्र बन गई थी, जब फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने दिलजीत दोसांझ की कास्टिंग पर सवाल उठाया। एफडब्ल्यूआईसीई ने कहा था कि दिलजीत ने हाल ही में एक पाकिस्तानी अभिनेत्री के साथ प्रोजेक्ट किया था। संस्था का तर्क था कि पाकिस्तानी कलाकारों पर बैन के चलते भारतीय कलाकारों को उनके साथ किसी भी तरह के सहयोग से बचना चाहिए, क्योंकि बॉर्डर-2 एक देशभक्ति फिल्म है, इसलिए संगठन ने इसे राष्ट्रीय भावना के खिलाफ बताया। ऋहकउए ने मेकर्स को आधिकारिक पत्र भेजकर मांग की कि दिलजीत को फिल्म से हटाया जाए। मेकर्स की लिखित अपील स्वीकार की गई।

# धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन पर फैंस से मिले सनी

मुंबई। 8 दिसंबर को धर्मेंद्र का 90वां जन्मदिन था। इस मौके पर देओल परिवार ने अपने बंगले पर 'सेलिब्रेशन ऑफ लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां दिग्गज अभिनेता के फैंस भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान सनी देओल और बॉबी देओल ने सभी से मुलाकात की और हाथ जोड़कर उनका शुक्रिया अदा किया। फैंस धर्मेंद्र की बर्थ एनिवर्सरी पर फूल, उनकी तस्वीरें और फूलों के गुलदस्ते लेकर पहुंचे थे। कोई रो रहा था, तो कोई एक्टर के किस्से सुना रहा था। अपने पिता के लिए फैंस के बेशुमार प्यार को देखकर सनी देओल और बॉबी देओल काफी इमोशनल हो गए, जिसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# वी. शांताराम की बायोपिक से तमन्ना का लुक आया सामने

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की जिंदगी पर बन रही बायोग्राफिकल फिल्म वी. शांताराम की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी, शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। शांताराम भारतीय सिनेमा के

**❍ साड़ी में दिखीं एक्ट्रेस, फिल्म में निभा रही हैं फिल्ममेकर की पत्नी जयश्री का रोल**

जाने-माने फिल्ममेकर, समाज सुधारक और कलाकार थे। वहीं इस फिल्म में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, शांताराम की पत्नी और मशहूर एक्ट्रेस जयश्री के किरदार में नजर आएंगी। मंगलवार को फिल्म से जुड़ा नया



पोस्टर सामने आया है, जिसमें तमन्ना गुलाबी नौवारी साड़ी में दिख रही हैं। उनका लुक पुराने दौर की याद दिलाता है। जयश्री भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका थीं।

# धुरंधर में रहमान डकैत बनकर छाये अक्षय खन्ना

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी। यह फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है, बल्कि इसमें विलेन का किरदार निभाने वाले अभिनेता अक्षय खन्ना की भी जमकर तारीफ हो रही है। उनके डायलॉग डिलीवरी से लेकर डांस और एक्सप्रेशन्स तक की लोग



सराहना कर रहे हैं। यहां तक कि अब उनके लिए ऑस्कर अवॉर्ड तक की मांग की जा रही है। फिल्म निमार्ता और कोरियोग्राफर फराह खान ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक ओर अक्षय खन्ना 'रहमान डकैत' के रूप में नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी ओर वे तीस मार खां फिल्म में कॉमेडी करते दिखाई दे रहे हैं। कैप्शन में फराह खान ने लिखा, अक्षय खन्ना आप सच में ऑस्कर डिजर्व करते हैं। सिर्फ फराह खान ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी अक्षय खन्ना के लिए ऑस्कर दिलाने की मांग की जा रही है। एक यूजर ने एक्स पर लिखा, अक्षय खन्ना साहब से बाहर नहीं निकल पा रहा हूं। इस आदमी की वजह से फिर से देखूंगा। धुरंधर में अक्षय खन्ना देखने लायक है। शुक्रिया आदित्य धर।' बता दें, फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना रहमान डकैत का किरदार निभा रहे हैं। उनके किरदार को और भी दमदार बनाने के लिए एक खास अरबी गाना भी फिल्माया गया है। इस गाने में उनका डांस, उनके एक्सप्रेशंस और उनका पूरा अंदाज दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। यही वजह है कि अब इस गाने की तुलना फिल्म एनिमल के गाने जमाल कुडू से की जा रही है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com